राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला


प्रधान सम्पादक—फतहसिंह, एम. ए., डी. लिट्.

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ८७

सचित्र मधुमालती कथा

(चतुर्भुजदासकृत)



प्रकाशक

राजस्थान राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक – फतहसिंह, एम. ए., डी. लिट्

[निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ८७

सचित्र मधुमालती कथा

(चतुर्भुजदासकृत)

प्रकाशक

राजस्थान राज्य संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यत: अखिल भारतीय तथा विशेषत: राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

फतहसिंह, एम. ए., डी. लिट्
निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

ग्रन्थाङ्क ८७

सचित्र मधुमालती कथा

(चतुर्भुजदासकृत)

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

सचित्र मधुमालती कथा

(शोधपूर्णभूमिकासहित)

भूमिकालेखक

फतहसिंह, एम. ए., डी. लिट्

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

प्रकाशनकर्त्ता

राजस्थान राज्य संस्थापित

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०२४ | भारतराष्ट्रिय शकाब्द | खिस्ताब्द १९६७
प्रथमावृत्ति १००० | १८८९ | मूल्य १८.७५

मुद्रक – वसन्त प्रिन्टिङ्ग प्रेस, अहमदाबाद तथा श्रीहरिप्रसाद पारीक, साधना प्रेस, जोधपुर

शुद्धि - पत्र

भूमिका—

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ-पंक्ति
०निःशल्थं	०निःशल्यं	४–१३
समस्याएं मीमांसा-साहित्य	समस्याओं की मीमांसा, साहित्य (विशेषतः प्रेमाख्यान)	५–३
(प्रेम) में ही दिया	(प्रेम) में हो दिव्य	६–२७
जो रूपाश्रित	जो रूपाश्रित काम	११–१३
है इसीलिये	है । इसीलिये	११–२२
शकुन्तला-प्रत्याख्या न	शकुन्तला-प्रत्याख्यान	११–२३
गया है वह	गया है । वह	१२–१

मधु-मालती-कथा—

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ-पंक्ति
माप (साइज)+	माप (साइज) ×	सभी पत्रों में
चित्र संख्या-५; सूचीपत्राङ्क १२६	चित्रसंख्या-५; सूचीपत्राङ्क १२५.	१२५ वें पत्र पर लगे चित्र में

सचित्र मधु-मालती-कथा

विषयानुक्रम

		पृष्ठ
१.	संकलित मधुमालती-कथानुक्रम	६
२.	प्रतिकथागत-प्रसङ्गवर्णनसूची	१–३
३.	लिपिकारादि-सूची	४
४.	चित्रसूची	१–४
५.	सञ्चालकीय	१–२
६.	भूमिका	१–३०
७.	मधु-मालती-कथा	१–२४२

संकलित मधु-मालती-कथानुक्रम

क्रमाङ्क	परिग्रहणाङ्क	पृष्ठाङ्क
१.	१५७८(२)	१ – १४
२.	५०७८	१५ – ४५
३.	५०७९	४६ – ५९
४.	५०८०	६० – ८५
५.	५४५७	८६ – ९५
६.	९२७२	९६ – १०५
७.	१०२५८	१०६ – ११६
८.	१०४७७	११७ – १२०
९.	१०७००	१२१ – १३१
१०.	१०८३५	१३२ – १४१
११.	११६०८	१४२ – १५२
१२.	११६३३	१५३ – १९४
१३.	१२२३०	१९५ – २१०
१४.	१२३०१	२११ – २३२
१५.	१७४६१	२३३ – २३८
१६.	११५९४	२३९ – २४०
१७.	११५९५	२४१ – ४४२

मधुमालतीकथान्तर्गत प्रतिक्रमाङ्कानुसार

प्रसङ्गवर्णन-सूची

प्रसङ्ग	जिन जिन प्रतियों में उल्लिखित प्रसङ्ग वर्णित हैं, उन प्रतियों के क्रमाङ्क
१. लीलावती-राजलोक-वर्णन	१, २, ४, ६, ७, ९, १२, १३, १५।
२. मधु-मालती-परिचय	१, २, ३, ४, ६, ७, ९, १२, १३, १५।
३. रामसरोवरवर्णन	१, २, ३, ४, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
४. मधु-मालती का गुरुगृह में अध्ययन एवं प्रणयसंवाद	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
५. मृग-सिंहिनी का प्रेमाख्यान	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
६. वनचर-व्याघ्र-संवाद	१, ४, १२, १४, १५।
७. काक-उलूक-संवाद	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
८. टिट्टिभ-टिट्टिभी (टीटोड़ा-टीटोड़ी)-संवाद	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
९. काक द्वारा सर्पमारण	१, २, ४, ७, १२, १४।
१०. शशक-सिंह-कथा	१, ४, १२, १४।
११. श्रीकृष्ण-चन्द्रावली प्रसङ्ग	१, ५, १४।
१२. करण-पद्मावती-प्रसङ्ग	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
१३. विरहिणी मालती का भृंगी एवं चकवी के साथ वार्त्तालाप	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
१४. मालती-जैतमाल का वार्त्तालाप	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
१५. जैतमाल के सोलह शृंगारों का वर्णन	१, २, ४, ५, ६, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
१६. जैतमाल-मधु-वार्त्तालाप	१, २, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।
१७. काम-दहन	१, २, ३, ४, ५, ६, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५।

१८. जैत द्वारा मधु को पूर्वभवस्मारण	१; २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
१९. मुगल तथा तैलण का आख्यान	१, ५ ।
२०. जैतमाल-मालती-मधु-संवाद	१, २, ४, ६, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
२१. लोरक (लालन) साह की पत्नी मैना के सतीत्व का आख्यान	१, २, ३, ६, ८, ११, १२, १४, १५ ।
२२. मालती एवं जैतमाल के साथ मधु का वार्त्तालाप	१, २, ६, ७, ९, १०, १२, १४, १५ ।
२३. शुक-पिकी (कोयल) का प्रेमाख्यान	१, २, ३, ५, ६, १२ ।
२४. पारधी (व्याध) का प्रसङ्ग	१, २, ३, ८, ११ ।
२५. मधु-मालती का गान्धर्व-विवाह	१, २, ३, ४, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
२६. राजकुमार चन्द्र एवं रूपरेखा की प्रणयकथा	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
२७. मधु तथा भ्रमरों का राजसेना के साथ युद्ध	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
२८. मधु तथा राजदूत का वार्त्तालाप	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४ ।
२९. जैतमाल द्वारा मालती को धैर्यबंधन	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३ ।
३०. मालती द्वारा श्रीकृष्णस्तुति	१, २, ४, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३१. भारण्डपक्षी आदि वन्यजन्तुओं का राजसेना के साथ युद्ध	१, २, ४, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३२. चन्द्रसेन की निजमन्त्रियों से मन्त्रणा	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३३. भीम एवं हिडिम्बा का आख्यान	१, ५, १४, १५ ।
३४. भीम का सर्पराज वासुकि से युद्ध	१, ५, १४ ।
३५. राजा चन्द्रसेन की मंत्री तारणसाह से मंत्रणा	१, २, ४, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३६. तारणसाह द्वारा युद्धविराम	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३७. उरगाना पथिक एवं सर्प का आख्यान	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
३८. मलयपुराधीश हरिदत्त के उदरस्थ एवं वनबम्बीस्थ सर्प का संवाद	१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ९, १० ११, १२, १३, १४, १५ ।
३९. राजा चन्द्रसेन की कनकमाल रानी से मंत्रणा	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२ १३, १४, १५ ।

४०. श्रीरामचन्द्र-अञ्जनी का संवाद	१, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
४१. मधु-मालती-विवाह	१, २, ३, ४, ५, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
४२. मधुकथित कामनिवास	१, २, ४, ५, ७, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५ ।
४३. कविकुलवर्णन	१, २, ४, ५, ७, ९, १०, १२, १३, १४ ।
४४. कथोपसंहार	१, २, ४, ५, ७, ९, १०, १२, १३, १४, १५
४५. इन्द्रायणलुब्ध शुकदृष्टान्त	१, ७, ९, ११, १२, १३, १५ ।
४६. हंस-वधिक-दृष्टान्त	२, ७, १२, १४ ।
४७. भारण्डपक्षिदृष्टान्त	३,
४८. टालोड़ी (गिलहरी)-कूर्म-प्रणयवार्त्ता	४, १२ ।
४९. शृगाल-मगर-संवाद	४, १२ ।
५०. सुदर्शनश्रेष्ठिशीलव्रतोपाख्यान	४, १२, १५, १६ ।
५१. सद्यःप्रसूत सिंहशिशु द्वारा गजमारण-दृष्टान्त	४, ९, ११, १२ ।
५२. उषा-अनिरुद्ध-कथा	४, १२ ।
५३. पिङ्गल रो समीयो (पिङ्गलक-दमनककथा)	५,
५४. यदुवंशकथा	७, ९, १०, ११, १२, १३ ।
५५. विप्र-सर्प-संवाद	१४,
५६. गौ-सिंह-संवाद	१४,
५७. मृग-कपोत-कथा	१५,

लिपिकारादि - सूची

प्रतिक्रम	लिपिकार	लिपिसमय	लिपिस्थान
१.	वनेचन्द	१८७७	सुभटपुर (मानसिंहशासित)
२.	मेता मोतीचन्द खेतसी	१८८१	पालणपुर
३.	०	१८ वीं	०
४.	०	१८ वीं	०
५.	गुरजी घनजी	१८६३	राजगढ़ (अझारा परगणा, मानिकपालशासित)
६.	०	१८ वीं	०
७.	०	१८ वीं	०
८.	०	१८ वीं	०
९.	नन्दकिसोर	१८३३	करौली
१०.	मथेन सीवराम (बीकानेरी)	१८४५	पाली
११.	०	१८ वीं	०
१२.	०	१९ वीं	०
१३.	०	१८५३	०
१४.	ऋष मांणकचंद	१९ वीं	०
१५.	साह मंगलराम चीरंजी संकर	१९१०	मडावरा (लछमणनगर)
१६.	०	१९ वीं	०
१७.	०	१९ वीं	०

चित्र - सूची

शीर्षक	पृष्ठांक
१. रामसरोवर तलाव पणिहारयाँ पाणी भरे०	५
२. मधु-मालती गुरुकनै भणे छै	५
३. मालती मधुरे फुल गेहद की मारी छै	५
४. करण-पदमावती परणै०	७
५. मालती रांमसरोवर बाग में रही०	७
६. महादेव कांमने जारची तिकी भाव छै	७
७. भीम देवलने बेठो तथा पूजा करे०	१०
८. उरगांनो सपने ले गंगा गयो	११
९. हनुमांन सिता लछमन श्रीरांमजी अंजीमाता के पगे लागा ति भाव छै	११
१०. गरुड़ अपने साथ में पक्षियों की फौज लेकर आगे बढ़ रहा है	२२
११. पद्मावती करण को कटाक्ष दृष्टि से देख रही है०	२४
१२. रामसरोवर के तट पर स्थित वृक्षों पर मधु गिलोल चला रहा है	२५
१३. भारण्ड पक्षी का दृश्य	२५
१४. मैना, रतना घर मे बैठी हैं। बाहर वृक्ष के नीचे राजकुमार खड़ा है	३०
१५. वनवृक्षावली का सुन्दरतम दृश्य०	३१
१६. पारधी के अत्यन्त क्षुधापीडित परिवार का कारुणिक दृश्य	३१
१७. बाग में सर्वप्रथम चंद-रूपरेखा का सहोपवेशन	३२
१८. कामासन में आबद्ध रूपरेखा द्वारा चंदकुंअर का सिंह की ओर ध्यानाकर्षण	३२
१९. मालती के सघन वृक्षों का दृश्य	३३
२०. मधु और मालती गुरुगृह में अध्ययन करते हुए परस्पर विलोकन करते हैं	४७
२१. मालती और मधु संलाप कर रहे हैं०	५०
२२. सुलतान मोरे पायक कहै सींघन प्रसुत की वात	५१
२३. पद्मावती और करण मौन बैठे हैं, दीवार के पीछे से उन्हें चंनरेषा देख रही है	५२
२४. सब पंषी पासे कोयल आयो, पंछी फोज	५३
२५. चित्र में—रोजा चंद्रसेन और मंत्री तारणशाह बैठे हुए बात कर रहे हैं	५३
२६. प्रसन्नता की प्रतिमूर्त्ति श्रीलक्ष्मीजी कमल पर बैठी हैं	५४
२७. जाती हुई सेना का दृश्य	५४
२८. उरगेनो घोड़ चढि चाल्यो	५५
२९. (उरगेने उडोक) पथिक उरगेना बेठा हुआ है	५५
३०. (दूत वीदा कीया) राजा तीन दूतों से बात कर रहा है	५८
३१. बारी मांझ कुंवर मधु देषे, ढीग ही जेत-मालती पेषै	५८

शीर्षक	पृष्ठांक
३२. राजा परदानह बुझ (राजा प्रधानों को पूछ रहे हैं)	६३
३३. (१) मधु मालती पढै छै	६३
(२) मधु के साथ सम्पृक्त हुई मालती (सूचीपत्राङ्क–८७)	६३
३४. (१) परसंग मालतीन गदकी दीनी	६३
(२) जतमालक पाया मालती लागी (सूचीपत्राङ्क ८७)	६३
३५. बाग में स्त्रियाँ ईश्वर-गौरी की पूजा कर रही हैं	७४
३६. हदलोटा म सख्या हीद छ (हिंडोले में सखियाँ झूलती हैं)	७४
३७. स्हाह सूली प्रर दीयो (साह को शूली पर दिया)	७५
३८. भसमासर सीवजीकी पुजन कर छ। कडो दीयो। सीवजी भाग	७७
३९. स्दासीवन काम्को प्र(य)ला। भसमी को पाळ भवर	७७
४०. ऊपर बैल का तथा नीचे हाथी का चित्र है	८०
४१. सैनिक तोपों से बाग को उजाड़ रहे हैं। मधु-मालती वृक्षों की कुञ्ज में बैठे हैं	८०
४२. [राजा को भगवती चंडी उपदेश दे रही है]	८१
४३. [राजा युद्ध से भागा और उसने मंत्रियों को बुलाया]	८१
४४. सायर रुप कीधो, इडा लीधा सो दीध, फोज पंपीरी आई	८८
४५. तेली पेमचंदनै मूगलको चाकर मारे दीधी, तेलण दूति देपै	८९
४६. तेली मूया भूतगत पायो, मूगल, दूति दोनु आय तेलणकुं ले गया	८९
४७. मातारा देवलमाहे भीम बैठो रापसने भीम मारची मात नै भाईनै छोडाया, जुध कीदो	९०
४८. सिव गोरी मंधू मालती की रीछया करै	९३
४९. राजा मंधू उपर दूजी फोज वदा किधी, भमर छूटा	९३
५०. अठे श्रीसिव-पारवतीरो पूजन मालती करे सो भाव	१०२
५१. अठे मालती पिलंग उपर सुती थी सो लडाईरो सोर सुंणने जागी, जेतमाल उर सुं लगाय लीनी सो भाव	१०३
५२. अठे श्रीठाकुरांरी असतुत मालती करे सो भाव	१०३
५३. मंत्री तारनसाह अपनी पत्नियों के साथ बैठे हैं और कुमार मधु खड़ा है	१०९
५४. मधु गुरु से पढ़ता है। राजा मंत्री से बात कर रहे हैं	१०९
५५. सिंहिनी और मृग एक साथ बैठे हैं	११०
५६. हरिण के रक्षणार्थ सिंहिनी सिंह के चरणों में अपना शिर रख रही है। मधु-मालती देख रहे हैं	११०
५७. जैतमाल और मधु बैठे हैं	११०
५८. मधु, मालती और जैतमाल बैठे बात कर रहे हैं	१११
५९. पद्मावती-करण का प्रेमालिङ्गन	१११
६०. एक तरफ से आती हुई फौज को देख मालती दौड़ कर मधु के गले लग रही है	११२
६१. राजा अपने दूतों को कुछ संकेत दे रहा है	११२

शीर्षक	पृष्ठांक
६२. रावसरोवर बाग का सुन्दर दृश्य	११२
६३. मधु-मालती पालखी में बैठ कर बड़ी सज-धज के साथ महल की ओर जा रहे हैं	११५
६४. ब्राह्मण मण्डप में जेतमाल तथा मालती के साथ मधु का विवाह करा रहा है	११५
६५. अठै मधु भणने घरां जावै मालती फैटो संभावी सो भाव	११६
६६. लालनसाहने मेना समाचार कयै, दुतीनै गढ्ढे चढाई	११६
६७. चंदकवर बैठो परधांनरी बेटीनु मुरछागत आई पर गई	११६
६८. मधुकुमार रामसरोवर पर गिलोल साधे खड़ा है। पनिहारियां उसे देख अपनी सुधि भूल गई हैं	१२४
६९. राजा चंद्रसेन मालती के अध्ययनार्थ रानी कनकमाल से मंत्रणा कर रहे हैं	१२५
७०. नन्द पुरोहित मालती एवं मधु को पढ़ा रहे हैं	१२५
७१. मालती पट-परेच को फाड़ कर फूल का गेंद मधु के ऊपर फेंक रही है	१२५
७२. वृक्षों पर बैठे हुए कौओं को घूघू (उलूक) मार रहे हैं	१२६
७३. करण-पद्मावती का विवाह-संस्कार	१२६
७४. सखी चंनरेखा पद्मावती की पीठ पर पिचकारी छोड़ रही है पद्मावती चौंक कर करण पर गिर रही है, और वह उसे थांम रहा है	१२७
७५. रामसरोवर के तट पर अपनी तीन सहेलियों के साथ खड़ी मालती मधु के आने की वाट जो रही है	१२७
७६. विलासरत चंद्रकुमार बाण द्वारा सम्मुखस्थ सिंह का हनन कर रहा है	१२८
७७. मधु मालती जेतमालती बैठा	१३८
७८. पायक (सैनिक) भागा; मधु मालती जेतमालती लडै	१३८
७९. राजा करण तोरण वंदै। पदमावती राजा करण परणै	१४४
८०. रामसरोवरै मालती-भृंगी-चकवी-संवाद	१४५
८१. मधु लडै, भगवान भीरै, गरुड भीरै, भारंड भीरै	१४८
८२. चैत्र शुक्ल ३ (गणगौरी) का त्यौहार मनाने के लिए बाग में स्त्रियां हिंडोले पर हींड रही हैं	१६६
८३. मधु द्वारा पराजित सेना भाग रही है	१८६
८४. मधु मालती के साथ गठबन्धन कर विदा हो रहे हैं	१९१
८५. सरस्वती, गणपति, सश्रीक विष्णु, ब्रह्मा एवं उमा सहित शङ्कर	१९८
८६. तारणसाह को बेटो मधु का सरूप	१९८
८७. तारणसाह नंद प्रोहितनें बुलायो हाथमांहे पोथी	१९८
८८. मधु विद्या भणै छै	१९८
८९. राजा कनकमालतीनें पूछै, मालती ऊभी छै	१९९
९०. राजा चंद्रसेन मालतीनैं पूछै है	१९९
९१. मालती भणवा बैठी पंडित भणावै छै हाथमै पाटी छै, परैचकै आंतरै मधु छै	१९९
९२. मालती परेच फाड मधुनै देख फूल गैंदरी मारी	१९९

शीर्षक	पृष्ठांक
९३. सब पंछी मिल घुहरनें राज देवा लागा जितरें एक काग आयो	१९९
९४. नृपतकुमररो चित्र ऊपर बैठो थको हेठै स्त्रीयां बैठी थकी इसो सम्यो	२०१
९५. राजा सूरसेन राजलोकमें आयो सगलो परवार मुहडा आगै ऊभो इसो चित्र	२०१
९६. परणवाको सम्यो चवरी-मंडप-चित्र	२०२
९७. पदमावती ऊपरें चैनरेखा पिचकारी छोडी पदमावती चमकनै करन राजा ऊपर जाय पड़	२०२
९८. जेतमालसुं मालती पागें लागी तिणरो भाव	२०३
९९. जेत मालती बैठी छै मधु राजारा सुभटांसु लडे छै तिणरो भाव छै	२०५
१००. राजारो वन हाथी काटै मधु लडै सो भाव	२०६
१०१. मधु राजा चंद्रसेणरी बेटी परण्यो सो भाव	२०८
१०२. मधु मालतीने परणीजनें डेरे आवै सु भाव	२०८
१०३. माता सरसती बेठी कवि चतुर्भुज उभो हाथ जोडयां	२०८
१०४. सेठ सेठांणी वांट, बाजा बज, सब त्रीयां मंगल गाव	२३६
१०५. वांमम (बम्बी से) पनंग मुख काढया, लरको मुवो पीता आयो	२३६
१०६. श्रीरामचंद्र, लछमण, ज्यानकी, हनुंमान, अंजनी तप त्यांहां आये	२३६
१०७. प्रोहितपत्नी कपिला सुदर्शन सेठ को अपने जाल में फंसाने का उपक्रम कर रही है	२३९
१०८. दो स्त्रियां पनघट पर साधुवेषधारी मनुष्य से बात कर आश्चर्यान्वित होरही हैं	२४०
१०९. रानी अपने सम्मुख उपविष्ट सुदर्शन सेठ के शीलभङ्गार्थ प्रयास कर रही है	२४०
११०. मालती गुहगृह से जाते हुए मधु को रोक रही है	२४१
१११. प्रधान, राजा, खवास, दूत	२४२

सञ्चालकीय वक्तव्य

प्रस्तुत ग्रंथ द्वारा प्रतिष्ठान में संगृहीत मधुमालती-कथा की सचित्र प्रतियों का परिचय मात्र अभीष्ट था। यद्यपि इस समय प्रतिष्ठान के संग्रह में और भी सचित्र प्रतियां हैं, परन्तु जब १९५९ में कार्यारम्भ हुआ था, तो केवल १७ सचित्र प्रतियां थीं। अतः इसमें १७ प्रतियों के चित्रों आदि का ही परिचय है।

इस परिचय में प्रत्येक प्रति का आद्यन्तसहित परिचय देने के पश्चात् एक टिप्पणी द्वारा प्रत्येक प्रति का सामान्य परिचय तथा प्रति में उपलब्ध चित्रों की कला आदि का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है। तदनन्तर चित्रसूची में प्रत्येक चित्र का परिमाण, शीर्षक तथा परिचय देकर एक प्रसङ्गसूची में कथा के सभी प्रसंगों की एक पूरी वर्णनात्मक तालिका प्रस्तुत की गई है। यह सारा कार्य श्रीलक्ष्मीनारायण गोस्वामी के अथक परिश्रम, अध्यवसाय और सूझबूझ का परिणाम है; अतः वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं। सूचियां तैयार करने में श्री-लक्ष्मीनारायण गोस्वामी के साथ कुछ दिन श्रीरमानन्द सारस्वत ने भी अहमदा-बाद रह कर योगदान दिया; अतः उनका भी आभार प्रकट किया जाता है।

खेद है कि १९५९ ई० में प्रारंभ होकर भी यह कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका। विद्वानों और साहित्य-प्रेमियों ने जिस उत्सुकता से इसकी प्रतीक्षा की, वह उनके द्वारा भेजे गये अनेक पत्रों से प्रकट हो रही है। इस लम्बी प्रतीक्षा में उन्हें जो कष्ट हुआ, उसके लिए क्षमा चाहते हुए अब हम यह ग्रंथ उनकी सेवा में प्रस्तुत कर रहे हैं।

मधुमालती चतुर्भुजदास की अमर कृति हमारी राष्ट्रभाषा की अमूल्य निधि है। गुजरात में, इसे गुजराती की कृति मान कर इसके दो संस्करण प्रकाशित किये गए। उत्तरप्रदेश में इस ग्रंथ को अवधी[1] की रचना माना गया और राजस्थान में यह राजस्थानी की रचना मानी जाती है। इसकी हस्तलिखित प्रतियाँ, अचित्र और सचित्र, जितनी अधिक संख्या में प्राप्त हुई हैं उससे इस ग्रंथ की लोकप्रियता तो प्रकट होती ही है, परन्तु साथ ही उसके अन्तर्प्रान्तीय प्रभाव और प्रसार को देखते हुए, यह कहना अनुचित न होगा कि लोकप्रियता में यह कबीर, मीराँ, तुलसी तथा सूर की कृतियों से तुलना करती हुई सी प्रतीत

---

१. डॉ. बाबूराम सक्सेना "इवोल्यूशन ऑव अवधी", हीराकान्त श्रीवास्तवकृत "हिन्दू कवियों के प्रेमाख्यान" आदि।

होती है। कबीर आदि संत महात्माओं की कृतियों का प्रचार यदि हिन्दीक्षेत्र की परिधि लाँघ कर बंगाल, गुजरात तथा महाराष्ट्र अथवा उसके पार भी चला जाता है, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं, क्योंकि साधु-सन्त तीर्थाटन करते हुए भारत के कोने-कोने में सर्वत्र विचरते ही रहते हैं और उनमें परस्पर आदान-प्रदान होता ही रहता है; परन्तु चतुर्भुजदास की 'मधुमालती' मुख्यतः एक लौकिक प्रेम-कथा है, जिसका प्रसारण निस्संदेह 'रमते राम फकीर' लोगों के माध्यम से सम्भव नहीं था, ऐसी अवस्था में यह मानना पड़ेगा कि धार्मिक की भाँति लौकिक क्षेत्र में भी, संस्कृत के अतिरिक्त एक अन्य सम्पर्क-भाषा का उदय अंग्रेजों के आने से बहुत पूर्व ही प्रारम्भ हो गया था।

निस्सन्देह यह सम्पर्क-भाषा हिन्दी का एक ऐसा रूप था जिसे देश के विभिन्न प्रान्त सहर्ष तथा साभिमान अपनाते थे। यह हिन्दी केवल हिन्दुओं की ही नहीं, अपितु सारे राष्ट्र की थी। मुल्ला दाउद, खुसरू, खानखाना कुतवन, बुरहान, मलिकमुहम्मद, आलम, शेख रिज्कुल्ला, दोस्त मुहम्मद, उस्मान, कासिमशाह, शेखनिसार, नजफ अली, फाजिल शाह आदि अनेक मुसलमान लेखकों ने भी इसमें अपनी रचनाएं १३वीं या १४वीं शताब्दी से लगातार की हैं।

आशा है इस स्वतः उदीयमान सम्पर्क-भाषा के रूप को देश के सामने प्रस्तुत करने में प्रस्तुत ग्रंथ हमें प्रेरणा प्रदान करेगा और हम राष्ट्र की निजी सम्पर्क-भाषा की स्वाभाविक आवश्यकता को पूर्ण करने में शीघ्र समर्थ हो सकेंगे।

जय हिन्द, जय हिन्दी।

गणेशचतुर्थी २९२४ वि०

—फतहसिंह

भूमिका

मधुमालती की कुछ सचित्र प्रतियों तथा चित्रों का परिचायक प्रस्तुत संग्रह उन शोध-प्रेमियों के कर-कमलों में समर्पित है जो मधु और मालती की प्रेम-लीला का सामान्यतः तथा चतुर्भुजदासकृत प्रेमाख्यान का विशेषतः अध्ययन करना चाहते हैं। राजस्थान और गुजरात में चतुर्भुजदास की कृति बहुत लोकप्रिय रही है, अतः इस क्षेत्र में इसकी प्रतियां बहुतायत से मिलती हैं। हमारे प्रतिष्ठान में ही अभी तक इसकी ३० सचित्र एवं ३३ साधारण प्रतियां संगृहीत हो चुकी हैं। सचित्र प्रति से अभिप्राय दो-चार चित्रों वाली से नहीं, अपितु सैकड़ों चित्रों वाली प्रति से है। जो प्रचुर श्रम, समय और धन इस आख्यान के प्रसंगों को चित्रित करने में व्यय हुआ होगा, वह इस कृति की लोकप्रियता का तो प्रमाण है ही परन्तु साथ ही इससे तत्कालीन समाज की सुरुचि-संपन्नता, सरसता और रसज्ञता भी प्रकट होती है।

अतः चतुर्भुजदास की इस सुन्दर कृति का प्रकाशन आवश्यक था। सर्वप्रथम इसका प्रकाशन गुजराती लिपि में १८७५ ई० में अहमदाबाद से और फिर १८७८ ई० में बंबई से हुआ, क्योंकि गुजराती लोग इसे प्राचीन गुजराती की कृति मानते हैं। हिन्दी लिपि में इसका प्रकाशन अभी १९६४ ई० में वाराणसी से डॉ० माताप्रसाद के संपादकत्व में हुआ। इस प्रतिष्ठान के संस्थापक तथा भूतपूर्व संचालक श्रद्धेय मुनि जिनविजयजी ने भी १९५९ ई० में इसके प्रकाशन की विशाल योजना प्रारंभ की जिसमें न केवल काव्यभाग का प्रकाशन अभिप्रेत था, अपितु उस समय तक उपलब्ध सभी सचित्र प्रतियों के चित्रों के प्रकाशन के साथ-साथ उन प्रतियों-सम्बन्धी उपयोगी सूचना जुटाने का ध्येय भी विशेष रूप से रक्खा गया था। डॉ० माताप्रसाद द्वारा संपादित मधुमालती-वार्ता के प्रकाशन के पश्चात् हिन्दी-जगत् को यह काव्य-ग्रन्थ तो उपलब्ध हो ही चुका है, अतः केवल अवशिष्ट सामग्री कला और शोध के प्रेमियों के लिए प्रकाशित की जा रही है।

ग्रन्थ का नाम

चतुर्भुजदास ने अपनी कृति का नामकरण प्रायः नायक मधु और नायिका मालती के नाम पर मधुमालती, मधुमालती-कथा, मधुमालती-वार्ता, मधुमालती-विलास, मधुमालती-सार तथा मधुमालती-रस-विलास आदि किया है, परन्तु

कभी-कभी विषय के आधार पर इसे कामविलास, कामविलासरस, कामविलास-कथा, कामप्रभुत्वप्रकाश अथवा कामप्रबंधप्रकाश भी कहा गया है। नायक मधु का मुख्य नाम 'मनोहर'[१] होने से, ग्रन्थ का नाम 'रसमालती-मनोहर'[२] भी है। 'मधु' वस्तुतः कृष्ण भगवान् के पुत्र प्रद्युम्न तथा काम के अंश का नाम है, अतः इस पुस्तक को प्रद्युम्न की लीला भी कहा जाता है—

काम पबंध पकास फुनि, मधुमालती विलास।
प्रदुमन की लीला इह, कहत चत्रभुजदास॥

ग्रन्थकार का लक्ष्य

नामकरण की उक्त विविधता से स्पष्ट है कि ग्रन्थकार का लक्ष्य केवल प्रेमकथा द्वारा पाठकों को रिझाना मात्र नहीं था, वह इस कथा के माध्यम से काम के प्रभुत्व को दिखाना चाहता था, काम के विलास को भी चित्रित करना चाहता था। काम का प्रभुत्व या विलास वस्तुतः नायक और नायिका के माध्यम से ही प्रकट होता है; संभवतः इसीलिए ग्रन्थ को मधुमालतीरसविलास, मधु-मालती-सार अथवा केवल मधुमालती भी कहा गया। स्त्री-पुरुष ही, कामसूत्र की भाषा में, 'आयतन-संप्रयोग'[३] हैं, जिनके दारा आत्म और मन से संयुक्त इंद्रियों की कामवृत्ति[४] अपना विलास कर पाती है, इसलिए कामविलास को स्त्री-पुरुष-सार या नायक-नायिका-सार कहना सर्वथा उचित है। सार का दूसरा नाम रस भी है अतः रसमालती-मनोहर कहने में भी कामविलास का स्त्रीपुरुषा-धिष्ठानत्व ही प्रतीत होता है।

सहित दृष्टि

कामविलास के चित्रणार्थ चतुर्भुजदास ने पर्याप्त सूझबूझ के साथ 'मधुमा-लती' को रचा प्रतीत होता है। लेखक ने जनसाधारण के लिए इस पुस्तक में 'चरनायक' की चातुरी, शिव को कामदहन की प्रेरणा देने वाले 'वसंतराजरस' तथा रसिकों को अति प्यारे लगने वाले अनंग-लीला-विस्तार का समावेश किया है—

---

१. ताको नाम मनोहर धर्यो। मानूं काम दूजो अवतर्यो।
मधु-मधु कहि खिलावैं तात। बाधैं चंदकला ज्यूं गात (१,१२-१३)

२. चातुरहित सहचरी रिझाऊं। रसमालती मनोहर गाऊं (१,१)

३. का० सू० १,२, २२ टोका

४. ० सू० १,२,११

चरनायक चातुरी बताई ।
थोरी-थोरी सब ही आई ।
पुनि बसंतराजरस गावैं ।
ज्यामैं ईश्वर काम दजावैं ।।
ताकी एह लीला बिसतारी ।
सुनैं रसिक लागैं बहु प्यारी ।।

इस प्रसंग में कवि ने विप्रलंभ और संभोग-शृंगार के विविध पक्षों तथा नर-नारी के बीच विद्यमान सहज आकर्षण का सांगोपांग निरूपण करके चातुर-चित को रिझाने का प्रयत्न अवश्य किया है, परन्तु उसका लक्ष्य 'चातुर-चित' की चापलूसी करके उसे विकृत करना नहीं है, उसकी प्रतिज्ञा है कि वह पाठकों को रिझायेगा, परन्तु उसका यह रिझाना हितरहित न हो कर 'हित-सहित' होगा—

चातुर चित हित सहित रिझाऊं ।
मधुमालती प्रीति रस गाऊं ।।

इसी दृष्टि से चतुर्भुजदास ने मधुमालती-प्रेमाख्यान के अंतर्गत ही नैतिक शिक्षा के अनेक प्रसंग उपस्थित करके दृष्टान्तस्वरूप पंचतंत्र और हितोपदेश की भांति बहुत सी सूक्तियों, सुभाषितों तथा उपदेशप्रद कथा-प्रसंगों का समायोजन किया है। मृग-सिंहिनी-प्रेमाख्यान, वनचर-व्याघ्र-संवाद, काकोलूकीयम्, टिट्टिभ-टिट्टिभी-वार्तालाप, काक-सर्प-कथा, शशक-सिंह-प्रसंग, कृष्ण-चन्द्रावली-लीला, करण-पद्मावती-वार्ता, कामदहन-प्रसंग, मुगल-तैलण-कथा, सतीमैंना का आख्यान, शुक-कोयल-कथा, चंद्र और रूपरेखा की प्रणयलीला, भीम-हिडिम्बा-प्रसंग, उरगाना-सर्प-प्रसंग, इंद्रायणलुब्धशुक-दृष्टान्त, हंस-वधिक-वार्ता, टालोडी-कूर्म-कथा, उषा-अनिरुद्ध-प्रसंग, विप्र-सर्प-संवाद, गो-सिंह-संवाद, मृग-कपोत-कथा, पिंगलक-दमनक-कथा, शृगाल-मगर-संवाद आदि अनेक प्रसंगों का संकलन इसी निमित्त किया है।

दार्शनिक पुट

साहित्य की इस सहित दृष्टि को और अधिक सबल बनाने के प्रयोजन से लेखक ने अपने काव्य में कुछ दार्शनिक पुट देने का भी प्रयत्न किया है। 'पंचध्यान' और 'अध्यात्म' के समावेश का संकेत[१] संभवतः इसी का द्योतक है, परन्तु यह अध्यात्मवाद वस्तुतः 'रसकला'[२] का दार्शनिक पक्ष है, जिसको समझने

---

१. प्रति १४ का अंत्य भाग।
२. रसिक होय अरु रस कूं चाहे। अध्यातम आतम ही गावे ।।
चातुर पुरुष होय जैं कोई। यह रसकला विचारी होई ।।

में 'चातुर पुरुष' ही समर्थ हो सकता है। इस 'रसकला' की तुलना वात्स्यायनीय कामसूत्र के 'काम' से की जा सकती है। कामसूत्र के अनुसार शतायुपुरुष अपने बाल्यकाल में 'अर्थ'[१] यौवन में 'काम'[२] तथा वृद्धावस्था में 'धर्म'[३] और मोक्ष का सेवन करे, परन्तु इसका अभिप्राय यह नहीं कि बाल्यावस्था और वृद्धावस्था में काम का सर्वथा अभाव होता है, क्योंकि काम तो वस्तुतः श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण-नामक पंचेन्द्रियों की स्व-स्व विषयों में वह अनुकूल प्रवृत्ति[४] हैं जो मन तथा आत्मा के संयोग से ही संभव हैं और जो इस दृष्टि से शरीरस्थिति का हेतु होने से 'आहारधर्मा'[५] है तथा धर्म एवं अर्थ का फल[६] माना जाता है। भारतीय कामशास्त्र पुरुषार्थचतुष्टय का लक्ष्य लेकर चला है, अतः उसका दावा है कि कामसूत्र के बताए हुए ढंग से अर्थ, काम एवं धर्म का अर्जन करने से इस लोक और परलोक दोनों में 'अत्यन्त सुख' (मोक्ष) प्राप्त होता है—

> एवमर्थं च कामं च धर्मं चोपाचरन्नरः।
> इहामुत्र च निःशल्यमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥ का० सू० १,२,४९

अतः धर्म, अर्थ काम तीनों का साधक कार्य करना उचित है, आवश्यकता पड़ने पर इनमें से दो अथवा एक के साधक कार्य को भी किया जा सकता हैं, परन्तु जो कार्य तीन में से एक का साधक तथा अन्य दो का बाधक हो वह कदापि नहीं करना चाहिये—

> त्रिवर्गसाधकं यत्स्याद् द्वयोर्वैकस्य वा पुनः।
> कार्यं तदपि कुर्वीत न त्वेकार्थं द्विबाधकम् ॥ का० सू० १,२,५०

लेखक ने इसी विचारधारा को व्यावहारिक रूप देने का प्रयत्न किया। शास्त्रीय मतानुसार त्रिवर्ग को सिद्धि के लिये विद्याग्रहण अपेक्षित है, अतः स्त्री-पुरुष को विवाह से पूर्व काम-सूत्र का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक[७] मानते हुए भी धर्मविद्या (श्रुति, स्मृति), अर्थविद्या (वार्ताशास्त्र), दण्डनीति आदि के ग्रहण में बाधा उपस्थित करके उसे सीखना कभी अभीष्ट नहीं माना गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कवि ने अपने प्रेम-काव्य के माध्यम से

---

१. बाल्ये विद्याग्रहणादीनर्थान् (२, २)।
२. कामं च यौवने (२, ३)।
३. स्थाविरे धर्मं मोक्षं च (२, ४)।
४. का० सू० १, २. ११।
५. शरीरस्थितिहेतुत्वादाहारधर्माः कामाः (का० सू० १, २. ४६)
६. फलभूताश्च धर्मार्थयोः (का० सू० १, २, ४७)
७. का. सू. १,३,१-२।

उक्त गंभीर विद्याओं को रोचकता प्रदान करने का प्रयत्न किया है, क्योंकि युवकों और युवतियों के लिए राजनीति, धर्मनीति तथा अर्थनीति की अनेक समस्याएं मीमांसा-साहित्य, विशेषत: प्रेमाख्यान के माध्यम से सरलतापूर्वक ग्राह्य हो जाती हैं। पशु-पक्षियों की कहानियों द्वारा नीति-शिक्षा देना अत्यंत पुरानी एवं व्यापक परंपरा है। अत: कोई आश्चर्य नहीं कि लेखक ने अपने मूल प्रेमाख्यान के भीतर न केवल अन्य प्रेमकथाओं का समावेश किया है, अपितु सिंह, मृग, काक, उलूक, गर्दभ, पिक आदि अनेक पशु-पक्षियों की कथाओं को भी दृष्टान्तरूप में उपस्थित किया है।

अपने प्रेमाख्यान के नायक का नाम भी लेखक ने उपयुक्त चुना है। उसका नाम 'मनोहर' है, परन्तु मां-बाप उसे खिलाते हुए 'मधु' कहकर संबोधित करते हैं, इसलिए उसका नाम मधु पड़ जाता है। वैसे मधु वसंतऋतु का भी एक नाम है और वसंतकालीन चैत्र मास को भी मधु कहा जाता है। यौवन मानव-जीवन का वसंत है और सब से अधिक मनोहारी है। अत: प्रेमाख्यानों में युवक नायक को मधु और मनोहर नाम देने की परिपाटी सी चली आती प्रतीत होती है। मंझनकृत मधुमालती[1]-नामक प्रेमाख्यान का नायक 'मनोहर' है और आकिलखां[2] की फारसी कृति 'मेह्रो माह' तथा नुसरती[3] के एक हिन्दी काव्य के नायक का नाम भी यही है। वसंतऋतु का एक और पर्यायवाची शब्द 'माधव' भी प्रेमाख्यानों में लोकप्रिय रहा है। बड़ौदा की गायकवाड़ सिरीज से प्रो० एम० आर० मजूमदार के सम्पादकत्व में प्रकाशित माधवानलकामकन्दलाप्रबन्ध[4], माधवानलकामकन्दला[5]-चौपई तथा माधवानल-कथा[6] इसके प्रमाणस्वरूप रक्खे जा सकते हैं। आलमकवि[7] ने भी राजा टोडरमल के कहने पर शाहंशाह अकबर के लिए माधवानलकथा इसी आख्यान को लेकर लिखी और स्वयं चतुर्भुजदास ने भी अपनी मधुमालती-वार्ता में माधवानलकथा को एक उपकथा के रूप में ग्रहण

---

१. काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित।

२. Mughal Bibliography, Vicaji D.B. Taraporevala & D.N. Marshall Bombay 1962. Page 29.

३. ,, ,, ,,

४. कवि गणपति कृत।

५. कवि कुशललाभ विरचित।

६. कवि दामोदर रचित।

७. इसकी दो प्रतियां राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान में संगृहीत हैं।

किया है। संस्कृत में भी आनन्दधरकृत एक 'माधवानलाख्यानम्'[१] प्राप्त है जिसमें उक्त प्रेमकथा को ही माध्यम बनाकर विभिन्न प्रकार की नैतिक शिक्षा दी गई है। भवभूति के 'मालतीमाधवम्' नामक नाटक में भी प्रेमी युवक नायक का नाम माधव ही है।

वसंतराज रस

प्रेमाख्यानों के युवक नायकों के वसंतवाचक नामों की सार्थकता इसी में प्रतीत होती है कि काम संभवत: यौवनरूपी वसंत का रस है। चतुर्भुजदास ने इसी बात को ध्यान में रख कर संभवत: अपने कामप्रबंधप्रकाश (मधुमालती) में काम के एक रूप को वसंत (यौवन) का 'राजरस' कहा[२] है जिसमें कामदहन का कार्य ईश्वर (सर्वसमर्थ शिव) द्वारा ही संभव हो सकता है। 'राजरस' कहने से स्पष्ट है कि कवि के मानस में किसी 'रस' की कल्पना भी थी, इसी 'रस' के संदर्भ में वह 'रसिक होय अरु रसकूं चाहै' की बात कहता है। यह रस का काम वह रूप माना जा सकता है जो सौन्दर्यमात्र की चाह के रूप में हमारे भीतर विद्यमान है और जिसकी अभिव्यक्ति कविकला में होती है। इसी को लक्ष्य करके संत दादू ने अपनी वाणी के 'काया के अंग' में कहा है—

काया मांहै कान्दलिवास।
काया मांहै है कविलास॥

कान्दल अथवा कन्दल नवकिसलय को कहते हैं, काम का उक्त रूप चाह या प्रेम के नवकिसलय के समान होने से 'कन्दल' कहा गया है, इसी रस के आस्वादन को 'कविलास' में अभिव्यक्ति मिल पाती है, परन्तु इस रस की पराकाष्ठा 'राजरस' में है जो केवल शरीर या रूप तक सीमित नहीं रहता। ईश्वर (शिव) में इसी 'राजरस' व्यापक एवं असीम रस (प्रेम) का निवास है, अतः उसके सामने कामकन्दलस्वरूप वह रूपगत सांगरस नहीं ठहर सकता, वह भस्म हो जाता है। शिव के उस 'राजरस' रूप प्रेम या काम को प्राप्त करने का सौभाग्य रूपगत सौन्दर्य को न होकर तपोगत सौन्दर्य को ही प्राप्त होता है, इसीलिए कुमार संभव में कालिदास[३] ने कामदहन के पश्चात् रूप को अनावश्यक एवं तप को आवश्यक बतलाया है।

---

१. इसका भी प्रकाशन गायकवाड़ सिरीज में प्रकाशित, माधवानलकामकन्दलाप्रबन्ध' के साथ परिशिष्ट रूप में हो चुका है।

२. पुनि वसंतराजरस गावै। ज्यामैं ईश्वर काम दजावै॥

३. देखिये—तथा समक्षं दहता मनोभवं पिनाकिना भग्नमनोरथा सती।
निनिन्द रूपं हृदयेन पार्वती प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता॥

अतः प्रेमाख्यान-परम्परा में काम के दो रूप देखे जा सकते हैं—एक कन्दल अथवा अल्परस और दूसरा राजरस या महारस। मंझन की मधुमालती में काम के इन दोनों भेदों का स्थाननिर्देश करने के लिये क्रमशः कनैगिरि (कन्दलगिरि) और महारसनगर के प्रतीकों की कल्पना की गई है। कन्दलगिरि का राजकुमार महारसनगर की राजकुमारी के महारस के लिए अपना सब कुछ त्यागता है और उसके साथ तादात्म्य का अनुभव करता है—

मैं सभ तजि संकरेउं दुख तोरा। मोर जिउ तोर तोर जिय मोरा॥

(११४, १)

अपने प्रेमास्पद का वियोगजन्य दुःख उसके लिये अमृत है और उसकी प्राप्ति के लिए वह अपने 'अपान' को निछावर करता है, मृत्यु का भी वरण करता है—

मैं अपान दै तोर दुख लिया। मरि कै अब सो अमृत पिया॥

(११५, ५)

इस अमृत, महारस अथवा राजरस पीने के लिए जिस मृत्यु का उल्लेख हुआ है वह वस्तुतः शारीरिक काम को दग्ध अथवा मारने से प्राप्त होती है—ससीम काम को असीम काम में परिणत करने से होती है। इसी के प्रसंग में मंझन ने लिखा है—

अमर न होत कोई जग हारै। मरि जो मरै तेहि मीचु न मारै।
पेम के आगि सही जेइं आंचा। सो जग जनमि काल सेउं बांचा।
पेम सरनि जेइं-आपु उबारा। सो न मरै काहू कर मारा।
एक बार जो मरि जिउ पावै। काल बहुरि तेहि नियर ने आवै।
मिरित-क फल अम्रित होइ गया। निहचै अंबर ताहि-क कया।

(५३८, १-५)

इसी अमृतकला मृत्यु की कल्पना शिव-कथा में सतीदाह के पश्चात् शिव-पार्वती की अमरता में निहित है; अन्तर केवल इतना है कि यहाँ प्रेमी पुरुष न होकर स्त्री है जिसे कनैगिरि के बदले हिमालय से और महारसनगर के बदले कैलाश को अपने प्रेमास्पद की प्राप्ति के लिए सर्वस्व त्याग करके—देहत्याग करके भी जाना पड़ता है। यह अमृत ही काम का वह रूप है जो अथर्ववेद में 'मनसःरेतः'[1] तथा भगवद्गीता[2] में 'धर्माविरुद्ध काम' कहा गया है।

---

१. कामस्तदग्रे समवर्तत मनसो रेतः प्रथमं यदासीत् (अ० वे० १९, ५२, १)
२. धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। (भगवद्गीता ७-११)।

मधुमालती का प्रेमास्पद

मधुमालती-परम्परा के उपर्युक्त प्रेमाख्यानों में प्रेमास्पद स्त्री है जिसको मालती अथवा मधुमालती नाम दिया गया है। यह भवभूति की नायिका का भी नाम है। संस्कृत में इसका अर्थ 'कली' अथवा 'अल्पवयस्का कुमारी' है और मधु यौवन के प्रतीक वसंत का नाम है। अतः मालती अथवा मधुमालती उस युवती-सामान्य का प्रतीक बन सकती है जिसको युवक-सामान्य का प्रतीक मधु अथवा मनोहर अपना प्रेमास्पद बना सकता है। 'माधवानलाख्यान' की परंपरा में नायिका युवती कामकन्दला को इसी प्रकार 'काम का किसलय' कहा जा सकता है जिसे युवक-सामान्य का दूसरा वसंतवाची प्रतीक माधव अपना प्रेमास्पद बनाता है। दोनों परंपराओं में प्रमुख अन्तर थोड़ा ही है—मालती एक कुलाङ्गना है और उसका प्रेमी उससे पूर्वजन्म में सम्बन्धित था, जबकि कामकन्दला एक वेश्यापालिता या वेश्यापुत्री है और उसके प्रेमी माधव[1] को कभी कभी माधवानल[2] भी कहा गया है। संभवतः इस अन्तर का कारण यह है कि माधवानल-कामकन्दला की परंपरा में जिस काम की अभिव्यक्ति है वह केवल शारीरिक प्रेम है, मांसल आकर्षण है जो जीवन-वसंतरूपी यौवन (माधव) की अग्नि के समान है, परन्तु मधुमालतीपरंपरा का काम शारीरिक आकर्षण अथवा रस से प्रारंभ होकर विराट महारस होने की क्षमता रखता है। यही कारण है कि मधुमालती-परंपरा में चतुर्भुजदास वसंतराज तथा अध्यात्म की बात करते हैं और नायक मधु को कृष्णदेव[3] का पुत्र प्रद्युम्न भी मानते हैं। मंझन की मधुमालती में तो काम का यह रूप और भी सुस्पष्ट एवं सुविस्तृत प्रतीत होता है। वहाँ काम जिस प्रेम के रूप में प्रकट हुआ है उसके विषय में डॉ० माताप्रसाद जी ने लिखा है—

"इस प्रेम-साधना में एक ही बात ऐसी है जो प्रायः पाठकों को चक्कर में डाल देती है : वह है इस प्रेम की शारीरिकता; यह प्रेम जहाँ एक ओर आध्यात्मिक है, वहाँ दूसरी ओर मांसल भी है.......... । प्रश्न यह है कि इस शारीरिकता का उपर्युक्त अध्यात्मवाद से क्या संबंध है। मेरी समझ में इसका उत्तर यही है कि इन संतों ने जीवन को एक समग्र रूप में देखा है। उनका जीवन-दर्शन शारीरिक आवश्यकताओं की उपेक्षा नहीं करता है ; यह अवश्य है कि

---

१. देखिये—माधवनलकामकन्दलाप्रबन्ध १,११६, तथा माधवानलकथा।

२. देखिये—माधवानलाख्यानम्, माधवानलकन्दलाचउपई।

३. कृष्णदेव को कुँअर कहावै। प्रदुमन काम अंस मधु भावै॥

वह शारीरिक आवश्यकताओं को मर्यादित रखने का उपदेश करता है। इस शारीरिकता के अभाव में पुरुष और नारी की प्रेम-कल्पना मिथ्या होती, इसलिए सूफी साधकों की यह मर्यादित शारीरिकता उनकी आध्यात्मिक प्रेम-साधना का एक ऐसा अंग है जो उनकी दृष्टि में उनके लक्ष्य में बाधक नहीं होता है।"

भौतिक और आध्यात्मिक प्रेम

डॉ० गुप्त द्वारा उठाया गया यह प्रश्न तथा उसका समाधान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है और वह सर्वथा भारतीय भी है। महाभारत, पुराण एवं रामायण तथा इन ग्रंथों पर आश्रित अनेक काव्यग्रंथों में बिखरे हुए अनेक प्रतीक एक सुसंबद्ध और सुव्यवस्थित दर्शन को छिपाये हुए हैं जो लौकिक और अलौकिक, भौतिक एवं आध्यात्मिक शृंगार का सुन्दर समन्वय करके वैदिक युग से बराबर चला आ रहा है। कामात्मजा श्रद्धा और मनु, पुरुरवा और उर्वशी, यम और यमी, दुष्यन्त और शकुन्तला, नल और दमयन्ती, शिव और पार्वती तथा कृष्ण और राधा जैसे अनेक प्रतीकों की सृष्टि इसी प्रकार के समन्वय के लिए हुई है। 'शृंगार' शब्द का अर्थ ही उस 'कामरस' से है जिसकी सर्वोत्कृष्ट ऊँचाई (शृंग) 'अर' में और यह अर वही वैदिक 'अरं' है जो अन्यत्र[1] आत्यंतिक सौन्दर्य्य अथवा आनन्द का तत्त्व माना गया है और जिसके संबंध से ही 'आर्य' का आर्यत्व निश्चित हुआ है।

अथर्ववेद में 'मन का रेतस्' जिस काम को कहा गया है वह भी शृंगाररस की इसी ऊंचाई की ओर संकेत करता है और इसी दृष्टि से शृंगारप्रकाश की परम्परा में शृंगार की ही परिणति अन्य रसों में मानी गई है तथा श्रीमद्भगवद्गीता में 'धर्माविरुद्ध काम' की कल्पना की गई है। भर्तृहरि जैसे राजर्षि के मुख से शृंगार, नीति और वैराग्य की त्रिवेणी का उद्भूत होना, जगत् के माता-पिता शिव-पार्वती को अलौकिकता से उतार कर संभोग-शृंगार की घोर लौकिकता में लाना तथा उन्हें आदर्श-दम्पती के रूप में मान्यता देना आदि इसी निष्कर्ष की पुष्टि करते हैं।

शृङ्गार पाप नहीं

वस्तुतः भारतीय लौकिक कामवासना (प्रेम) में ही दिया प्रेम का बीज निहित माना गया है। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने जब जर्मन कवि गेटे का यह कथन पढ़ा कि शकुन्तला में "वासन्तीपुष्प और परवर्ती फल, पृथिवी और

---

१. देखिये—लेखककृत 'भारतीय सौन्दर्यशास्त्र की भूमिका'।

स्वर्ग' दोनों का एक स्थान में ही समावेश है, तो उन्होंने उसका यह अर्थ लगाया कि शकुन्तला में 'एक विकास का इतिहास—पृथिवी के स्वर्ग में, प्रकृति के आत्मा में विकसित होने का इतिहास समाविष्ट है।' उनकी सम्मति में 'अभिज्ञानशाकुन्तल का लक्ष्य यही है कि ऐहिक विषय को पारलौकिक में परिणत कर दिया जाय, भौतिक सौन्दर्य्य के स्तर से उठाकर प्रेम को नैतिक सौन्दर्य्य के अनन्त आकाश तक ले जाया जाय······यौवन-सुलभ वासना के एक आकस्मिक झोंके ने शकुंतला को एक क्षण में दुष्यन्त के हवाले कर दिया, परन्तु इस प्रकार वह उसे सत्यतः और पूर्णतः नहीं मिल पाई ; उसकी प्राप्ति का सर्वोत्तम उपाय भक्ति और तपस्या है। इसलिये कवि ने दोनों प्रेमियों से एक लम्बी एवं कठोर तपस्या कराई है, जिससे वे एक दूसरे को वास्तविक और आत्यन्तिक रूप में पा सकें······ इस नाटक में कालिदास ने घोर मनोवेग के ज्वालामुखी को संतप्त हृदय के अश्रुओं द्वारा बुझाया है।' रवीन्द्रनाथ ठाकुर के इस कथन का यह अभिप्राय कदापि नहीं कि स्त्री-पुरुष का पारस्परिक आकर्षण या प्रेम (जैसा कि कुछ लोगों ने समझा है) कोई पाप है, परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि भारतीय मान्यता के अनुसार इस बीज का सुमधुरतम फलन उसी दिव्य प्रेम में होता है जो कृष्ण-लीला के अन्तर्गत गोपियों को विरहव्यथा में व्यक्त हुआ है। गोपियों के लिये मथुरा को पहुँचना कोई बड़ी बात नहीं, परन्तु उन्हें कृष्ण के प्रति भौतिक आकर्षण की अपेक्षा आध्यात्मिक प्रेम का अधिक महत्त्व है, इसलिए वे मथुरा न जाकर चिरवियोगिनी रह कर अमृत प्रेम-आस्वादन करना अधिक अच्छा समझती हैं। यही बात मीरां के कृष्ण-प्रेम के विषय में कही जा सकती है। यही मंझन के शब्दों में वह 'पेमपीर'[1] है जो जगत् में जन्म लेने का जीवनफल तथा जग का सुख-सर्वस्व[2] है—

जनि कोइ विरह दुक्ख जिअ बानै, ओहि जग आवा सुक्ख।
धनि जीवन जग ताकर जाहि, विरह दुख सुक्ख॥

भारतीय श्रृंगार का यह चरम लक्ष्य होते हुए भी, उसके साधारण रूप की भारतीय साहित्य के प्रतिनिधि प्रणेताओं ने उपेक्षा नहीं की है। उदाहरण के लिये कालिदास और भवभूति को लिया जा सकता है। इन दोनों के साहित्य में स्त्री-पुरुष का सहज पारस्परिक प्रेम तीन अवस्थाओं में चित्रित किया गया है—

---

१. जगत जनमि जीवन फल ताही। पेम पीर उपजी जिअ जाही॥

(म० मा० २७, ३)

२. म० मा० २७, ६।

(१) रूप-गत प्रेम—यह प्रेम शारीरिक आकर्षण पर आधारित शुद्ध मांसल प्रेम है जो मांसल होने के कारण एक ही प्रेमास्पद पर टिक कर नहीं रहता। अग्निमित्र का मालविका के प्रति और दुष्यन्त का शकुन्तला के प्रति प्रथम प्रेम इसी 'मधुकर-लोभ' की श्रेणी में आता है।

(२) गुण-गत प्रेम—यह शारीरिक आकर्षण अथवा 'मधुकर-लोभ' की श्रेणी से ऊपर उठकर प्रेमी और प्रेमास्पद के पारस्परिक गुणों पर आधारित होता है। इसका उदाहरण स्वयंवर पर आधारित रघुवंशी दाम्पत्य-प्रेम (राम-सीता, अज-इंदुमती आदि) में देखा जा सकता है और इस प्रेम में अनन्यता होती है, यद्यपि इसमें भी मांसलता का अभाव नहीं होता है।

(३) शील-गत प्रेम—यह प्रेम प्रेमी और प्रेमास्पद के उदात्त शील पर आधारित होता है। इसका एक उदाहरण उत्तररामचरित में वर्णित सीता और राम का प्रेम, जो सीता के परित्याग के बाद भी दोनों हृदयों में समान रूप से उत्तरोत्तर वृद्धि पाता है, और दूसरा कुमारसंभव में शिव-पार्वती का प्रेम है जो रूपाश्रित के भस्म होने पर भी दोनों हृदयों में समानरूप से परिपाक को प्राप्त करता है।

इन तीनों में से रूपगत प्रेम का भी अपना स्थान है, परन्तु यदि वह 'मधुकर-लोभ' के स्तर तक ही सीमित रह जाता है, तो वह स्वर्ग की अप्सरा को भी मृत्युलोक में उर्वशी की तरह ला पटकता है, पवित्र आश्रमकन्या शकुन्तला को भी लांछित एवं अपमानित करता है तथा पुरुरवा एवं दुष्यन्त जैसे चक्रवर्तियों को भी व्यामोह-ग्रस्त होने के लिए बाध्य करता है, परन्तु यदि वह मर्यादा, त्याग, संयम एवं तपस्या का आश्रय लेकर चलता है, तो वह शील-गत प्रेम के उदात्ततम आदर्श को प्राप्त कर आध्यात्मिक प्रेम में परिणत होने की क्षमता रखता है इसीलिये दुष्यन्त-शकुन्तला के रूपगत प्रेम की निरर्थकता दिखलाने के लिए व्यामोह-जनित शकुन्तला-प्रत्याख्या न करवाकर अन्त में मारीचि-ऋषि के आश्रम में तपस्विनी शकुन्तला को पश्चात्ताप एवं प्रायश्चित्त से शुद्धभूत दुष्यन्त के साथ वास्तविक दाम्पत्य-सुख का अनुभव कराया गया है। इस प्रकार दुष्यन्त का रूपगत 'मधुकर-लोभ' प्रथम तो मछुये से अंगूठी प्राप्त करने के पश्चात् शकुन्तला के प्रति 'गुणगत' प्रेम में परिणत होता है, तत्पश्चात्त मरीचि-आश्रम में जाकर शीलगत में परिणत होता है। इसी प्रकार भवभूति के 'मालती-माधवम्' में मालती का रूप-गत 'मनोराग'[1] तीव्र विष तथा निर्धूम पावक के समान बतलाया

१. मनोरागस्तीव्रं विषमिव विसर्पत्यविरतं
प्रमाथी निर्धूमो ज्वलति विधुतः पावक इव।
हिनस्ति प्रत्यङ्गं ज्वर इव गरीयानित इतो
न मां त्रातुं तातः प्रभवति न चाम्बा न भवती॥ (मा० मा० २,१)

गया है वह दाम्पत्य-प्रेम को 'समग्र बन्धुता' में तब बदलता है जब उसके पहले वह अपने माता-पिता तथा कुल की मर्यादा के सामने काम-विदग्ध जीवन परित्याग कर मृत्यु तक का वरण करने को तैय्यार हो जाती है—

ज्वलतु गगने रात्रौ रात्रावखण्डकल: शशी ।
दहतु मदन: किं वा मृत्यो: परेण विधास्यति ।
मम तु दयित: श्लाघ्यस्तातो जनन्यमलान्वया
कुलममलिनं न त्वेवायं जनो न च जीवितम् ॥

(मा० मा० २,२)

उसी प्रकार माधव भी जब अपने त्याग, शौर्य्य आदि गुणों के द्वारा अपनी रूप-सम्पन्नता में गुण-संपन्नता का योग कर पाता है, तभी वह उक्त दाम्पत्य प्रेम की 'समग्र बंधुता'[1] को पाता है, प्राप्त करता है, जो शील-गत प्रेम की भूमिका है। परन्तु मालती-माधव तथा दुष्यन्त-शकुन्तला का प्रेम आध्यात्मिकता की उच्चतम भूमि पर नहीं पहुँच पाता; उसके लिये तो भवभूति ने तुलसीदास[2] की तरह 'रूप-शील-गुणधाम राम' को चुना जो महावीरचरित में अपनी रूप-संपन्नता एवं गुण-संपन्नता को निखार कर शील-संपन्नता में परिणत कर देते हैं और उत्तररामचरित में जाकर उसे शुद्ध आध्यात्मिकता में बदल देता है और जिसके फलस्वरूप सीताराम की कथा शब्दब्रह्मविद् प्राज्ञ कवि की वाणी[3] बन जाती है—वही वाणी जिसे भवभूति ने उत्तररामचरित के प्रारंभ[4] में 'वाचममृतामात्मन: कलाम्' कह कर नमस्कार किया है तथा जिसे मंझन कवि ने अमर वचन, वचन का भी वचन, सर्वव्यापक तथा नानारूपात्मक जगत् का स्रष्टा बतलाया है—

वचन केर उतपति मुंह सेऊं। मानुस बोल अमर दहुं केऊं।
रहै न वचन केर पति जहाँ। कैसे वचन अम्बर होइ तहाँ॥

देखहु मनहि विचारि के, वचन वचन हिय माँहि ।
बचन ऐस है ताकर जो, वर्तत सभ माँहि ॥

---

१. प्रेयो मित्रं बन्धुता वा समग्रा
सर्वे कामा: शेवधिर्जीवितं वा ।
स्त्रीणां भर्ता धर्मदाराश्च पुंसा-
मित्यन्योन्यं वत्सयोर्ज्ञातमस्तु ॥ (मा० मा० ६,१८)

२. तु० क० रूप शील गुण धाम राम नृप अजिर प्रकट भये आई ।
(कवितावली, १)

३. देखिये—उ० रा० 'नान्दी'।

४. देखिये—वहीं 'भरतवाक्य'।

प्रथमहि आदि सिस्टिहु के पारा।
हरिमुख वचन लीन श्रीतारा॥
एकै वचन आदि उंकारा।
भलमंद होइ व्यापा संसारा॥

आध्यात्मिकता का रहस्य

वस्तुतः उक्त आध्यात्मिकता का रहस्य भारतीय दर्शन की मूल निधि है जिसके अनुसार नारी कोई हाडमांस का सुन्दर शरीर मात्र नहीं, अपितु नर की वह शक्ति है जिसके द्वारा वह एक से अनेक हो सकता है। समष्टि में यही नारायण की नारायणी शक्ति है जिसके द्वारा एक नारायण नानारूपात्मक सृष्टि के रूप में व्यक्त होता है। इस शक्ति का अपने शक्तिमान् से अविनाभाव संबंध है; अतः उन दोनों को तत्त्वतः अभिन्न कहा जाता है। तुलसीदास ने राम और सीता के रूप में इन्हीं दोनों तत्त्वों को देखा और कहा—

गिरा अरथ जल-बीचि सम, कहियत भिन्न न भिन्न।
बंदौं सीता रामपद, जिन्हिं परमप्रिय खिन्न॥

कालिदास ने इन्हीं को शिव-पार्वती के रूप में पाया और उन्हें इसी प्रकार वाक् और अर्थ के समान संपृक्त बतलाया—

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥

इन्हीं दोनों तत्त्वों को भवभूति ने आत्मा तथा उसकी वाक् कहा—

वन्देमहि च तां वाचममृतामात्मनः कलाम्।

स्थूल-सृष्टि में ये दोनों आदि-तत्त्व असीम से ससीम, एक से अनेक, सूक्ष्म से स्थूल तथा संपृक्त से पृथक् हो जाते हैं—अतः दोनों में एक दूसरे के लिए चाह जाग उठती है; यही काम है जो स्थूलोन्मुख होकर बाह्यजगत् में 'रति' (चाह की तृप्ति) ढूंढ़ता है, परन्तु सूक्ष्मोन्मुख होकर बाह्यजगत् में 'विरति' लाभ करके अन्तर्जगत में 'निरति' एवं 'सुरति' के लिए प्रयत्नशील होकर 'धर्माविरुद्ध काम' होता हुआ शुद्ध आध्यात्मिक प्रेम में परिणत हो जाता है।

चतुर्भुंजदास और माधव

संभवतः चतुर्भुंजदास के प्रेमाख्यान में यह दार्शनिक पुट देने का अधिकांश

श्रेय उनके 'परम उदार' गुरु माधव को है जिनको कवि[१] ने मधुमालतीरस-विलास नाम से प्राप्त होने वाली प्रति में श्रद्धापूर्वक याद किया है। मधुमालती के संशोधित संस्करण के पीछे जिन माधवशर्मा[२] का हाथ बताया जाता है वे संभवत: लेखक के यही गुरुदेव हैं ; क्योंकि ग्रंथ में स्पष्ट कहा गया है कि वह माधव और चतुर्भुजदास की सम्मिलित[३] कृति है और ये दोनों क्रमश: साधु, ब्राह्मण और कायस्थ हैं। परन्तु माधव का योगदान केवल कृष्णचरित और वृन्दावन के वातावरण को लाने तक ही सीमित प्रतीत होता है, जैसा कि निम्न-लिखित उल्लेख से संकेत मिलता है—

पहली कायथ ही ज वषानी।
पाछै माधव उचरी वानी।।
कछूक यामैं चरित मुरारी।
श्री व्रंदावन की सुखकारी।।

साधु माधव ने इस प्रकार मधुमालती के 'कामरस' को वृन्दावन के कृष्णलीला-सरोवर में नहलाकर मानो उस (कामरस) की पूर्णता[४] स्वीकार की है; परन्तु इसके विना भी चतुर्भुजदास[५] ने इस ग्रंथ को न केवल राजाओं, राज्यमन्त्रियों तथा कामीजनों के लिये रचा था, अपितु योगियों के लिए भी। उनकी सम्मति में, जो रसिक है और जिसे रस की चाह है वही इसके 'अध्यातम'[६] का अवगाहन कर सकता है। इसोलिए माधव ने इसमें 'कामरस' को पूर्णता दी और चतुर्भुज-दास इसके द्वारा 'रसकनि रस की बात' को गाकर मरुदेश में विख्यात हो गये—

---

१. नमसकार मो माधवा श्रीगुरु परम उदार।
जाइ कृपा तैं जगत भव निहचैं उतरैं पार।।

२. डॉ० माताप्रसाद गुप्त द्वारा संपादित मधुमालती वार्त्ता की भूमिका, पृष्ठ १-२।

३. मधुमालती बात यह गाई। दोयजना मिलि सोय बणाई।।
येक साध ब्राह्मन सोई। दूजो कायथ कुल मैं होई।।
येक नांव माधव बड़ होई। मनुहर पुरि जानत सब कोई।।
कायथ नाम चत्रभुज जाको। मारु देसि भयो ग्रह तांको।।

४. माधो तातैं गाहियौ यो रस पूरन सोय।
कौन काम रस स्यौं हुतो जानत हैं सब कोय।

५. राजा पढ़ै तो राजगत, मंत्री पढ़ै तो वुद्ध।
कामी पढ़ै विलासरस, जोगी पढ़ै तो सिद्ध। (१, अन्त ८४)

६. रसिक होय अरु रसकूं चाहै। अध्यातम आतम अवगाहै। (१, अन्त ८१)

माधौ तातैं गाहियो यौ रस पूरन सोय।
कौन काम रसस्यौं हुतो जानत है सब कोय॥
काइथ गाई जानि कै रसकनि रस की बात।
नाम चतुर्भुज ही भयौ मारू मांहि विख्यात॥

माधवशर्मा और वृन्दावनलीला

माधवशर्मा ने मधु-मालती के भौतिक कामरस को पूर्णता देने के लिये, मधु का मालती के पास से भागकर कृष्णलीलाभूमि वृन्दावन में जाना दिखलाया है। शुद्ध नैतिक दृष्टि से राजा द्वारा भेजे गये सैनिकों के सामने से भाग जाना और वह भी अपनी प्रेयसी को संकटापन्न स्थिति में छोड़ जाना नायक के चारित्रिक पतन का द्योतक है, परन्तु यहाँ हमें भारतीय कला के 'भावसंमिलन' की दृष्टि[1] से विचार करना चाहिए न कि स्वधर्म-प्रतिपालन की दृष्टि से। द्वितीय दृष्टि इतिहास-प्रधान काव्यों की है जो नैतिक मर्यादा की स्थापना का लक्ष्य लेकर चलते हैं; रामायण इस दृष्टि का एक सर्वोत्तम उदाहरण है। इसके विपरीत, प्रथम दृष्टि 'भाव-संमिलन' की रहस्यभूमि को लक्ष्य बनाकर चलती है जिसमें कुंभ से भी अगस्त्य का जन्म हो जाता है, सती द्रौपदी के पांच पति हो सकते हैं, प्रजापति द्वारा अपनी पुत्री के साथ समागम संभव है और सूर्य अपनी स्वसा उषा का जार हो जाता है। इस दृष्टि का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण कृष्णलीला है, जिसको लक्ष्य करके भागवतटीकाकार नीलकंठ ने लिखा है कि, "देवकी आदि नाम केवल प्रतीकात्मक हैं जिनका एक गूढ़ तात्पर्य है। कथा कहने का वहां लक्ष्य नहीं, अपितु गोपियों के साथ होने वाली कृष्ण की रासलीला का आधार जीव एवं ईश्वर के बीच स्थित शाश्वत सम्बन्ध का अमर एवं सनातन सत्य है। प्रत्येक सच्चे भगवद्भक्त के हृदय में यह लीला किसी समय भी संभव हो सकती है, क्योंकि मानव का हृदय ही इस लीला की भूमि है......गोलोक (चेतना की एक भूमि-विशेष) में यह लीला कृष्ण की इच्छानुसार निरंतर चलती रहती है।" इस प्रकार की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति में नैतिकता और अनैतिकता के प्रश्न को लाना व्यर्थ है, क्योंकि, जैसा कि डा० कुमारस्वामी[1] ने कृष्णलीला के आलोचकों के उत्तर में कहा है, "यह नैतिक न होकर आध्यात्मिक विषय है; इसका आचारशास्त्र से कोई सम्बन्ध नहीं। यह बात सर्वमान्य है कि आचार-शास्त्र के स्तर पर, भारतीय समाज-व्यवस्था ने जो नैतिक मूल्य स्थिर किए है वे अकाटच एवं अनिंद्य हैं।" अतः यदि साधारण परकीयाप्रेम की गरिमा

१. आं० कु० राजपूत पेंटिंग (१९२६), पृ० ६२.

दिखाना ही रासलीला का लक्ष्य रहा होता, तो कृष्णलीला को यह आदर और गौरव का स्थान न मिल पाता जो आज युगों से चला आ रहा है।

इस प्रसंग में यह भ्रम-निवारण भी आवश्यक है कि कृष्णलीला से संबन्धित ग्रन्थों में ही इस प्रकार की परिपाटी प्रचलित है। वस्तुतः 'यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे' के सिद्धान्त पर आधारित भारतीय जीवन-दर्शन में भौतिक आध्यात्मिक, बाह्य और आन्तरिक एवं स्थूल और सूक्ष्म तत्त्वों का शाश्वत सहास्तित्व माना गया है। एक सच्चे ईसाई विद्वान लेखक[1] के शब्दों में, भारतीय दृष्टि में, मानव जीवन अपने सभी व्यापारों के रूप में एक ऐसा कर्मकाण्ड समझा जाता है जिसका बाह्य होने के साथ ही आभ्यंतरिक भी होता है। इसका अभिप्राय यह नहीं कि जीवन एक काल्पनिक प्रतीक है, अपितु उसका अभिप्राय एवं लक्ष्य एक साथ आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों है। जिसको हम पाशविक अथवा भ्रष्ट आचरण कहते हैं उसको केवल बाहरी रूप देख कर नहीं पहचाना जा सकता; यदि ऐसा होता, तो डाक्टर की आपरेशन टेबिल पर होनेवाली मौत को भी हत्या की संज्ञा मिलती जैसा कि आर्थर अवेलन ने अपने अंग्रेजी ग्रंथ, तांत्रिक प्रिंसिपुल्स में कहा है, वस्तुतः भ्रष्टता अथवा अपवित्रता अविद्या की पुत्री है जो वास्तविक दिव्य कर्म से भी दिव्यता को दूर करके उसको केवल विषय-भोग की श्रेणी में ला बिठाती है।" अतः मानव को मानवता के ऊँचे स्तर से गिराकर पशुत्व के निम्न स्तर पर लेजाने वाले आहार, निद्रा, मैथुन आदि जैसे स्वयं पशु-सुलभ व्यापार नहीं, अपितु उन व्यापारों के द्वारा निरन्तर सक्रिय रहने वाली ईश्वरीय व्यवस्था और आवश्यकता का अज्ञान एवं अनादर मात्र है।

शुद्ध भारतीय परंपरा के शृंगार-काव्यों (जिनमें चतुर्भुज और मंझन की कृतियाँ भी निस्संदेह शामिल हैं) के कामविलास का मर्म इसी दृष्टि से समझा जा सकता है और जहाँ यह दृष्टि नहीं रहती वहाँ का यथार्थवाद कोरा 'बुराई का विज्ञापक' मात्र रह जाता है। कामप्रवृत्ति के वैज्ञानिक विश्लेषण में रुचि रखने वाले फ्रायडवादी आज इसी दृष्टि के अभाव में स्वाभाविकता और यथार्थता के नाम पर साहित्य एवं कला के क्षेत्र में 'बुराई के विज्ञापन' का समर्थन कर जाते हैं, जबकि भारतीय कामसूत्र के प्रणेता वात्स्यायन भी अर्थकामपरायण जीवन में धर्म की सर्वोपरिता को अमान्य नहीं ठहरा सके। 'कामसूत्र के साथ 'औद्धत्य'

---

१. स्वर्गीय डा० आनन्द, ए. कुमारस्वामी, राज. पेंटिंग, पृ० ६३

का समायोजन करके भी भवभूति ने मालती-माधवम् को एक स्वस्थ मर्यादा का पोषक बनाने में जिस दृष्टि से काम लिया उसके अभाव में आज उदात्त लक्ष्य से रचित कलाकृतियाँ भी औद्धत्य और कामुकता को छूते ही नग्न कामुकता एवं स्वच्छंद उद्दण्डता का विज्ञापन करती हुई देखी जाती हैं। इसका कारण यह है कि हमारे प्राचीन साहित्य और कला ने जीवन की समग्रता में पशुता को एक अनिवार्य अंग मानते हुए भी जीवन के गूढ़ तात्पर्य और प्रयोजन को कभी भी दृष्टि से ओझल नहीं होने दिया।

मधुमालती की चित्रकला

यही सत्य इस ग्रंथ में संगृहीत मधुमालती-चित्रावली के अध्ययन से भी उद्घाटित होगा। परन्तु इस निष्कर्ष तक पहुँचने से पूर्व प्रस्तुत चित्रावली की कलात्मक पृष्ठभूमि का सामान्य परिचय देना आवश्यक होगा। चित्रकला के क्षेत्र में भी संगीत की भांति हमारे यहाँ कई सम्प्रदाय हैं। इन चित्रों को आधुनिक कलामर्मज्ञों[1] ने जिस संप्रदाय-विशेष के अन्तर्गत रक्खा है उसे 'राजपूत' की संज्ञा दी गई है और इसके दो बड़े भेद 'राजस्थानी' और 'पहाड़ी' माने गये हैं। चित्रकला के क्षेत्र में प्रायः संप्रदाय के स्थान पर 'कलम' शब्द का प्रयोग होता है, परन्तु अन्य कलाओं (विशेषकर साहित्य) के व्यापक संदर्भ में रखने की दृष्टि से यहाँ संप्रदाय शब्द अधिक समीचीन प्रतीत होता है; अतः राजस्थानी और पहाड़ी की दो कलमें न कहकर यहाँ दो कला-संप्रदाय कहना अधिक अच्छा जंचता है। राजस्थानी संप्रदाय के अन्तर्गत न केवल वर्तमान राजस्थान में सम्मिलित मेवाड़, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, किशनगढ़, बूँदी और कोटा आदि की चित्रकला आती है, अपितु उसमें बुंदेलखण्ड, पश्चिमी मालवा तथा गुजरात की चित्रावलियां भी आ जाती हैं। पहाड़ी संप्रदाय के अन्तर्गत दो बड़े वर्ग हैं, एक रावी नदी से पूर्व स्थित चम्बा, नूरपुर, गुलेर, दतारपुर, सीब, जसवान, कांगडा, कुटलेर, मण्डी, सुकेत तथा कुलू आदि का जालंधर-वर्ग तथा दूसरा रावी नदी से पश्चिम-स्थित चंबा, वसेहली, भद्दु, मांकोट, बेहनद्राल्त, जसरोट, साम्ब, जम्मू, चनेहनी, कस्टवार तथा भद्रावाह का डोंगरा-वर्ग। इन भूतपूर्व राज्यों के अतिरिक्त इसी वर्ग में टेहरी गढ़वाल को भी सम्मिलित किया जा सकता है।

---

१. राज० पें० (१९२६) पृ० ३-२२।

राजपूत चित्रकला की प्रमुख विशेषताएँ

मधुमालती की चित्रावलि के सौन्दर्य्य को हृदयङ्गम करने के लिए राजपूत चित्रकला की प्रमुख विशेषताओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। अतः यहाँ पर उनका परिचय दिया जाता है। इस संप्रदाय के चित्रों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि उसकी एक अपनी प्रविधि और शैली है जिसके द्वारा आकृति-प्रकृति, अङ्ग-प्रत्यङ्ग, वन-वनस्पति, जल-थल आदि को चित्रित करने के लिए किन्ही कलात्मक सूत्रों का प्रयोग किया गया है। इस दृष्टि से इन चित्रों से सङ्केत-विधान एवं वस्त्रविधान का गम्भीर परिचय प्रकट होता है। चेहरे को चित्रित करने में प्रायः पार्श्वबिम्ब को ही ग्रहण किया जाता है, परन्तु कभी-कभी सम्पूर्ण अथवा ईषत्पूर्ण बिम्ब अथवा पृष्ठबिम्ब भी प्राप्त होता हैं। श्री असितकुमार हलदार[1] के अनुसार मुगल-युग के आरंभ की राजपूत चित्रकारी में भारत की स्वतन्त्रता एवं आदर्शभूत शैली के दर्शन होते हैं, परन्तु परवर्ती काल में वह भारतीय एवं मुगल-कला का सुन्दर सम्मिश्रण बन जाती है। श्री-रामगोपाल विजयवर्गीय[2] का कथन है कि 'मुगल-शैली का प्रभाव केवल उन चित्रकारों पर अधिक रहा जो राजकीय सम्पर्क में थे या जहाँ के शासक मुगल दरबारों से घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित किये हुये थे।'

डॉ० आनन्दकुमार स्वामो ने राजपूत चित्रों में प्रयुक्त निम्नलिखित रंगों का उल्लेख किया है—

अभ्रकी	...	...	पीला भूरा
आसमानो	...	...	आसमानी नीला
बादामी	...	...	बादाम का सा
चाँदी या रूपा	...	...	रजतवर्ण
चेरा, चेहरा	...	...	हलका लाल (ईंट का सा)
धूम्र	...	...	धूयें का सा
गौरी, गौर	...	...	हलका पीला, सुनहरा
गुलाबी	...	...	गुलाब जैसा लाल
कारी, काला	...	...	काजल जैसा
खाकी	...	...	

१. भारतीय चित्रकला, पृ० १६।
२. राजस्थानी चित्रकला, पृ० क।

लाल, सिंधूर, सँधूरी, सुरखी	...		रक्तवर्ण
नारंगी	...	...	संतरे जैसा
नीला	...	...	गहरा नीला
सवज़, सज, सोजा		...	हरा
सोना	...	...	स्वर्णवर्ण
सुफेद, सुफेदा, धोला, धवली	...		श्वेत या धवल
वसन्ती, पीली	...	...	केसरिया
सोसनी	...	...	(वैंगनी ?)

राजपूत चित्रकला में प्रयुक्त साज-सज्जा तथा वस्त्राभूषण आदि का अध्ययन डॉ० हरमान गोवेत्स ने विशेष रूप से किया है, और इस आधार पर राजपूत एवं मुगल शैलियों की अपनी-अपनी विशेषताओं को भी स्पष्ट किया है। राजपूत पेंटिंग-नामक ग्रंथ[1] के लेखक ने राजपूत साज-सज्जा का उपयोगी वर्णन दिया है जिसको संक्षेप में यहाँ दिया जा रहा है—

पुरुष-साज-सज्जा :

(क) बिन्दियाँ, अंगराग और रंग

टीका या तिलक—(भृकुटियों के बीच)

छाप —(संप्रदायगत चिह्न, शरीर के अंगों पर) हाथ-पैरों की अंगुलियों में मेंहदी।

(ख) सरपेश या

सरपेंच —प्राय: रत्नजटित या गोटेदार जो पगड़ी में रहता है.

माला-बन्द —रत्न-जटित पट्टी या ताजे फूल जो पगड़ी के ऊपर रहे।

बाला —मोती या रत्न पिरोई हुई कानों की बालियाँ।

भुजबंद —कुहनी से ऊपर भुजदंड का भूषण।

कंकण —कलाई का भूषण।

नूपुर —

मुकुट —पंचकोना मुकुट राजाओं और देवताओं के लिये।

मोर-मुकुट —केवल कृष्ण के लिये।

---

१. पृष्ट २३ से ३६ तक।

(ग) पगड़ी —शुद्ध राजपूती, पतला और लम्बा (प्राय: ६ इंच चौ. और ३० लम्बा) ।

साफा —सम्भवतः अफगानों की देन (?), चौड़ा और छोटा (१×८ गज) ।

धोती (सं० धौती), —अधोवस्त्र जिसे बाँधने के अनेक प्रकार हैं

पीतांबर —कृष्ण का पीला अधोवस्त्र ।

लँगोटी
टीपी —प्राय: चित्रों में गोवों द्वारा प्रयुक्त

दुपट्टा या उत्तरीय चादर

शाल-दुशाला

अंगरखा

जामा या तकौचिया—एक दरबारी पोशाक, नीचे तक झूलता हुआ लम्बा कोट सा । नीचे (कमर से ऊपर) और ऊपर (कंधे पर) तनीदार, बाईं ओर राजपूती और दाहिनी ओर मुसलमानी । कुशान युग से भारतीय पोशाक, यदि इससे पुरानी भी हो, तो आश्चर्य नहीं ।

चपकन, —एक चुश्त लम्बा घेरदार और तनीदार कोट, चित्रों में मध्यवर्गीय लोगों की पोशाक !

अंगरखा, —छोटी और सादी चपकन, किसानों की पोशाक

पैजामा, चूड़ीदार —कुशान काल से भारतीय पोशाक

कच्छा

कमरबंद या पटुका

स्त्री-साज-सज्जा—

(क) बिन्दी, रंग और अंगराग
माँग
टीका या तिलक
छाप (चन्दन-चिह्न)
महावर या लाक्षारस
अंजन
मेंहँदी

(ख) आभरण या आभूषण—

चोंक	—अर्द्धचंद्राकार या त्रिकोण आभूषण (शिर पर)
सिर-मांग	—माँग पर मोतियों की लड़ी।
घेढ़ी या टीका	—मस्तक पर लटकता हुआ भूषण
शीशफूल शीशमणि सूरज	—केशों के रत्नाभूषण
नथ बेसर बेसरी	
बेना चंद-बेना जुगनू	—मस्तक या बालों के लटकनदार भूषण
माला हार चन्द्रहार पंचलड़ी धुकधुकी	—कई प्रकार के आभूषण जो गले में पहने जायें
कंकण चूड़ी कड़ा नंगरी	—कलाई के भूषण
मुंदरी मुद्रा	—उँगलियों की अंगूठी
हथफूल	—हथेली के पृष्ठभाग का आभूषण
छल्ला	—पैर की अंगुलियों की मुंदरी
अनवट अंगुष्ठ	—पैर के अंगूठे का छल्ला
बिछुआ	—पैर की अंगुलियों का आभूषण (प्रायः बजने वाला)

नूपुर जेहरा तेहरा	—पैरों का आभूषण

(ग) वस्त्र—

सारी	—(संस्कृत साटी, साटिका)
दुपट्टा ओढ़नी चादर	—उत्तरीय
चोली अंगिया	—वक्षस्थल के वस्त्र
लँहगा घाघरा	—कटि से नीचे तक का वस्त्र
झंगुलो पेशवाज़	—पैजामा के ऊपर प्रयुक्त पूरी पोशाक जिसमें ऊपर से नीचे तक पूरा शरीर ढ़क जाता है।

राजपूत चित्रकला के विषय

राजपूत चित्रकला में चित्रण-विषय का वैविध्य और वैशिष्ट्य उल्लेखनीय है। रामायण, महाभारत, पुराण, तन्त्र, वीरकाव्य, शृंगारकाव्य, भक्तिकाव्य आदि अनेक साहित्यिक स्रोतों से विषयों का प्रायः चयन किया गया है। एक बहुत ही प्रसिद्ध विषय राजपूत कला का 'रागमाला' है जिसमें ३६ रागनियों का वर्णन करने वाली कविताओं को चित्रित किया जाता है। राग-रागनियों के गाने से वही भाव व्यक्त होता हैं जो उन कविताओं की शब्दावली से, और उस भाव को व्यक्त करने के लिये चित्र में कुछ निश्चित प्रविधि अपनाई गई है। दूसरे शब्दों में कवि, संगीतकार और चित्रकार तीनों का भाव यहाँ एकरूपता ग्रहण करता है। रागमाला-चित्रों का तात्त्विक स्वरूप शृंगारात्मक है, और उस शृंङ्गार की अपनी दार्शनिक पृष्ठभूमि है जो काव्य, संगीत एवं चित्र की सम्मिलित संपत्ति होकर रागमाला-चित्रों की आधार बनती है। इसकी तुलना भरत के नाट्य (यथा मालविका के चलित नाट्य) से की जा सकती है जहाँ काव्य, वाद्य और अभिनय के द्वारा एक ही भावाभिव्यक्ति की जाती है; कत्थक-नृत्य में अभिव्यक्त शिवताण्डव आदि विषय भी इसी प्रकार के उदाहरण हैं। अतः यह परम्परा भरत के नाट्यशास्त्र के समान ही अति प्राचीन रही होगी,

यद्यपि इसका लिखित प्रमाण अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है। डॉ० आनन्दकुमार स्वामी[1] का कथन है कि रागमाला-चित्र राजपूत-चित्रों में सबसे अधिक प्राचीनता, गम्भीरता एवं रंगीणता से युक्त है, परन्तु उनकी प्राचीनता का कोई साहित्यिक प्रमाण नहीं मिलता। विष्णुधर्मोत्तर में वर्णित, वैणिक, सात्विक, नागर और मिश्र भेदों में से डॉ० आ० कु० स्वामी ने प्रथम को रागमाला के समकक्ष मानने के लिए संकेत किया है, परन्तु यथार्थतः इनको मिश्र-चित्र मानना उपयुक्त होगा क्योंकि ये चारों भेद क्रमशः पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी और परा की तुलना में किये गये हैं और इसलिए मिश्रचित्र में परा की भाँति अन्य तीनों के बीज मयूराण्डरसवत् विद्यमान मानने होंगे। नागर-चित्र में शृंगार रूपगत है, सात्विक में गुणगत है और वैणिक में वह शीलगत है तथा मिश्र में इन तीनों का एकत्र समावेश होगा; यही बात रागमाला-चित्रों में है और इसी प्रकार के समन्वय अथवा संमिश्रण के प्रयत्न काव्य के क्षेत्र में मधुमालती जैसे प्रेमाख्यानों में देखे जा सकते हैं। अतः मधुमालती के लिये शृंगार की यह दार्शनिक पृष्ठभूमि न केवल काव्य की दृष्टि से अपितु चित्रावली की दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इसलिये इस दृष्टि से भी शृंगार का यहाँ थोड़ा विवेचन अपेक्षित है।

राजपूत चित्रकला में शृङ्गार

उपर्युक्त रागमाला अथवा मिश्र में जो शृंगार अभिप्रेत प्रतीत होता है वह साहित्य-मीमांसाकार का शृंगाराद्वैत अथवा भोज का अहङ्कार-शृंगार या उपनिषदों का आत्मानन्द है। इसके रूपांतर न केवल शृङ्गार-प्रकाश के काम-शृंगार, अर्थ-शृङ्गार, धर्म-शृंगार तथा मोक्ष-शृंगार हैं, अपितु वे आठ या नव रस भी हैं जिनके अन्तर्गत स्त्री-पुरुषों के यौन-संबंधों से संबंधित काम-शृंगार का तथाकथित व्यावहारिक रूप आता है। डॉ० राघवन[2] के अनुसार, यही अहंकार-शृंगार मनुष्य की समस्त संस्कृति एवं स्वस्ति का मूल, चरित्र का उत्कर्ष, रसिकता का हेतु तथा पूर्वजन्म के पुण्यकर्मों का सहज फल है। यही वह केन्द्रस्थानीय अग्नि है जिसके चतुर्दिक् विराजमान अचिस्वरूपा सभी मानवीय भावनायें उसे उत्तरोत्तर ज्योतिर्मय करती रहती हैं (सप्तर्चिषं द्युतिचया इव वर्धयन्ति) इसकी तुलना एवरक्राम्बे की 'अनामा भावना' (emotion nameless) अथवा आधुनिक मनोविश्लेषणविज्ञान 'लिबिडो' से की गई[3] है, परन्तु यह तुलना तभी तक

---

१. राजपूत पेंटिंग (१९२६), पृ० ४३।

२. शृंगारप्रकाश, पृ० ४८९

३. वही, पृ० ४९०-९१

सार्थक होगी जब तक आध्यात्मिक आनन्द की भूमि से नीचे उतरने का प्रयास न करें, क्योंकि नीचे उतरते ही हम शृंगार के व्यावहारिक क्षेत्र में उतर कर मध्यमावस्था के भावप्रदेश में विचरने लगते हैं।

अस्तु, राजपूत सम्प्रदाय के सामान्य चित्रों की आधारभूमि प्रायः वही साधारण शृंगार है जिसे भोज ने कामशृंगार कहा है और जो अवस्था भेद से प्रकृष्ट-रस, भावरूप तथा आभास-रूप में पाया जाता है। प्रेमी और प्रेमास्पद, नायक और नायिका के पारस्परिक संबन्ध की दृष्टि से यह शृंगार दो प्रकार का है, वियोग और संयोग। वियोग को विरह या विप्रलंभ भी कहा जाता है जिसके पुनः प्रायः ६ या १० भेद हैं; इनमें से राजपूत चित्रकला के लिए, डॉ० आनन्द-कुमार स्वामी के अनुसार, अभिलास, स्मरण एवं व्याधि ही अधिक उपयोगी हैं। जिन विभिन्न अवस्थाओं में विरह का उद्भव होता है उनके नाम हैं पूर्वराग, मान, प्रवास, प्रव्रज्या और करुणा। राजपूत चित्रों में प्रथम चार अधिक मिलती हैं।

संयोगशृंगार अनेक प्रकार का बतलाया गया है और चित्रकला में इसकी अभिव्यक्ति भी विविध प्रकार से प्राप्त होती है। भोज के शृंगारप्रकाश में, एक दृष्टि से संयोग या संभोग-शृंगार के दो ही भेद, सामान्य और विशेष माने गये हैं। सामान्य-संभोग तो पशु पक्षियों का है और विशेष नागरिकों का। विशेष-संभोग के पुनः १२ भेद हैं, जिनमें से प्रत्येक की चार अवस्थायें सत्ता, अभिव्यक्त, अनुबंध तथा प्रकर्ष होती हैं।

इस शृंगार के अधिष्ठान हैं स्त्री-पुरुष अथवा नायिका और नायक जिनका वर्गीकरण भी आयु, अनुभव आदि की दृष्टियों से विविध प्रकार का मिलता है। प्रस्तुत विषय की दृष्टि से अष्टनायिका-भेद तथा चार या तीन नायक-प्रकार पर्याप्त होंगे।

आठ नायिकायें निम्नलिखित हैं—

स्वाधीनपतिका	—जिसका पति उसके वश में हो।
उत्का, उत्कला या उत्कंठिता	—जो अपने प्रिय नायक के लिये उत्कंठित होकर प्रतीक्षा करती हो।
अभिसंधिता या कलहान्तरिता	—जो नायिका मनुहार करने वाले नायक को फटकारती है और बाद में पछताती है।
खंडिता	—जिसका नायक रात बाहर बिताता है और सुबह वापिस आने पर फटकारती है

प्रोषित-पतिका —जिसका प्रिय आने की अवधि निश्चित करके प्रवास में गया है, परन्तु अवधि आने पर भी वापिस नहीं आता है।

विप्रलब्धा —जिसके लिये रात बीत जाती है, पर नियत स्थान पर उसका प्रिय नहीं पहुँचता है।

अभिसारिका —जो अपने प्रिय की खोज में बाहर जाती है।

अभिसारिका के भी कामाभिसारिका, कृष्णाभिसारिका, गर्भाभिसारिका आदि अनेक भेद होते हैं। परन्तु प्रमुख भेद दो ही हैं; एक शुक्लाभिसारिका जो श्वेत वस्त्र पहनकर चाँदनी रात में जाती है और दूसरी कृष्णाभिसारिका जो अंधेरी रात में काले वस्त्र पहनकर जाती है। इन दोनों में से राजपूत चित्रकला में केवल द्वितीय प्रकार हो प्राप्त होता है।

एक दूसरी दृष्टि से नायिकाओं के तीन और भेद हैं:—

(१) स्वकीया जो अपने विवाहित पति को प्रेम करती है।

(२) परकीया जो परपुरुष को प्रेम करती है।

(३) सामान्या जो निष्पक्ष भाव से प्रेम करती है।

अनुभव की दृष्टि से, अनुभवहीन अल्पवयस्का नायिका को नवला-बाला, मुग्धा या नवोढ़ा और अनुभवयुक्त बड़ी आयुवाली तथा ईषत्लज्जा वाली नायिका को प्रौढ़ा या प्रगल्भा कहा जाता है। इन दोनों के मध्य में मध्या नायिका आती है जिसमें लज्जा और प्रेम का सामंजस्य रहता है। प्रेम-मार्ग में निराशा आने पर नायिका जिस प्रकार व्यवहार करती है उसकी दृष्टि से नायिका धीरा, अधीरा तथा धीराधीरा कही जाती है।

नायिका की भाँति नायक के कई प्रकार हैं। भरत[1] ने १४ प्रकार के नायक माने हैं, परन्तु भोज ने कामशृंगार, अर्थशृंगार, धर्मशृंगार तथा मोक्ष-शृंगार की दृष्टि से चार ही नायक माने हैं, यद्यपि इनके अवान्तर-भेद अनेक हो सकते हैं। रसिकप्रियाकार और भाषाभूषणकार ने पति, उपपति (प्रेमी) तथा वैशिक (वेश्याप्रेमी) नायक स्वीकार किये हैं। अनुकूल, दक्षिण, शठ तथा धृष्ट नायकों के उदाहरण भी राजपूत चित्रकला में मिलते हैं और धीर, उदात्त, ललित, शान्त आदि भेद भी नायकों के लक्षण ग्रन्थों में मिलते हैं।

---

१. ना० शा० २२.

चित्रों में नायकों और नायिकाओं के विभिन्न प्रकारों को चित्रित करने के लिए प्रविधिविशेष अपनाई जाती है। उदाहरण के लिए डॉ० आनन्दकुमार स्वामी ने नायिका-भेद प्रकट करते हुये निम्नलिखित चित्रों की ओर संकेत किया है—

(१) स्वाधीनपतिका चित्र में सुखपूर्वक बैठी हुई दिखाई जाती है और उसका पति उसके पैरों पर झुका हुआ होता है।

(२) उत्का या उत्कंठिता नायिका किसी वृक्ष के नीचे अथवा उपवन के पास तृण या पत्तों की शय्या के पास बैठी या खड़ी होकर प्रतीक्षा करती हुई चित्रित की जाती है। सामने कमलाच्छादित जलाशय के पास मृगशावक चरते हुये या मुंह उठाये हुये दिखाये जाते हैं।

(३) वासकशय्या अपने गृह के द्वार से बाहर की ओर देखती हुई चित्रित की जाती है अथवा अपने वापिस आते हुये पति का स्वागत करती हुई होती है और उसकी सखियाँ भीतर शय्या सजाती हुई दिखाई जाती हैं। कभी-कभी चित्र में पति के आगमन का सूचक कौआ भी चित्र में होता है।

(४) अभिसंधत्ता अपने प्रेमी का निरादर करके भूमि पर निर्विण्ण होकर बैठी हुई होती है और उसका प्रेमी नायिका की ओर पीठ फेर कर जाता हुआ चित्रित किया जाता है।

(५) खंडिता प्रातःकाल अपने विलंबित पति को डाँटती हुई दिखाई जाती है।

(६) प्रोषितपतिका अपनी सखी के साथ उद्विग्नमना होकर बैठती है।

(७) विप्रलब्धा उत्कंठिता की भाँति ही शय्या के पास प्रतीक्षा करती होती है परन्तु साथ ही प्रिय के न आने से नैराश्य एवं अधैर्य्यवश आभूषणों को उतार कर फेंकती हुई दिखाई देती है।

(८) अभिसारिका अंधेरी और तूफानी रात को जाती हुई चित्रित की जाती है; एक-आध आभूषण मार्ग पर गिरते हुये जाते हैं; सर्प पैरों में लिपट जाते हैं; बिजली चमकती है; वर्षा होती है।

शृङ्गार और सहित दृष्टिकोण

चित्रकला, संगीत और काव्य में शृंगार को प्रधानता देते हुये भी मर्यादा-वाद भारतीय परम्परा की प्रमुख विशेषता है, क्योंकि चतुर्भुजदास के शब्दों में, वह शृंगार द्वारा रसिकों को रिझाना तो अपना कर्तव्य मानती है परन्तु यह

रिझाना 'सहित' होना चाहिये 'अहित' कदापि नहीं। इसका अभिप्राय यह कदापि नहीं कि साहित्य या कला को विधि-साहित्य अथवा धर्मशास्त्र में परिणत कर दिया जाय; परन्तु साथ साहित्य एवं कला को उच्छृङ्खलता का प्रचारक तथा बुराई का विज्ञापक भी नहीं होने दिया जा सकता, क्योंकि ऐसा होने से मानव निस्संदेह अपने विवेक एवं स्वातंत्र्य को खोकर वासना का दास बन जाता है, जिसके फलस्वरूप उसके पल्ले न सौंदर्य्य पड़ता है, न स्वास्थ्य, न भोग पड़ता है, न आस्वादन, अपितु केवल कुरूपता, रोग, जुगुप्सा और निराशा ही अंत में उसके हाथ लगते हैं। आज विचार-स्वातंत्र्य, आचार-स्वातंत्र्य एवं जीवन-स्वातंत्र्य के नाम पर, यथार्थवाद, आधुनिकता और नवीनता के व्यामोह में मानव की मानवता का जो नृशंसतापूर्वक संहार होने जा रहा है उसकी ओर संकेत करते हुये किन्हीं कैलाशसिंहजी ने २२ अगस्त १९६७ के नवभारत टाइम्स में एक उल्लेखनीय रिपोर्ट दी है जिसको यहाँ अविकलरूप से उद्धृत किया जा रहा है—

यौन-कुंठाग्रस्त पीढ़ी के प्रतीक बीटनीक

"दिल्ली शहर के पार्कों में आजकल कतिपय विचित्र व्यक्ति देखने को मिलते हैं। आठ-दस विदेशी युवक और उनके साथ एक-दो नवयुवतियाँ गोल बाँधकर बैठी रहती हैं। गले में रुद्राक्ष और हाथों में गाँजे या चरस की चिलम लिये ये युवक आध्यात्मिकता की खोज में भटके राही हैं या पश्चिम की यौन-कुण्ठाओं से ग्रस्त एक सामाजिक प्रश्नचिह्न हैं। इनमें से कुछ अपने को 'बीटनीक' बतलाते हैं। बीटनीक या आहत पीढ़ी की अधिकांश विच्युतियों का समर्थन करने वाले ये अधकचरे तथाकथित कलाकार मूल्यहीन एवं आस्थाच्युत समाज के प्रतिबिम्ब हैं।

"प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता एवं समाजशास्त्री टोयनबी ने इस पीढ़ी को अमरीका के लिए एक चेतावनी बतलाया है। इन विदेशी युवक-युवतियों में कुछ अपने आपको हिप्पी बतलाते हैं।

"दिल्ली भारत की राजनीतिक ही नहीं कलात्मक राजधानी भी है। दिल्ली को तो इन सब विरोधी भावों को पचाने की शक्ति है, लेकिन ये विच्युत एवं कुंठित युवाजन जब भारत के ग्रामीण अंचलों में पहुँचते हैं तब आदरसूचक सम्मान से इनका स्वागत होता है, और ये अपनी इन यौन एवं मानसिक विच्युतियों को अपने हाव-भाव से प्रचारित करते हैं क्योंकि इनकी भाषा हमारा जनमानस नहीं समझता। उत्तरप्रदेश के पर्वतीय अंचलों में भी इनकी टोलियाँ किन्हीं अनजान लक्ष्यों की खोज में घूमती हुई दिखलाई देती हैं।

"खुलेआम गांजा व चरस पीने और पिलाने वाले ये पाश्चात्य युवाजन शरीर की भूख की तृप्ति के लिये 'सभी' कुछ करते हैं। अधनंगी युवतियाँ टी-हाउसों और काफी-हाउसों में अध्यात्म की खोज में अपने शरीर के प्रदर्शन एवं सेक्स-अपील से अपने तथा अपने साथियों के लिये सीधा-सादा लंच जुटाती हैं या फिर भूख और सूखे से दुःखी भारतीय को उसके स्वर्णिम अतीत की याद दिलाती है।

"इन विच्युत विदेशियों का मानसिक गठन कैसा ही हो, पर ये अपने व्यवहार से अभी तक हिंसात्मक प्रवृत्तियों को नहीं निकाल सके हैं। अभी उस दिन कनाट प्लेस में एक युवक तथा युवती गोलमार्केट से एक स्कूटर-रिक्शा में आये। उन्होंने चालक के हाथों में बीस पैसे रख दिये। चालक ने जब अपना पूरा किराया माँगा, तो वह युवक मरने-मारने पर उतारू हो गया। दो-चार भारतीयों ने बीच-बिचाव करवाया। कनाटप्लेस के कुछ जलपानगृहों ने इन विदेशियों को 'सर्व' करना छोड़ दिया है। खा-पीकर ये लोग अक्सर झगड़ा करते हैं। यह शिकायत बहुत आम हो गई है।

"चरस, अफीम और गांजा पीने वाली यह पीढ़ी किसी सामाजिक नैतिकता की कायल नहीं हैं। सामाजिक संबन्धों को ये नहीं मानते। इनके लिये औरत, भांग और खाना जीवित रहने का साधनमात्र हैं। इस पीढ़ी की युवतियां भारतीय सामाजिक जीवन की गणिकाओं की श्रेणी में भी नहीं आ सकती हैं। पशुवत् प्रवृत्ति और व्यवहार इनका जीवन है।

"नपुंसक विद्रोह और मानसिक ऐय्याशी के ये प्रतीक केवल स्वयं ही मूल्य-हीन जीवन नहीं जी रहे हैं। बल्कि उसका प्रचार भी कर रहे हैं। भटके हुए ये युवाजन अपने साथ केवल सामाजिक कलुष ही नहीं ला रहे है, बल्कि इनके साथ जासूसों के पत्र राजनीतिक एवं सैनिक सूचनाओं के लिये भी ला रहे हैं। अपने आपको 'मिस-फिट' या सामाजिक रूप से स्वीकारे गये कहने वाले ये विदेशी अपना प्रभाव किस हद तक हमारे समाज पर डालेंगे यह तो समाज-शास्त्री ही बतलायेंगे, पर हमारे साहित्यकार इनकी 'रो' में न बह जायें यह खतरा अवश्य है.................।"

स्वस्थ दृष्टि की आवश्यकता

उक्त वक्तव्य जिस नैतिक संकट की ओर संकेत कर रहा है वह हमारे राष्ट्रीय जीवन में तीव्र गति से आने को उत्सुक है। इससे भी अधिक भयङ्कर

बात यह है कि स्वामी दयानन्द और गांधीजी की शुद्ध स्वदेशी विचारधारा को पूर्णतया परित्याग कर, देश प्रत्येक विदेशी वस्तु का, चाहे वह कितनी ही सड़ी-गली क्यों न हो, हार्दिक अभिनन्दन करने को लालायित है। हालावाद की गोद में विराजमान इंद्रियलोलुपता एवं विलासिता स्वाभाविकता तथा यथार्थवाद के नाम पर, अधिकारवाद के आश्रय में पनपती हुई हिंसा तथा अराजकता की प्रवृत्ति व्यक्ति-स्वातंत्र्य के नाम पर और अभिनन्दनवाद की छाया में नृत्य-निरत आधुनिकता एवं भौतिकता की उत्कट अभिलाषा समस्त देशी परम्पराओं, मान्यताओं तथा मर्यादाओं को ध्वस्त करने में लगी हुई है जिसके परिणामस्वरूप भारतीयता के प्रति घोर विद्वेष ही हमारे वर्तमान जीवन की सबसे बड़ी विशेषता हो गई है और कोई भी 'चेतावनी' की भाषा सुनने को तैय्यार नहीं।

शताब्दियों पूर्व वेदव्यास ने ऐसी ही नैतिक अराजकता एवं दार्शनिक अव्यवस्था को लक्ष्य करके कहा था कि—"मैं भुजा उठाकर ऊँचे स्वर में कह रहा हूँ कि अर्थ, काम और मोक्ष, इन सब की रक्षा धर्म से ही संभव है; परन्तु मेरी कोई नहीं सुनता।" इस बात से कोई इन्कार नहीं करता कि अर्थ और काम 'आहारधर्मा' हैं और जीवन के लिए उनकी अनिवार्य आवश्यकता है, परन्तु यदि अर्थ, काम-परायणता सर्वतंत्रस्वतंत्र होकर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से खिलवाड़ करने लगें, तो किसके अधिकार सुरक्षित रह सकेंगे और कहाँ जायेगा व्यक्ति-स्वातंत्र्य तथा मानव-प्रेम। सामाजिक जीवन की यह सबसे बड़ी मांग है कि व्यक्ति अपने अर्थ और काम का उपयोग इस ढंग से करे कि अन्य व्यक्तियों के अधिकार भी सुरक्षित रह सकें; व्यक्तिगत मानवता की मांग है कि अर्थ और काम का उपभोग व्यक्ति इस ढंग से करे कि वह अपने लिए, समाज के लिए और मानवता के लिए सर्वाधिक उपयोगी बन सके। इन्हीं दो मांगों की पूर्त्ति जिन नियमों और मर्यादाओं से होती है उन्हीं को भारतीय समाजशास्त्र धर्म कहता है, क्योंकि इनके द्वारा ही व्यक्ति का वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन धारण किया जाता है। इसी से प्रेरित होकर चतुर्भुजदास जैसे लेखकों ने शृंगार-काव्य में भी मर्यादावाद को नहीं छोड़ा और घोर शृंगारमय प्रसंगों में भी सामाजिक रुचि के परिष्कार एवं पथप्रदर्शन के लिये धर्म तथा नीति का प्रयोग बड़े कौशल के साथ किया। उनकी कुशलता इसी में है कि उनके इस प्रयोग से शृंगारिकता की सुवास कहीं फीकी नहीं पड़ी है और साथ ही वह स्वयं विकृत एवं विषाक्त होने से बचकर 'महारस' में डुबकी लगाने के लिए अनुपयुक्त नहीं होने पाई है।

चतुर्भुजदास की यह कला उस वैविध्यपूर्ण भारतीय परंपरा का एक अंग है जिसने घोरातिघोर शृंगार को भी धर्मसंमत और नीतिसंमत करके ग्रहण किया है। कालिदास ने जिस शृंगार-साधना का अध्ययन अपने नाटकों के साधारण जीवनसंदर्भ में प्रस्तुत किया उसी को उन्होंने जगत् के मातापिता से संबद्ध करके परम उदात्त बना दिया है। उसी प्रकार भवभूति, वाल्मीकि, श्रीहर्ष आदि कवियों ने शृंगार की सार्वभौम सत्ता को स्वीकार करते हुये भी क्या उसे निरंकुश होने की छूट दी है ; कृष्णलीला में शृंगार को जो आध्यात्मिक स्वरूप प्राप्त हुआ है और उसके माधुर्य्य से मुखरित चित्रकला, संगीतकला और काव्यकला के माध्यम से हमारे देश का मध्यकालीन विलासमय सामाजिक जीवन भी अधःपतन के गर्त में सदा के लिये गिरने से बच गया; वह उसी भारतीयता की गौरवमय विजय है जिसने शृंगार के प्रति स्वस्थ दृष्टि अपनाकर, कामशृंगार को अखण्ड जीवननीति के भीतर पुरुषार्थचतुष्टय में स्थान दिया तथा उसे त्रिवर्ग का सारभूत तत्त्व माना था। दुःख है कि यह स्वस्थ पंरपरा आज छिन्न-भिन्न होने जा रही है। और पुरुषार्थचतुष्टय तथा त्रिवर्ग की परिकल्पनायें हमारे लिये रीते शब्दमात्र रह गये हैं। आवश्यकता है इस भारतीयतामय जीवनदर्शन को उन आधुनिकता-प्रेमियों को ऐसी भाषा में समझाने की और इस कौशल के साथ समझाने की कि उनका भारतीयताद्वेषी मानस भी उसे सुगमता से ग्रहण कर सके। इसके विना आवश्यक स्वस्थ दृष्टि उन्हें नहीं मिल सकती और न मिल सकता हैं उसके विना राष्ट्रीय स्वावलम्बन और भारतीयता का गौरव। परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि हमारे साहित्यिक लोग चतुरभुजदास के साथ यह व्रत लें कि:—

चातुर चित हितसहित रिझाउँ।

फतहसिंह

सचित्र मधु-मालती-कथा

राजस्थानी भाषा-साहित्य ग्रन्थसूचि

१. सचित्र मधु-मालती कथा। क्रमाङ्क – १५७८ (२)

आकार – गुटका (पुस्तकाकार) माप (साइज) – ९ + ६

पृष्ठसंख्या १४१, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति २१, प्रतिपङ्क्ति अक्षर १६

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, लेखनसमय १८७७ विक्रमी

पुस्तकदशा – साधारणतया ठीक है, किन्तु कहीं कहीं पर प्रान्त्य भाग त्रुटित है।

पुस्तक प्रारम्भ –

॥९०॥ श्री गणेशाय नमः ॥ श्री सारदाय नमः ॥ अथ मधुमालतीरी वात लिख्यते।

॥ चोपाई ॥ वर विरंचतनया वर पाऊ। संकरसुत गणपति मनाऊ ॥
चातुरहित सहचरी रिंझाऊं। रस मालती मनोहर गाऊं ॥ १ ॥
लीलावती ललित इक देशा। चंद्रसेन तिहां सुघड नरेशा ॥
सुभग धांम ज गगन प्रवेशा। मांनो मंडल रच्यौ महेशा ॥ २ ॥
वसें नयर जोजन परि च्यारें। चोरासी चोहटा चिंहुं बारें ॥
अतिविचित्र दीसे नर नारी। मांनौ तिलक नरभुवन मझारी ॥ ३ ॥
करें सेव नृपकुल छतीसा। चढें सहस दस साथ जईसा ॥
जासु चडत नमावे सीसा। चंद्रसेन नृप हे सब ईसा ॥ ४ ॥

॥ दूहा सोरठा ॥ हयदल अंत न पार, कुंजर कारे मेघ ज्युं।
कुली छतीस हजार, चडे साथ नृप चंदकै ॥ ५ ॥

॥ चोपाई ॥ मंत्री बुध पराक्रम ताम। तारन साह तासकौ नाम ॥
निस दिन सांम धरमसुं कांम। नृपति न तजे घडी पल जांम ॥ ६ ॥
नृपकै ग्रेह अंतेवर च्यार। संतिति एक मालति कुवार ॥
वरनु कहा ज[स] रूप अपारा। मानुं उंरवसी लीयो अवतारा ॥ ७ ॥
ऊपमा कौन पटंतर कहुं। गुण अनेक छवि पार न लहुं ॥
दिन दिन रूप अनोपम चढै। इसी ओर विधना नही घडै ॥ ८ ॥
गज कपोत हरि बिंब प्रबाला। भृंगी मधुकर मीन मराला ॥
कंदली कनक कीर कपि सोई। ए सब सोभा तनकी होई ॥ ९ ॥

जा देषे चित चलै महेशा । देषत धरनी डारें सेसा ॥
सुर भूलै जिय धरे अदेशा । शशि भूतल डोलत महि देसा ॥ १० ॥

राजलोक वरनन कहा कहु । थोरी मति मैं कीहांथी त लहुं ॥
थोरी मांझ बहुत शिष्य होई । अति लावण्य जन राचौ कोई ॥ ११ ॥

तारन साह सुघड घण सारा । त्रीया एक तस एक कुमारा ॥
ताको नाम मनोहर धर्यौ । मानुं काम दूजो अवतर्यो ॥ १२ ॥

मधु मधु कहि षिलावै तात । बांधे चंदकला ज्युं गात ॥
घडी दिवस पष मासनी और । ज्युं वसंत किसलय दल कोर ॥ १३ ॥

भयो वरस दस द्वय कै संध । देषत त्रिया होय कामंध ॥
तन मन सुद्ध वीसरे गेह । भृंगी भई मनो गति तेह ॥ १४ ॥

जित तित कुअर करें कहू सेल । दोरी फैरै त्रिया तस गैल ॥
कबहु रामसरोवर जायै । भृंगी जूथ मनु चोक पूरायै ॥ १५ ॥

पुस्तक के अन्त में—

॥ दोहा ॥ जेतमाल मधु मालती, बंधी मोती आस ।
जोरे सुष संजोग एह, दिन [दिन] भोग विलास ॥ ६९ ॥

सुष समाध दिन दिन वढे, मनवंछित तिहां भोग ।
मोटा मंदिर विलसीयै, सुषसै बहुत संजोग ॥ ७० ॥

॥ चोपई ॥ दिन २ प्रीत वहे घर वासौं । भोगवे सुरंग मिले प्रीतम सौं ॥
कनक मारांनी सुष पावे । हरषत हेत मधु रस गावे ॥ ७१ ॥

षीर षांड घृत भोजन करही । प्रघल मनवंछितसुं रहई ॥
कुंअर मधु सुष विलसे घरही । जेत मालती वात विचरही ॥ ७२ ॥

इति कंदर्प निवास ज्योति स्वरूप सब्द संपूर्णम् ॥

अथ कविस्वरोवाच ।

॥ दोहा ॥ कायथ नगम कुलनडी, नाथासुत अभिराम ।
तिण ए चतुरभंजन घड, कथा प्रगासी ताम ॥ ७३ ॥

अलप बुद्धि दीठो सही, काम प्रवंध प्रगास ।
कवियनसे कर जोरके, कहत चुतरभुज दास ॥ ७४ ॥

काम प्रद्युघ प्रकास फुनि, मधुमालती विलास ।
प्रभुनकी लीला वह, व(क)हे चतुरभुज दास ॥ ७५ ॥

वनसपतिमां अंबफल, रसमां उदक रसंत ।
कथा मध्य मधुमालती, षट रितु माहे वसंत ॥ ७६ ॥

लता मांहि पनगलता, सूधा मधे घनसार ।
कथा मध्य मधुमालती, आभूषनमे हार ॥ ७७ ॥

कामविलासकी ए कथा, चुतर सुने चित लाय ।
सुगने सुनने गहगहे, निगुणे कीन हाय ॥ ७८ ॥

॥ चोपई ॥ राजा मंत्री कही मे साषी । पंचमन बुया माहे भाषी ॥
चर नायक चातुरी वताई । थोरी २ सव ही आई ॥ ७९ ॥

फुनि वसंतराज रस गावै । नामे ईसर काम दजावै ॥
ताकी यह लीला विसतारी । रसिक नर सुंने श्रवन सुषकारी ॥ ८० ॥

रसिक ही अरु रसकुं चाहे । अध्यातम आतम अवगाहै ॥
चातुर पुरुष होयहे होई । एह कला रस समझे सोई ॥ ८१ ॥

कृष्ण देवकी कुंअर कहावै । प्रद्युमन काम अंस मधु गावे ॥
पुत्र कलत्र सब ही सुष पावे । दुष दालिद जिहि रोग न आवै ॥ ८२ ॥

॥ श्लो० ॥ कामार्थी लभते कांमं, निर्द्धनं प्राप्यते धनं ।
अपुत्रो लभ्यते पुत्रं, व्याधि सेस न पीडत ॥ ८३ ॥

॥ दो० ॥ राजा पढे तों राज गत, मंत्री पढे तो बुध ।
कामी पढे तो विलास रस, जोगी पढे तो सिद्ध ॥ ८४ ॥

संपूरन मधुमालती, कलसा भया संपूर ।
स्रुरता वकता सबनिकुं, सुषदायक दुष दूर ॥ ८५ ॥

एह सोलासे चोपई, चतुर सुंने चित लाय ।
सुनी सुंग्यांनी सजन हो, निगुणां कही न जाय ॥ ८६ ॥

नेह प्रीतम तुम्ह ऊति तजो, उतम जीवकी लाज ।
वरस लगे जलमे रहे, तोहि चकमक तजे न आग ॥ ७७ ॥

तुम्ह जानो हम दूर हे, अर वसां दूरके वास ।
नेनांसुं अंतर पड्यो, प्राण तुम्हारे पास ॥ ८८ ॥

॥ सोर० ॥ प्रीतम प्रेम लगाय फुनि, न तजो पतीया प्रेमकी ।
वाचत रहीयौ नित, प्रीत सपाई तेहकी ॥ ८९ ॥

काम विलासकी ए कथा, चोपई एह संपूर ।
पढे गुनें जे चित धरै, करे विलासक पूर ॥ ९० ॥

॥ इति श्री मधुमालती कथा चोपई दूहा श्लोक ग्रंथकथा संपूर्णम्
संवत् १८७७ शाके १७४२ रा वर्षे मीति पोस शुक्ल पक्ष्य ६ वा
भोमवासरे दिने लिषीतं ॥ लि । वनेचंद ॥ भं । वछराजवाचनार्थम् ।
ग्रंथाग्रंथ सर्वसंष्या २५२५ सही छे ॥

यादृसं पुस्तकं [दृ]ष्टवा तादृसं लिषितं मया ।
यदि शुद्धं मम शुद्धं वा मम दोषो न दियते ॥ १ ॥
भग्नपष्टी कटी ग्रीवा वधमुष्टिरधोमुषं ।
कष्टेन लिषीतं सास्त्रं यत्नेन पलिपालयेत् ॥ २ ॥ श्रीरस्तु ।
कल्याणमस्तु ॥ श्रीशुभटपुरमध्ये ॥ श्रीमानसिंघजीराज्यात्
॥ १ ॥ श्रीः ॥ १ श्रीः ॥

टिप्पणी — कथा का प्रारम्भ २५ वें पृष्ठ से होता है । पूर्वके २४ पृष्ठों में श्रीहर्षकीर्ति उपाध्याय द्वारा विरचित शारदीयाभिधानलघुनाममाला विलिखित है । २५ वें पृष्ठ से पृष्ठाङ्क पुनः एक १ से लगाया हुआ है । पुस्तक की लिपि सुवाच्य एवं सुस्पष्ट है । कहीं कहीं पृष्ठों के चिपक जाने से अक्षर अस्पष्ट हो गये हैं । पद्याङ्क एवं शिरोलेख (दोहा, चौपई, सोरठा एवं प्रसंग) लाल स्याही से लिखा हुआ है तथा प्रकरण (प्रबन्ध) का लेखन काली स्याही से हुआ है । चित्र सुन्दर एवं सुडौल हैं तथा बीकानेर शैली से प्रभावित हैं । चित्रों के चित्रण में सुनहली स्याही भी साधारणतया यथास्थान काम में लाई गई है । चित्रों के बोर्डर लाल रंग से रंजित हैं तथा उनके प्रांत्यों (किनारों) में पीले रंगकी लाइनें खींची हुई हैं । प्रत्येक चित्र के ऊपर में बोर्डर के नीचे प्रासङ्गिक शीर्षलेख अङ्कित है, तदनुसार भावों की अभिव्यक्ति भी ठीक ढंग से प्रदर्शित की गई है । इस पुस्तक में चित्राङ्कित पृष्ठ ७० हैं तथा चित्रों पर लिखे हुए शीर्षकों के अनुसार कुल ९० चित्र होते हैं । इनमें बड़े चित्र ८६ तथा ४ छोटे चित्र हैं । चित्रों की



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–१; सूचीपत्राङ्क–५

राम सरोवर तलाव पणिहारयां पाणी भरे, मधु कूंअर घोडे असवार षेले, ओ भाव छै ।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–५; सूचीपत्राङ्क–५

मधुमालती गुरु कनै भणै छै।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२);   चित्रसंख्या–७;   सूचीपत्राङ्क–५

मालती मधुरे फल गेहदकी माली है।

सूची मयपरिमाण (साइज) के, जो कि बोर्डर के साथ लिया गया है, शीर्षकों के साथ निम्नाङ्कित रूप में है —

चित्रसूची —

पृष्ठ २ — चित्र संख्या १ परिमाण — ५½ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक — राम सरोवर तलाव पणिहारयां पाणी भरे मधु कूंअर घोडे असवार षेले ओ भाव छे ॥

पृष्ठ ३ — चित्र सं० २ परिमाण — ३½ ३ + ५½ २ पो.
शीर्षक — तारण साह ब्राह्मण वात करे ॥ ओ भाव ॥

पृष्ठ ४ — चित्र सं० ३. परिमाण — ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक — राजा मंत्रीने बुझै मधु की वात ॥ ज भाव ॥

पृष्ठ ५ — चित्र सं० ४ परिमाण — ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक — राजा राणी सुं कहें मेलमे मालती बैठी छे ओ भाव ॥

पृष्ठ ६ — चित्र सं० ५ परिमाण — ५½ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मधुमालती गुरु कने भणे छै ॥

पृष्ठ ६ — चित्र सं० ६ परिमाण — ४¼ + ५½ २ पो.
शीर्षक — गुरु आहारन कुं गम् । मधु मालती भणे छै ॥

पृष्ट ८ — चित्र सं० ७ परिमाण — ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मालती मधुरे फुलगेहदरी मारी छै ॥

पृष्ठ ९ — चित्र सं० ८ परिमाण — ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मृग सिंघ मिल वाता करे छै ॥ श्रीः ॥

पृष्ठ १० — चित्र सं० ९ परिमाण्य — ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक — वनचर रुंष पर बैठो सिंघ सुं वात करे छै ॥

पृष्ठ १२ — चित्र सं० १० परिमाण — ६ + ५½ २ पो.
शीर्षक — सब पंछी मिल गुहरकुं राज देवे छै ॥

पृष्ठ १४ — चित्र सं० ११ परिमाण — ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मेल ऊपरथी कागले हार लीयो छै ॥

पृष्ठ १४ — चित्र संख्या १२ परिमाण — ४'२ + ५½ २ पोइन्ट
　　शीर्षक — राजा की फोज सरप मारयो रूंष निचै ॥

पृष्ठ १४ — चित्र सं० १३ परिमाण — ४ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — टीटोडो गुरुड पास आयो वात करे छै ॥

पृष्ठ १५ — चित्र सं० १४ परिमाण — ४ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — गुरुड समुद्र ऊपर गया तसा पर ब्राह्म तिणरो रूप
करात....॥

पृष्ठ १५ — चित्र सं० १५ परिमाण — ३'४ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — बलष्ठी सींह कूंपमे पडी मुवो ॥ श्री ॥

पृष्ठ १६ — चित्र सं० १६ परिमाण — ५ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — वडको वृछ तठे गूहगु कागने मारे छै ॥

पृष्ठ १६ — चित्र सं० १७ परिमाण — ४½ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — समुद्ररे कांठे पारधी विछ पर चढ्यौ हंस पकड्यो छै ॥

पृष्ठ १८ — चित्र सं० १८ परिमाण — ४½ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — गुहर ने काग गुफामें जारे छै ॥

पृष्ठ २० — चित्र सं० १९ परिमाण — ५ + ½ २ पो.
　　शीर्षक — मृग सिंघन के समीयो भयो तिको भाव छै ॥

पृष्ठ २२ — चित्र सं० २० परिमाण — ४½ + ५½
　　शीर्षक — सिंघ मृग मारावा धायो तद सिंघन आडी डाई मृग
ऊपर पडी तद प्राण तज्यो मृग पेहली मुंइ ॥

पृष्ठ २५ — चित्र सं० २१ परिमाण — ६½ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — श्री कीसनजीनै गोपीयां कहै छै ॥


पृष्ठ २५ — चित्र सं० २२ परिमाण — ६'२ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — दुरवासा रीषनै गोपीयां नैवज चढायो जमना
उतरनै ॥

पृष्ठ २७ — चित्र सं० २३ परिमाण — ६ + ५½ २ पो.
　　शीर्षक — राजा सूरसेन सुं दासी पूछे पदमावती मेल्हौ ॥



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–२५; सूचीपत्राङ्क–७

करण पदमावती परणैं। ब्रह्मामण वैद भणे छै।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–२९, ३०; सूचीपत्राङ्क–७

मालती रांम सरोवर बाग में रही। जेतमालती अर मधु वात करे छै।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–३१; सूचीपत्राङ्क–७

महादेव कांमने जारचौ तिकौ भाव छै।

पृष्ठ २८ – चित्र संख्या २४ परिमाण – ५ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक – राजा रांणीने कही तद राणी अरु ओर परिवार मिल पदमावती समजावै ॥

पृष्ठ २९ – चित्र सं० २५ परिमाण – ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – करण पदमावती परणै ॥ ब्रह्मामण वैद भणे छे ॥

पृष्ठ ३० – चित्र सं० २६ परिमाण – ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक – करण पदमावती मेलमे इ चैनरेषा सषी बारण ऊभी छै ॥

पृष्ठ ३२ – चित्र सं० २७ परिमाण – ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – चैनरेषा सषी पदमावती पिचकारी मारी करनकी संष्या (क्या) भागी ॥

पृष्ठ ३३ – चित्र सं० २८ परिमाण – ३'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मधुमालती नेडा वेठा वात करे छै ॥

पृष्ठ ४३ – चित्र सं० २९ परिमाण – ४'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती रामसरोवर वागमे रही ॥

पृष्ठ ४३ – चित्र सं० ३० परिमाण – ४'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – जेत मालती अर मधु वात करे छै ॥

पृष्ठ ४३ – चित्र सं० ३१ परिमाण – ४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – महादेव कांमने जारयौ तिको भाव छै ॥

पृष्ठ ५० – चित्र सं० ३२ परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – दूती तेलनके गरे धई हाथ जोडयां........

पृष्ठ ५१ – चित्र सं० ३३ परिमाण – ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मुगल तेलनके घरे गयो वात करे ॥

पृष्ठ ५१ – चित्र सं० ३४ परिमाण – ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मुगल परपेवका तेलीने मारयो चांकर कोरडा मारे....

पृष्ठ ५४ – चित्र सं० ३५ परिमाण – ४'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती सोले श्रृंगार करे छे ॥ ऊ भाव ॥

पृष्ठ ५८ — चित्र संख्या ३६ परिमाण — ४'२ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक — लोरक साह अर मेना महिले बठा वात करै ॥

पृष्ठ ६१ — चित्र सं० ३७ परिमाण — ४ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मेनां पारसदूती गई महिलमे वात करै छै ॥

पृष्ठ ६१ — चित्र सं० ३८ परिमाण — ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक — कुंअर कुटनीने तेडी छै ॥ ऊ भाव ॥

पृष्ठ ७० — चित्र सं० ३९ परिमाण — ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक — कुटनीने गधे चढाई लोक देष छै ॥

पृष्ठ ७१ — चित्र सं० ४० परिमाण — ४'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक — जेतमाल मधुकुँअर पर मोहनी डारे छै ॥

पृष्ठ ७३ — चित्र सं० ४१ परिमाण — ३½'३ + ५½ २ पो.
शीर्षक — वागमे कूओ कोयल खत्रटा को घर छै ॥

पृष्ठ ७४ — चित्र सं० ४२ परिमाण — ५'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक — कोयलकै कंथने सब पंछी सुं पकार करी ॥

पृष्ठ ७६ — चित्र सं० ४३ परिमाण — ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक — पारीधी फंद मारयो छै ॥

पृष्ठ ७६ — चित्र सं० ४४ परिमाण — ४'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मधु मालती जैतमाल वागमे बेठा परण्यां छै ॥

पृष्ठ ७८ — चित्र सं० ४५ परिमाण — ३½'३ + ५½ २ पो.
शीर्षक — राजा राणीसुं वात करे महिलमे वेठा छै ॥

पृष्ठ ७९ — चित्र सं० ४६ परिमाण — ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मधु मालती सुं चेरी वात करे छै ॥

पृष्ठ ८४ — चित्र सं० ४७ परिमाण — ६'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक — मधुकुंअर सो पायकने मारे जुद्ध हु जबै ॥

पृष्ठ ८५ — चित्र सं० ४८ परिमाण — ४½'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक — राजासुं घायल फिराद करे छै ॥

पृष्ठ ८७ – चित्र संख्या ४९ परिमाण – ६'३ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक – मधुकुंअर रात्रा(जा)री हजार एक असवाररी फोज भांगी तिको भाव छै ॥ १००० सही ॥

पृष्ठ ८८ – चित्र सं० ५० परिमाण – ६'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजासु घायल फिराद करे छै ॥

पृष्ठ ९० – चित्र सं० ५१ परिमाण – ५½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती जेतमाल मधुकुंअर बागमे राजाकी फोजसुं उपर डसे छै ऊ भाव ॥

पृष्ठ ९० – चित्र सं० ५२ परिमाण – ४'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – भमरा जुद्ध छै ऊ भाव छै सही छै ॥

पृष्ठ ९२ – चित्र सं० ५३ परिमाण – ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा मेलमे वेठो जरत घायल आयो पुकारने तो पुकारे छै ॥

पृष्ठ ९३ – चित्र सं० ५४ परिमाण – ५ + ५½ २ पो.
शीर्षक – वागमे मालती जेतमाल मधुसुं दूत वात करे ॥

पृष्ठ ९८ – चित्र सं० ५५ परिमाण – ७ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती श्रीठाकुरको समरन करे जेतमाल मधुकुअर ॥

पृष्ठ ९९ – चित्र सं० ५६ परिमाण – ३½'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – पंछी दल आए चा(भा)रडपंषी सिंह त्रिशूल कटक कुं[जर मारे छै] ॥

पृष्ठ ९९ – चित्र सं० ५७ परिमाण – ३'३ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती जेतमाल राम सरोवर वाग मे मधू झझे तरे छै ॥

पृष्ठ १०० – चित्र सं० ५८ परिमाण – ४'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा मंत्री वात करे छै ॥ ऊ भाव छै सही ॥

पृष्ठ १०१ – चित्र सं० ५९ परिमाण – ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – केरो पण्डो वात करे ॥ ओ भाव छै ॥

पृष्ठ १०२ – चित्र संख्या ६० परिमाण – ४'३ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक – हडंवासु भीमसेन वात करे फूल ऊपर हडंवा बेठी छै ॥

पृष्ठ १०३ – चित्र सं० ६१ परिमाण – ५'३ + ५½ २ पो.
शीर्षक – भीम देवल ने वेठो तजा पूजा करे कूता मात पंडव चारुं भई वेठा छै ॥

पृष्ठ १०४ – चित्र सं० ६२ परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा जुधिष्टर वात करे सहदेव सुं कहे छै ॥

पृष्ठ १०४ – चित्र सं० ६३ परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – नागकन्या पिंजरो देषें नदी पाताल मे छै ओ भाव।

पृष्ठ १०५ – चित्र सं० ६४ परिमाण – ४½ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक – कन्या भीम का म्रुषमे अमृत मेलीयो पाताल मै ॥

पृष्ठ १०५ – चित्र सं० ६५ परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – अथ मधुकी फोज चढी छै बाप माते चढी छै ॥

पृष्ठ १०५ – चित्र सं० ६६ परिमाण – ४'४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – अथ वापरी फोज चढी छै बेटारे माथे ऊ भाव छै ॥

पृष्ठ १०६ – चित्र सं० ६७ परिमाण – ४½२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – अमृतरा रषवारी वासुग के आगे पुकार करे छै।

पृष्ठ १०६ – चित्र सं० ६८ परिमाण – ४'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – गोरां गऊको रूप महादेवने सिंघ को रूप लीयं भीम के (आगे) गऊ (भागी) ॥

पृष्ठ १०८ – चित्र सं० ६९ परिमाण – ३½ + ३'२ पो.
शीर्षक – राजा मंत्री वात करे छै॥

पृष्ठ ११२ – चित्र सं० ७० परिमाण – ४'३ + ५½ २ पो.
शीर्षक – तारनसाह भवांनीकी सेवा करे छै वाघरी अस बारी छै ॥



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–६१; सूचीपत्राङ्क–१०

भीम देवल ने वेठो तजा पूजा करे । कूंता माता पंडव चारुं भई वेठा छै ।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२);   चित्रसंख्या–८०;   सूचीपत्राङ्क–११

उरगांनो स्नपने ले गंगा गयो ।



प्रतिक्रमाङ्क–१५७८ (२); चित्रसंख्या–८२; सूचीपत्राङ्क–११

हनुमांन सिता लछमन श्रीरांमजी अंजी माता के पगे लागा। ति भाव छै।

पृष्ठ ११३ – चित्र संख्या ७१ परिमाण – ४ + ५½ २ पोइन्ट
शीर्षक – तारनसाहा राजासुं अरज करि कहे छै ॥

पृष्ठ ११५ – चित्र सं० ७२ परिमाण – ४½' + ५½ २ पो.
शीर्षक – बींबी को सरप वेग्यो सरप वात करे उरगांनो असवार छै ॥

पृष्ठ ११७ – चित्र सं० ७३ परिमाण – ५½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – जंगल मे राजा पोढचौ बिबी को सरप उदरको श्रप वात करे छै ॥

पृष्ठ ११९ – चित्र सं० ७४ परिमाण – ४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – वांवी मे साप वेठो उरगांनीसुं वात करे छै ॥श्री॥

पृष्ठ १२१ – चित्र सं० ७५ परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – ऊरगांना को घर ऊरगांनो त्रिया वात करे छै सही ॥

पृष्ठ १२२ – चित्र सं० ७६ परिमाण – ५½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – ऊरगांनौ अर लरको श्रपकुं दूध पावै छै सही ॥

पृष्ठ १२३ – चित्र सं० ७७ परिमाण – ४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – लरकाकुं सरप षायो सरप के नीगा लागी छै ॥

पृष्ठ १२४ – चित्र सं० ७८ परिमाण – ४'१ + ३'४ पो.
शीर्षक – उरगांनो तिरायासुं कहे छै ॥

पृष्ठ १२४ – चित्र सं० ७९ परिमाण – ५'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा आगे त्रिया पुकारी उरगांनोने तेडीयो छै ॥

पृष्ठ १२६ – चित्र सं० ८० परिमाण – २'४ + ३'१ पो.
शीर्षक – उरगांनो श्रपने ले गंगा गयो ॥

पृष्ठ १२६ – चित्र सं० ८१ परिमाण – ४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा राणी सुं कहे महिलमे वेठा वात करे छै ॥

पृष्ठ १३० – चित्र सं० ८२ परिमाण – ५'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – हनुमान सिता लछमन श्रीरामजी अजी माता के पगे लागा ॥ ति भाव छै ॥

पृष्ठ १३२ – चित्र संख्या ८३ परिमाण – ३'३ + ३½ पोइन्ट
शीर्षक – राजा रानी वेठा वात करे उकत (वेठा) ॥

पृष्ठ १३३ – चित्र सं० ८४ परिमाण – ४½'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा नेगीने तेडने पूछे ॥

पृष्ठ १३३ – चित्र सं० ८५ परिमाण – ६'१ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा के मोहल मे मंडप चा(वा) मं (जं)त्री अपछला नृत्य करे छै ॥

पृष्ठ १३४ – चित्र सं० ८६ परिमाण – ६ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मधुजीको वानोलो नीकरे छै गावत वजावता ॥

पृष्ठ १३६ – चित्र सं० ८७ परिमाण – ५½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मालती को वांनो नीकले छे पालषी वेठी ॥

पृष्ठ १३७ – चित्र सं० ८८ परिमाण – ५'२ + ५½ २ पो.
शीर्षक – मधु मालती परणे चोरी मांडी ब्रामण वेद भणे वाजंत्री गावे वजावे छै लोगरो घनो उभो छै देषण ॥

पृष्ठ १३८ – चित्र सं० ८९ परिमाण – ४'४ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा मधुकुंअर सुं कहत हे जेतमाल मालती वेठी ॥

पृष्ठ १३९ – चित्र सं० ९० परिमाण – ४½ + ५½ २ पो.
शीर्षक – राजा अरु मधुकुंअर वात करे एकंत वेठा ॥

प्रसङ्गसूची –

१ – राजकुलवर्णनानन्तर मधु-मालती - परिचय तथा रामसरोवर का वर्णन – पृष्ठ १ – ४

२ – मधु तथा मालती का गुरुगृह में अध्ययन – पृष्ठ ४ – ९

३ – मृग - सिंहिनी का प्रेमालाप – पृष्ठ ९ –२३
(१) वनचर - बाघ संवाद (२) काक-उलूक – संवाद – (१) टिट्टिभ - टिट्टिभी का संवाद (२) काकद्वारा सर्पमारण तथा शशकद्वारा सिंह का कूप में निपातन ।

४ – श्रीकृष्ण - चन्द्रावली का प्रसङ्ग – पृष्ठ २४ – २६

५ – मधु द्वारा करण - पद्मावती का प्रसङ्गवर्णन – पृष्ठ २६ – ३२

६ – विरहिणी मालती का भृंगी तथा चकवी के साथ में वार्तालाप – पृष्ठ ३२ – ३७

७ – मालती - जैतमाल का वार्तालाप – पृष्ठ ३७ – ४०
(१) जैतमाल के सोलह श्रृंगारों का वर्णन।

८ – जैतमाल - मधु का वार्तालाप – पृष्ठ ४० – ४९
(१) कामदहन (२) मधु को अपने पूर्वजन्म की स्मृति होना।

९ – मुगल - तेलन का आख्यान – पृष्ठ ४९ – ५७
(१) जैतमाल - मालती - मधुसंवाद।

१० – लोरकसाह - मैना का आख्यान – पृष्ठ ५७ – ७२
(१) मालती, जैतमाल के साथ मधु का वार्तालाप।

११ – शुक - पिकी (कोयल) का प्रेमाख्यान – पृष्ठ ७२ – ७७
(१) पारधी (व्याध) का प्रसंग।

१२ – मधु - मालती का गान्धर्वविवाह – पृष्ठ ७७ – ७८

१३ – मलयंदनृपति के राजकुमार चंद एवं रूपरेखा का आख्यान – पृष्ठ ७८ – ८१

१४ – मधु का राजा चन्द्रसेन की सेना के साथ युद्धवर्णन – पृष्ठ ८२ – ९९
(१) भ्रमर - युद्ध (२) मधु तथा राजदूत का वार्तालाप। (३) जैतमाल - मालतीसंवाद (४) मालती द्वारा श्रीकृष्ण की स्तुति (५) राजसेना से भारण्ड पक्षियों एवं वन्य-जन्तु सिंह आदि का युद्ध।

१५ – राजा चंद्रसेन की मंत्रियों से मंत्रणा – पृष्ठ ९९ – १०९
(१) भीम - हिडिम्बा का आख्यान (२) भीम का सर्पराज वासुकि से युद्ध।

१६ – राजा चंद्रसेन के साथ मंत्री तारनसाह का वार्तालाप – पृष्ठ १०९ – ११३
(१) तारनसाह द्वारा मधु-चंद्रसेन के युद्धमें मध्यस्थता – स्वीकार एवं युद्धविराम करना ।

१७ – उरगाना एवं सर्प का आख्यान – पृष्ठ ११३ – १२५
(१) मलयापुर के राजा हरिदत्तराय के उदरस्थ सर्प एवं बंबीस्थ सर्प का संवाद ।

१८ – राजा चन्द्रसेन का रानी कनकमाल के साथ वार्तालाप – पृष्ठ १२५ – १३२
(१) श्रीरामचन्द्र एवं अञ्जनी का संवाद ।

१९ – मधु-मालती के विवाह का वर्णन – पृष्ठ १३२ – १३७
(१) राजा चन्द्रसेन एवं मधु का संवाद ।

२० – मधु द्वारा कथित कामनिवास का प्रसंग – पृष्ठ १३७ – १३९

२१ – कविकुलवर्णन एवं कथा का उपसंहार – पृष्ठ १३९ – १४१

★

२. सचित्र मधु-मालती कथा। क्रमाङ्क—५०७८

कर्त्ता—चतुर्भुजदास, लिपिकाल १८८१ विक्रमसंवत्

आकार—पत्राकार माप (साइज)- ६½''१ + ११''१ पोइन्ट

पृष्ठसंख्या २१६, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति १२—१३, प्रतिपङ्क्ति अक्षर २८

पुस्तकदशा—साधारण अच्छी है।

ग्रन्थारम्भ --

॥९०॥ ॥ श्री ँ सरस्त्रत्याय नमः॥ श्री ँ गुणेसाय नमः॥ श्री ँ सद्गुरुभ्यो नमः॥१॥
अथ श्री मधुमालती की वार्ता कथानीक प्राकृतप्रबंध लिषतं॥श्री॥

॥ दोहरा ॥ सरस्वती नांम लेइ करी, करी गणपत्ति जुहार।
कविजन साचा अष्यरी, कहे मधू-मालती सार ॥ १ ॥
सकल बूधि दीये सरस्वती, वांदी गुरु के पाय।
मधू-मालती विलासकी, कहित चतुरभुज राय ॥ २ ॥

॥ चोपाइ ॥ वर विरचितनया वर पाऊं। संकरसुत गणपति सिर नाऊं।
चातुर हीत सहित चित रिंझाऊं। सरस मालती-मनोहर गाऊं ॥ ३ ॥
लीलावंत ललित एक देसा। चंद्रसेन तिहां सुघड नरेसा।
सुभग धांम धुज गगन प्रवेसा। मांनुं मंडप रच्यो महेशा ॥ ४ ॥
वसही नगर पुर जोजन च्यार। चौरासी चोहटां चोगट बाजार।
अतिविचित्र दीसे नर नार। मांनुं तिलक नर भवन मझार ॥ ५ ॥

॥ काव्य ॥ वापीवप्रविहारवर्णवनिता वाग्मी वनं वाटिका,
विद्यावीरविवेकवितविनयवाच्यं यमा वल्लिका।
वैद्यब्रांह्मणवारिवादिविबुधा वेस्यावणिकवाहिनी,
वस्त्रवारुणवाजिवेसरवरं राज्यं ववे सौभ्यते ॥ ६ ॥

॥ चोपाई ॥ करे ह सेव नृपकुल छत्रीसा। चढे सेन्य दस सहस नमावे सीसा।
झरही मद कुंजर कर चीसा। चंद्रसेन नृपति हिं इसा ॥ ७ ॥

॥दूहरा, सोरठा॥ हेंदल अंत न पार, कुंजर कारे मेघ ज्युं।
कुली छत्रीस हीसार, चढे लार नृप चंदके ॥ ८ ॥

॥ चोपाइ ॥ मंत्री बूधी प्राक्रमी ताम । तारन साह तासको नाम ।
निस दिन सांम धरमस्युं कांम । नृप तजे न घरी पल जांम ॥ ९ ॥
नृपके गेह अंतेउर च्यार । संतती एक मालती कुंमार ।
वरनुं कहा रूप अपार । मानुं उरवसी लीयो अवतार ॥ १० ॥
उपमा कोन पटंतर कहुं । गुण अनेक छिब पार न लहुं ।
दिन दिन रूप अनोपम चढे । एसी नांही विधाता घडे ॥ ११ ॥
गज कपोत हरी बिंब प्रवाल । भ्रमित मधूकर मीन मराल ।
कदली कनक कीर कप सोइ । ए सब सोभा तनकी होइ ॥ १२ ॥
चातुर होय बहु चातुरी भाषे । गुन सब पूरन कर किं भाषे ।
या देषी चित चले मुनीसा । देषे धरनी डारे सेसा ॥ १३ ॥
मनुं छांह पर हे सेसा । सो भूले जीव धरे अंदेसा ।
राजलोक केतीयक कहुं । थोरी सी मंत्री की लहुं ॥ १४ ॥
थोरी मांझ बहोत रस होइ । अत लावन झिंन राचो कोइ ।
तारन साह सुघड गुंनसार । त्रीया एक तसु एक कुंमार ॥ १५ ॥
ताको नांम मनोहर धरयो । मांनुं काम तेज अवतरयो ।
मधू मधू कहि षेलावे तात । वाढे मांनु कलानिध गात ॥ १६ ॥
घडी दीवस पष मासें ओर । ज्युं वसंत कीसलता कोर ।
भयो वरस दस मास के संध । देषत त्रीया होवत कामंध ॥ १७ ॥
तन मन धन वीसरे गेह । भ्रंगी भइ मांनुं गत तेह ।
जित जित करे कुंअर कहुं सेल । दोरी फिरे त्रीया तिंहां गेल ॥ १८ ॥
कबहु क षेले बालक संग । कबहु क षेले बाग मनरंग ।
कबहु क रांमसरोवर जाय । भ्रंगीजूथ मांनु चाह भूलाय ॥ १९ ॥

ग्रन्थके अन्त में—

॥ दोहरा ॥ जेतमाल मधू-मालती, अधिक फली सबे आस ।
जुगति जोडि संजोग एह, दिन दिन भोग विलास ॥ ५४ ॥
सुष समाध दिन दिन वधे, मनवंछित हित भोग ।
राजरिध रमणी सदा, विलसे सुष संजोग ॥ ५५ ॥

॥ चोपई ॥ दिन दिन प्रीत वध्रे घर वास । षेलत रंग सदा सुष वास ।
कनकमाल रांनी सुष पावे । मधू सूरत ते महासुष भावे ॥ ५६ ॥

॥ दोहरा ॥ काम प्रवंध प्रकास फूनि, मधू-मालती विलास ।
श्रवन सुंनन सुष पाइए, कहत चतूरभुजदास ॥ ५७ ॥

कांम विलास की एह कथा, सुने चतूर चित लाय ।
सुगुणां मन गह गहे, निर्गुण स्युं कही न जाय ॥ ५८ ॥

अथ कविस्वरोवाच ।

कायथ निगम कुसल, नाथा सुत अीभरांम ।
तनय चतूरभुजदास को, कथी कथा कर परकास ॥ ५९ ॥
अल्प बुधि आंनी दया, काम प्रवंध प्रकास ।
गुरुपद नांम प्रणांम कर, कहत चतूरभुज दास ॥ ६० ॥
वनस्पती मझ अंब फल, इक्षू रस सार ।
वातन मध्य मधू-मालती, आभूषण मझ हार ॥ ६२ ॥

॥ चोपई ॥ राजनीत की दीनी साषी । पंच्याष्यांन बुध आंनके भाषी ॥
चरणाइक चातुरी बनाइ । थोरी थोरी सब आंन मिलाइ ॥ ६३ ॥
फुनि वसंतराज रस गायो । यामे इस्वर कांम दझायो ॥
एह लीला उनही की विस्तारी । रसिकने रसिक श्रवन सुषकारी ॥६४॥
रसीक होय नवरसकुं चाहे । अध्यातम आतम अवगाहे ॥
चतुर होय चातुरी जोइ । एह रसकला समझे सोइ ॥ ६५ ॥
क्रष्णदेवको कुंअर कहावे । प्रद्युमन काम अंस मधू गावे ॥
पूत्र कलत्र सबे सुष पावे । दुष दालिद्र निरा नह आवे ॥ ६६ ॥

॥ श्लोकः ॥ कांमार्थि लभ्यते कांमं, धनार्थी लभ्यते धनं ।
सुषार्थी लभ्यते सुंषं च, व्याधिः सर्वत्र विनासनं ॥ ६७ ॥

॥ दोहरा ॥ राजा पढे तो राजनीत, मंत्री पढे तो बुध ।
कांमीकुं अरु काम रस, ग्यांनी ग्यान समंद ॥ ६८ ॥
ग्यांनी सबसे अधिक हे, हूं फूंनि ताको दास ।
कवियण स्युं कर जोरके, कहत चतूरभुजदास ॥ ६९ ॥

॥ इति श्री मधु-मालती वारता संपूर्णम् ॥ श्री ॥ ॥ १ ॥

संवत् १८८९ ना वर्षे शाके १७४६ सा प्रवर्तमाने मासौत्म पून्य पवीत्र श्रीचैत्र शुदि ४ दिने बुधवासरे ॥ मेता श्री ५ मोतीचंद षेतसी लषावीतं श्री पालणपूरे पं० श्री ५ रूपविजयजी गणी शीष्य पं० श्री रंगविजयगणी पठनार्थं हेतव्यौ श्री शुभं भवतुं ॥ १ ॥

सवैउ कंकणबंध छे ।

वर वीर धरा धर धीर करी जिन वांन वधारण शुध मती ।
नर वीर सुरा सूर हीर सीरी सनमांन प्रधारण सिध ग(म) ती ।
थिर धीर चराचर नीर तरी घन दिन शुधा धण ऋध रति ।
जर पीर जरा भर भीर हरी जिन शुधा धण बुध पती ॥ १ ॥
पीया रस रेंन भइ जब स्यांम मिलें शुष अंग हुवै तन ऐन ।
लीया कस मैन दई अब वांन मिलें दुष भंग जुवें मन देंन ।
दीया जश वैंन हुइ तब नांम चुवे धन नैंन कीया वश नैंन ।
पई कब काम झिलैं कुख संग हुवैं धन वैंन पीया रस रैंन ॥ २ ॥

एक एक मैं ४८ सवैया वंचाया ॥

टिप्पणी — पुस्तक की दशा अच्छी है। लिपि साधारण होते हुए भी इसके अक्षर स्थूल होने के कारण सुवाच्य हैं। इस प्रति के प्रायः सभी पृष्ठों के लेखस्थल के ऊर्ध्व एवं अधो भाग पर कहीं लाल रंग का, तो कहीं मटमैले सुनहले रंग का, तो कहीं नीले रंग का बोर्डर तथा कहीं कहीं विविध रंगों के विभिन्न वेल बूंटे बनाए हुए हैं। पृष्ठों के दाईं बाईं ओर लाल स्याही से दो दो लाइनें खींच कर उनके बीच में पीला रंग भर दिया गया है। सन्दर्भ एवं शीर्षलेख का अङ्कन प्रायः लाल स्याही से तथा पद्याङ्कों का लेखन काली स्याही से किया गया है। प्रति के सभी पृष्ठों पर क्रमसंख्या लगी हुई है। तदनुसार पुस्तक की परिसमाप्ति २०७ पृष्ठ पर की गई है। उल्लेखनीय यह है कि जो संख्या यहाँ पर दी गई है वह बिलकुल ही अशुद्ध प्रतीत होती है। वास्तवमें ग्रन्थ की परिसमाप्ति २१६ वें पृष्ठ पर ही होनी चाहिए थी। इसका कारण यह है कि संख्याङ्कन-कर्त्ताने पृष्ठों पर ३० की संख्या से लेकर ३८ तक संख्या का भूल से दुबारा अङ्कन कर दिया, परिणामस्वरूप ९ पृष्ठों के पहले ही पुस्तक की परिसमाप्ति २०७ पर हो गई। अतः पाठकों की सुविधाकी दृष्टि से क्रमबद्धसंख्या का अङ्कन संख्या प्रथम ३० के आगे से पृष्ठों के दाईं ओर कर दिया गया है और इसके अनुसार ही ग्रन्थकी

विद्यमान पृष्ठ संख्या २१६ का अङ्कन इस विवरण के मुख पृष्ठ पर किया है। इस संख्या में प्रति के आदि का मुख पृष्ठ जो कि सरस्वती के चित्र का है सम्मिलित नहीं है।

इस प्रति में २०१ पूरे सचित्र पृष्ठ हैं जिनमें वह मुख पृष्ठ भी सम्मिलित है जो कि क्रमाङ्क से रहित है। चित्रों की कुल संख्या २२३ है। चित्रों की भूमि नानाविध रंगों से रंजित है तथा उसके चारों ओर लाल रंग से रञ्जित बोर्डर (परिधि) बना हुआ है। इसके नीचे अर्थात् चित्रभूमि को काले रंग की दो दो लाइनों से आवद्ध कर लाइनों के बीच में पीला रंग भर दिया गया है। यद्यपि चित्रों के निर्माण में ज्यादा भड़कीले रंगों एवं सूक्ष्म कलम का उपयोग नहीं हुआ है फिर भी चित्र सुन्दर एवं सुडोल बने हुए हैं। इससे एक ओर जहाँ कलाकारने मानुष आकृतियों को सुन्दर बनाने एवं तद्गत भावों का अभिव्यंजन करने में पर्य्याप्त प्रयास किया है, वहाँ दूसरी ओर वन्य जन्तुओं के चित्रण में भी अपनी कला का सुन्दर परिचय दिया है। सघन-वृक्षावली एवं उद्यानादि के मनोहर चित्रग को देख कर तो कलाकार की अभिरुचि का सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वह प्राकृतिक दृश्यावली का पूर्ण अनुरागी था। चित्रों पर सिरोही शैली आ अधिकतर प्रभाव है। जहाँ तहाँ जोधपुरी एवं उदयपुर की शैली का भी अनुसरण किया गया है। सभी चित्रों की दशा ठीक है किन्तु आदि के ११, १२ चित्रों पर काले रंग के बिखर जाने से उक्त चित्रों की सुन्दरता तथा उनके चेहरे बिगड गये हैं। बोर्डर के साथ में लिए गये परिमाण के साथ सपरिचय चित्रों की सूची नीचे दी जाती है।

चित्रसूची –

पृष्ठ संख्या, प्रमुख-चित्र संख्या १ परिमाण – ६½ + ७½ १ पोइन्ट

परिचय – **वीणावादिनी सरस्वती माता का चित्र।**

पृष्ठ १ – चित्र सं० २ परिमाण – ६½ + ८½ १ पो.

परिचय – **लीलावती नगर का दृश्य।**

पृष्ठ २ – चित्र सं० ३ परिमाण – ६½ + ८'४ पो.

परिचय – **मंत्री तारनसाह अपनी पत्नी के साथ बैठे हैं।**

पृष्ठ ३ – चित्र सं० ४ परिमाण – ६½ + ८½ १ पो.

परिचय – **तारनसाह एवं उसकी पत्नी बैठी हैं। मधु कुमार उनके बीच में खड़ा है।**

पृष्ठ ४ — चित्र संख्या ५ परिमाण — ४½'१ + ८½ १ पोइन्ट
परिचय — राम सरोवर पर पणिहारियां पानी भरने के लिए आई हैं। मधु कुमार शिकार कर रहे हैं। उसे देख-कर ललनाएं मुग्ध हो आपस में बातें कर रही हैं।

पृष्ठ ४ — चित्र सं० ६ परिमाण — ५'१ + ८½ १ पो.
परिचय — राम सरोवर की एक तरफ की पैड़ियों में गिलोल हाथमें लिए मधु खड़ा है और दूसरी ओर दो पणिहारियां खड़ी हुई उसे देख कही हैं।

पृष्ठ ५ — चित्र सं० ७ परिमाण — ४½'१ + ५½ १ पो.
परिचय — राजासे नगरवासी लोक मधुकी शिकायत कर रहे हैं।

पृष्ठ ५ — चित्र सं० ८ परिमाण — ४'३ + ५½ १ पो.
परिचय — मंत्रीसे नगरवासी लोक मधुकी शिकायत कर रहे हैं।

पृष्ठ ६ — चित्र सं० ९ परिमाण — ३'१ + ५½ २ पो.
परिचय — मंत्री मधु को समझा रहे हैं।

पृष्ठ ७ — चित्र सं० १० परिमाण — ४½ + ८½ १ पो.
परिचय — नंद पुरोहित विद्या का मुहूर्त मंत्री को बतला रहा है। मधु कुमार खड़ा हैं।

पृष्ठ ७ — चित्र सं० ११ परिमाण — ४½ + ८½ १ पो.
परिचय — राजा मंत्री से मधु की पढ़ाई के विषय में कुछ पूछ रहा है।

पृष्ठ ८ — चित्र सं० १२ परिमाण — ४½'३ + ८½ (चित्र के बांई ओर का ४'४ पो. ऊपरी भाग लम्बाई में आधा इंच कम है।)
परिचय — राजा कनकमाल रानी से मालती की पढ़ाई के विषय में सलाह कर रहा है। मालती व उसकी सहेली दूसरे स्थान पर बैठी हैं।

पृष्ठ ९ — चित्र सं० ३१ परिमाण — ३¾'१ + ८'५ पो.
परिचय — मालती को पण्डित पढ़ा रहा है।

पृष्ठ १० — चित्र संख्या १४ परिमाण — ४ + ८½ पोइन्ट
परिचय — मालती मधु को निर्निमेष दृष्टि से देख रही है।

पृष्ठ ११ — चित्र सं० १५ परिमाण — ४'५ + ७ पो.
परिचय — मालती फूल की गेंद बना कर मधु पर फेंक रही है।

पृष्ठ ११ — चित्र सं० १६ परिमाण — ३'४ + ५½ पो.
परिचय — सूआ इन्द्रायण फल के गाछ पर बैठा है।

पृष्ठ १२ — चित्र सं० १७ परिमाण — ५ + ५'३ पो.
परिचय — मालती मधु से कह रही है कि पूर्व भव की प्रीति को पहिचानो और कुछ मेरे अंतर को भी समझो।

पृष्ठ १२ — चित्र सं० १८ परिमाण — ४'१ + ८½ १ पो.
परिचय — मधु मालती को सूवे की कथा सुनाता है।

पृष्ठ १३ — चित्र सं० १९ परिमाण — ३'१ + ८½ पो.
परिचय — मधु, मालती बातें कर रहे हैं ओर पण्डितजी देख रहे हैं।

पृष्ठ १३ — चित्र सं० २० परिमाण — २'१ + ८½ पो.
परिचय — बहुत से काले मृग बैठे हुए हैं।

पृष्ठ १४ — चित्र सं० २१ परिमाण — ३½'२ + ८½ १ पो.
परिचय — दोड़ते हुए मृग यूथ में स्थित एक सुन्दर मदमाते मृग पर सिंहिनी की दृष्टि अटकी।

पृष्ठ १४ — चित्र सं० २२ परिमाण — ६½'१ + ४'५ पो.
परिचय — कामार्त सिंहिनी मृग पर मुग्ध हुई मृग को रोककर कुछ कह रही है।

पृष्ठ १५ — चित्र सं० २३ परिमाण — ४½'३ + ८½ १ पो.
परिचय — घूघू(गूहर) को अपना राजा बनाने के लिए सारा पक्षि समाज एकत्रित हुआ है। उनमें एक काक विरोध करता है, और कह रहा है कि पक्षियों को तो राजा गरुड ही है।

पृष्ठ १६ – चित्र संख्या २४ परिमाण – ३½'१ + ४½ २ पोइन्ट
परिचय – पक्षियों को मेघवरन कौआ टीटोरा-टीटोरी की कथा सुनाता है।

पृष्ठ १६ – चित्र सं० २५ परिमाण – ३'४ + ३½ २ पो.
परिचय – समुद्र के तट पर टीटोरा-टीटोरी अंडे रख रहे हैं।

पृष्ठ १७ – चित्र सं० २६ परिमाण – ६'३ + ४'५ पो.
परिचय – कौए ने राजा का हार चुराकर अपने वृक्ष पर लाकर अंडोंके खानेवाले सर्पका प्राणान्त राजासे करवाया।

पृष्ठ १८ – चित्र सं० २७ परिमाण – ४½'१ + ४½ १ पो.
परिचय – गरुड़ से टीटोरा-टीटोरी प्रार्थना कर रहे हैं।

पृष्ठ १८ – चित्र सं० २८ परिमाण – ४ + ८'४ पो.
परिचय – गरुड़ पक्षियों को साथ लेकर सागर के पास जा रहा है।


पृष्ठ १९ – चित्र सं० २९ परिमाण – ६½'१ + ८½ पो.
परिचय – गरुड़ अपने साथ में पक्षियों की फौज ले कर आगे बढ़ रहा है।

पृष्ठ २० – चित्र सं० ३० परिमाण – ६½'१ + ८½ पो.
परिचय – पक्षियों की फौज के साथ गरूड़ आगे बढ़ रहा है।

पृष्ठ २० – चित्र सं० ३१ परिमाण – ६½'१ + ८½ पो.
परिचय – गरुड़ को ब्राह्मण वेषधारी समुद्र अंडों को वापिस कर रहा है तथा भेंट में हार दे रहा है।

पृष्ठ २१ – चित्र सं० ३२ परिमाण – ३½ + ८½ पो.
परिचय – सारे घूघू इकट्ठे हो कर कौओं को मारने के लिए सलाह कर रहे हैं।

पृष्ठ २२ – चित्र सं० ३३ परिमाण – ६½१ + ६'४ पो.
परिचय – रात्रि में घूघू वृक्षों पर बैठे हुए कौओं को मार रहे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–५०७८; चित्रसंख्या–२९; सूचीपत्राङ्क–२२

गरुड़ अपने साथ में पक्षियों की फौज लेकर आगे बढ़ रहा है।

पृष्ठ २३ – चित्रसंख्या ३४ परिमाण – ५५'+४$\frac{१}{२}$ पोइन्ट
परिचय – वृक्षस्थित हंस वधिक(बहेलिये)को बातोंमें फंसा रहे हैं।

पृष्ठ २४ – चित्र सं० ३५ परिमाण – २'४+८,२ पो.
परिचय – कौए घूघूके पास गये हैं।

पृष्ठ २४ – चित्र सं० ३६ परिमाण – ३'१+८'३ पो.
परिचय – घूघूराजसे कौए कह रहे हैं कि मेघवरण तुम्हारी सेवामें रहेगा।

पृष्ठ २५ – चित्र सं० ३७ परिमाण – ३'४+४$\frac{१}{२}$ पो.
परिचय – कौए घूघूराजको गुफामें डाल कर जला रहे हैं।

पृष्ठ २५ – चित्र सं० ३८ परिमाण – ३$\frac{१}{३}$+४$\frac{१}{२}$ पो.
परिचय – सिंहनी मृग को बातों से रीझा रही है।

पृष्ठ २६ – चित्र सं० ३९ परिमाण – ६$\frac{१}{२}$'१+८$\frac{१}{२}$ १ पो.
परिचय – सिंहिनी मृगको रीझा रही है।

पृष्ठ २७ – चित्र सं० ४० परिमाण – ५$\frac{१}{२}$'१+८$\frac{१}{३}$ १ पो.
परिचय – मृगके सामने सिंहिनी का आत्मसमर्पण।

पृष्ठ २८ – चित्र सं० ४१ परिमाण – ४'२+८$_{२}$ पो.
परिचय – मृग, सिंहिनी प्रेम रस में डूब रहे हैं।

पृष्ठ २९ – चित्र सं० ४२ परिमाण – ४$\frac{१}{२}$'१+८$\frac{१}{२}$ पो.
परिचय – सिंहिनी मृग को सिंहों से छुपा रही है।

पृष्ठ ३० – चित्र सं० ४३ परिमाण – ४'२+८$\frac{१}{२}$ पो.
परिचय – मालती पढ़ते हुए मधु से कुछ कह रही है।

पृष्ठ ३१ – चित्र सं० ४४ परिमाण – ५'३+८$\frac{१}{३}$ पो.
परिचय – सिंहिनी आडी आकर मृग को बचाना चाहती है लेकिन वह स्वयं सिंहद्वारा मृग से पहले ही मर जाती है।

पृष्ठ ३२ – चित्र सं० ४५ परिमाण – ३$\frac{१}{२}$+८$\frac{१}{२}$ १ पो.
परिचय – पढ़ते हुए मधु से मालती कह रही है।

पृष्ठ ३३ – चित्र संख्या ४६ परिमाण – ३½ + ४½ २ पोइन्ट
परिचय – मालती-मधु को पद्मावती की बात सुना रही है।

पृष्ठ ३४ – चित्र सं० ४७ परिमाण – ४½'३ + ८½ पो.
परिचय – सूरसेन राजा को करणकुमार के चरित्र के विषयमें कोई व्यक्ति जानकारी दे रहा है। राजा उस वृत्तको सुन कर आश्चर्यचकित हो रहा है।

पृष्ठ ३५ – चित्र सं० ४८ परिमाण – ४'५ + ४'३ पो.
परिचय – सूरसेन की कन्या पद्मावती अपनी दूती को कुछ कह रही है।

पृष्ठ ३५ – चित्र सं० ४९ परिमाण – ५ + ८½ पो.
परिचय – दूती सूरसेन को पद्मावती का यह संदेश कह रही है कि मैं करणकुमार को वरूंगी।

पृष्ठ ३६ – चित्र सं० ५० परिमाण – ५ + ८½ १ पो.
परिचय – सूरसेन अपनी रानी एवं पारिवारिक स्त्रियों से मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ ३६ – चित्र सं० ५१ परिमाण – ५'४ + ८½·१ पो.
परिचय – रानी पद्मावतीको समझा रही है। पीछे दासी खड़ी है।

पृष्ठ ३७ – चित्र सं० ५२ परिमाण – ५'४ + ८'४ पो.
परिचय – स्त्रियां पद्मावती को समझा रही हैं।

पृष्ठ ३८ – चित्र सं० ५३ परिमाण – ५'३ + ८½ पो.
परिचय – सुन्दर मण्डपमें करण-पद्मावती का पाणिग्रहण (हथलेवा विवाह) हो रहा है।

पृष्ठ ३९ – चित्र सं० ५४ परिमाण – ६½'१ + ८½ १ पो.
परिचय – पद्मावती करण को कटाक्ष दृष्टि से देख रही है। दोनों अवाक् से बैठे हुए हैं।

पृष्ठ ४० – चित्र सं० ५५ परिमाण – ६¾'१ + ८½ पो.
परिचय – सशङ्क करण और पद्मावती सुखशय्या पर आसीन हैं। चैनरेषा उन्हें देख रही है।



प्रतिक्रमाङ्क–५०७८; चित्रसंख्या–५४; सूचीपत्राङ्क–२४

पद्मावती करण को कटाक्षदृष्टि से देख रही है। दोनों अवाक् बैठे हुए हैं।



७

प्रतिक्रमाङ्क–५०७८; चित्रसंख्या–६१; सूचीपत्राङ्क–२५

रामसरोवर के तट पर स्थित वृक्षों पर मधु गिलोल चला रहा है।



प्रतिक्रमाङ्क–५०७८; चित्रसंख्या–६२; सूचीपत्राङ्क–२५

भारण्ड पक्षी का दृश्य।



प्रतिक्रमाङ्क–५०७८; चित्रसंख्या–६२; सूचीपत्राङ्क–२५

भारण्ड पक्षी का दृश्य।

पृष्ठ ४१ — चित्र संख्या ५६ परिमाण — ६½ + ८½

परिचय — करण शय्या पर बैठा है । पद्मावती शय्या के पास खड़ी है । चैनरेषा दूर से देख रही है और उन्हें विलासरत करने का उपाय सोच रही है ।

पृष्ठ ४२ — चित्र सं० ५७ परिमाण — ६½ + ८½

परिचय — चैनरेषा पद्मावती की पीठ पर जल से भरी पिचकारी मार रही है । पद्मावती हठात् उचक कर करण की गोद से लिपट जाती है । करण निश्शंक हो रमण-रत हो जाता है ।

पृष्ठ ४३ — चित्र सं० ५८ परिमाण — ६½ + ८½ २ पो.

परिचय — मधु, मालती पढ़ते हुए वार्तालाप कर रहे हैं ।

पृष्ठ ४४ — चित्र सं० ५९ परिमाण — ६½'१ + ८½

परिचय — मधु, मालती-वार्तालाप ।

पृष्ठ ४६ — चित्र सं० ६० परिमाण — ४½ + ५'४ पो.

परिचय — घर जाते हुए मधु को मालती रोक रही है ।

पृष्ठ ४६ — चित्र सं० ६१ परिमाण — ६½'१ + ८½ १ पो.

परिचय — रामसरोवर के तट पर स्थित वृक्षों पर मधु गिलोल चला रहा है ।

पृष्ठ ४७ — चित्र सं० ६२ परिमाण — ६½'१ + ८½

परिचय — भारण्ड पक्षी का दृश्य ।

पृष्ठ ४८ — चित्र सं० ६३ परिमाण — ६½'१ + ८½ १ पो.

परिचय — दूती मालती से मधु के विषय में कुछ कह रही है ।

पृष्ठ ४९ — चित्र सं० ६४ परिमाण — ६½'१ + ८'५ पो.

परिचय — रामसरोवर बाग का दृश्य । मधु गिलोल हाथ में लिये खड़े हैं । उन्हें एक पणिहारी माथे पर कलश रखी हुई टेढ़ी गर्दन कर निहार रही है ।

शीर्षक — अठे मालतीरो रूंष प्रजल्यो सो भाव ।

पृष्ठ ४२ — चित्र सं० ३३ परिमाण — ३½'२ + ५'३ पो.
शीर्षक — अठे मधु मालती जेतमाल तीनूं जणां वार्त्ता करे सो भाव ।

पृष्ठ ४३ — चित्र सं० ३४ परिमाण — ३½ + ५'३ पो.
शीर्षक — अठे लालंनसाह त्रीया मैंनांने परदेस चालणरी कहै सो भाव ।

पृष्ठ ४५ – चित्र संख्या ३५ परिमाण – ३'१ + ३'३ पो.
शीर्षक – अठे मैनां संदरमैं वेठीनैं कंवर देषे सो भाव ॥

पृष्ठ ५० – चित्र सं० ३६ परिमाण – ३ + ५
शीर्षक – अठे लालंनसाह परदेससुं घरां आया दूतीरी वार्त्ता मेंनां कहे सो भाव ।

पृष्ठ ५० – चित्र सं० ३७ परिमाण – ३½ + ५
शीर्षक – अठे दूतीने बुलाय माथो मूंड कालो मूंडो कर गधे चढ़ायनै काढ़ी सो भाव ।

पृष्ठ ५२ – चित्र सं० ३८ परिमाण – २½'३ + ३'३ पो.
शीर्षक – अठे कोयलैं कोयलनैं परी काढी सो भाव ।

पृष्ठ ५२ – चित्र सं० ३९ परिमाग – २½'३ + ३
शीर्षक – अठे सुवटासुं कोयल घरवो करै सो भाव ।

पृष्ठ ५३ – चित्र सं० ४० परिमाण – ३½ + ५'२ पो.
शीर्षक – अठे कोयलै सव पंछीयां कंनै कोयलरी पुकार करी । सब पंछी भेला होय सुवटा उपर कोप कर चढै सो भाव ।

पृष्ठ ५६ – चित्र सं० ४१ परिमाण – ४ + ५'३ पो. (नीचे से फटा हुआ)
शीर्षक – अठे मधु मालती जेतमाल वाडीमे वेठा । रांणीरी दासी षवर देणने आई सो भाव ।

पृष्ठ ५६ – चित्र सं० ४२ परिमाण – ३ + ५'२ पो. (नीचे से फटा हुआ)
शीर्षक – अठे चंद कंवर वागमें आय वेठो । मूढा आगे मालंण हाथ जोडने उभी सो भाव ।

पृष्ठ ५७ – चित्र सं० ४३ परिमाण – ३½ + ५'२ पो.
शीर्षक – अठे चंद कंवर रुपरेषा परसपर द्रिष्टसुं मिल्या माहो-माह रुप देष मुरछांणा सो भाव ।

पृष्ठ ५८ – चित्र सं० ४४ परिमाण – ३ + ५
शीर्षक – अठे चंद कंवर रुपरेषा आलिगंन कर संभोग सुष विलास करें सो भाव ।

पृष्ठ ५८ — चित्र संख्या ४५ परिमाण — ३½+५
शीर्षक — अठे चंद कंवर रुपरेषासुं भोग करतां कवांणसुं सिंघनै मारयौ सो भाव।

पृष्ठ ५९ — चित्र सं० ४६ परिमाण — ३½+५'३ पो.
शीर्षक — अठे श्रीसिवपारवतीरो पूजंन मालती करे सो भाव।

पृष्ठ ६० — चित्र सं० ४७ परिमाण — २½+५'३ पो.
शीर्षक — अठे मधु एक गिलोलसुं रुंपरा पत्र सारा झाडिया मालतीने प्रतीत दिषाई सो भाव।

पृष्ठ ६१ — चित्र सं० ४८ परिमाण — ४+५
शीर्षक — अठे मधु राजारा ऐकसो पालांसुं लडाई करे सो भाव।

पृष्ठ ६१ — चित्र सं० ४९ परिमाण — २+५ (प्रान्त्य एवं अधिकांश त्रुटित)
शीर्षक — अठे राजा चंद्रसैंणरा सूंढा आगै पाला राडमैंसुं भागने आया सो भाव।


पृष्ठ ६१ — चित्र सं० ५० परिमाण — ३+५
शीर्षक — अठे मधु मालती बेठा जेतमाल मधुनै भंवर आराधंण रो कहै सो भाव।

पृष्ठ ६३ — चित्र सं० ५१ परिमाण — ३+५'३ पो.
शीर्षक — अठे राजारा सूंढा आगै दूजी लडाईरी घायल आयनै पूकार करै सो भाव।

पृष्ठ ६५ — चित्र सं० ५२ परिमाण — ३½'३+५'२ पो. (बीच में फटा हुआ)
शीर्षक — अठे राजारी पांच सहसर फोजसुं भमर जुद्ध करे सो भाव।


पृष्ठ ७५ — चित्र सं० ५३ परिमाण — ३'३+३½ १ पो. (फटा हुआ)
शीर्षक — अठे राजा कंने भमर लडाईरी घायल पूकार करे सो भाव।

पृष्ठ ६६ — चित्र सं० ५४ परिमाण — ३½'२+५'३ पो.
शीर्षक — अठे मधु मालती जेतमाल वाडीमैं बेठा तठे राजारो दूत संवाद करे सो भाव।




प्रतिक्रमाङ्क–९२७२; चित्रसंख्या–४६; सूचीपत्राङ्क–१०२

अठे श्रीसिव-पारबतीरो पूजंन मालती करे सो भाव ।



प्रतिक्रमाङ्क–६२७२; चित्रसंख्या–५७; सूचीपत्राङ्क–१०३

अठे मालती पिलंग उपर सुती थी सो लड़ाईरो सोर सुंणने जागी, जेतमाल उरसुं लगाय लीनी सो भाव ।



प्रतिक्रमाङ्क–६२७२; चित्रसंख्या–५८; सूचीपत्राङ्क–१०३

अठे श्रीठाकुरांरी असतुत (स्तुति) मालती करे सो भाव।

पृष्ठ ६७ – चित्र संख्या ५५ परिमाण – ३ + ३½
शीर्षक – अठे राजा कंनै दूत मधु मालतीरी वार्त्ता कहै सो भाव।

पृष्ठ ६७ – चित्र सं० ५६ परिमाण – ५ + ५'३ पो.
शीर्षक – अठे राजा चंद्रसैंण फोज लेनैं मधु उपर कोप करने चढ़ीया सो भाव।

पृष्ठ ६९ – चित्र सं० ५७ परिमाण – ४ + ५'३ पो. (फटा हुआ)
शीर्षक – अठे मालती पिलंग उपर सुतीथी सो लडाईरो सोर सुंणनै जागी जेतमाल उरसुं लगाय लीनी सो भाव।

पृष्ठ ७० – चित्र सं० ५८ परिमाण – ४ + ५'३ पो.
शीर्षक – अठे श्रीठाकुरांरी असतुत मालती करे सो भाव।

पृष्ठ ७२ – चित्र सं० ५९ परिमाण – ४ + ५½ (नीचे से फटा हुआ)
शीर्षक – अठे राजा चंद्रसैंण पैत छोड फोज समेत वंनमैं आय उभो सो भाव।

पृष्ठ ७२ – चित्र सं० ६० परिमाण – ३'२ + ५'३ पो. (नीचे से फटा हुआ)
शीर्षक – अठे राजा आपरा मंत्रीयां प्रधानांसुं मसलत सला करै सो भाव।

पृष्ठ ७८ – चित्र सं० ६१ परिमाण – ३'३ + ५'३ पो.
शीर्षक – अठे बंबी सर्परे नैं उरगांनारे संवाद वार्त्ता हूवै सो भाव।

पृष्ठ ७९ – चित्र सं० ६२ परिमाण – ३ + ५½
शीर्षक – अठे राजा सूतो मंत्री घोडो पकडीयां कंनै बेठो उदर सर्प बंबी सर्प संवाद सो भाव।

पृष्ठ ७९ – चित्र सं० ६३ परिमाण – ३'२ + ५½
शीर्षक – अठे राजानैं मंत्री चुंनाराईरो ओषद कटोरामैं भरनैं पावै सो भाव।

पृष्ठ ८० – चित्र सं० ६४ परिमाण – ३ + ५½
शीर्षक – अठे राजा हरीदतरा मंत्री सर्परी बंबीमैं तेल नाष माल सारो षोद ले जावै सो भाव।

पृष्ठ ८१ – चित्र संख्या ६५ परिमाण – ३½'३ + ३'४ पो.
शीर्षक – अठे सर्पनै उरगांनो दूध पावै सो भाव।

पृष्ठ ८२ – चित्र सं० ६६ परिमाण – ३½ + ५'४ पो.
शीर्षक – अठे उरगांनो लरिकानै साथै लेनै सर्पनै दूध पावण
आयो सो भाव।

पृष्ठ ८३ – चित्र सं० ६७ परिमाण – ३'२ + ५'४ पो.
शीर्षक – अठे उरगांनारै बेटेनुं सर्प डस्यौ कंनै दुध कटोर
डिंगो परचौ सो भाव।

पृष्ठ ८३ – चित्र सं० ६८ परिमाण – ३'२ + ३½
शीर्षक – अठे उरगानो अस्त्रीने बेटानुं सर्प डस्यांरो कहै
सो भाव।

पृष्ठ ८५ – चित्र सं० ६९ परिमाण – ५ + ३½ (चित्र नीचे एवं बगल से फटा है
शीर्षक – अठे राजा चंद्रसेण रांणी कनकमाल मेहलांमैं बेठ
वार्त्ता करै सो भाव।

पृष्ठ ८६ – चित्र सं० ७० परिमाण – ३½ + ५'२ पो.
शीर्षक – अठे श्रीरांमचंद्रजी सीतांजी लछमंणजी हनुंमांनजी
लंका फते कर श्रीअंजणीमाता कंने आया सो भाव।

प्रसङ्गसूची –

१ – लीलावती - राज्यवर्णन – पृष्ठ १ – ८

(१) मधु - मालती - जन्म (२) रामसरोवरशोभा - वर्णन,
(३) मधु - मालती का गुरु - गृह में पठन तथा उनकी
प्रणय - वार्ता का समारम्भ।

२ – मृग - सिंहिनी की प्रणय - कथा – पृष्ठ ८ – १९

(१) मृगोदित काकोलूक - प्रसङ्ग (२) काक - कथित-
टिट्टिभ - प्रसङ्ग (३) मृग - सिंहिनी - संवाद (४) मधु
तथा मालती का वार्तालाप।

३ – मालती-कथित करण-पद्मावती-प्रसङ्ग – पृष्ठ १९ – २६
(१) मधु-मालती-संलाप तथा उनका गुरु-गृह से स्वस्वगृहागमन।

४ – रामसरोवर-प्रसङ्ग – पृष्ठ २६ – ३०
(१) मधु का वनभ्रमण (२) मालती का भृंगी तथा चकवी से संवाद।

५ – जैतमाल-प्रसङ्ग – पृष्ठ ३० – ४२
(१) मालती-जैतमाल का वार्तालाप (२) मधु-जैतमाल-संवाद (३) जैतमाल द्वारा कथित कामदहन-प्रसङ्ग से मालती को अपने पूर्वभव का आभास होना (४) मालती के अपूर्व सौन्दर्य का वर्णन (५) मधु के साथ जैतमाल तथा मालती का संलाप।

६ – लालनसाह की पत्नी मैना के सतीत्व का आख्यान – पृष्ठ ४३ – ५०
(१) मधु-मालती का संवाद।

७ – शुक-पिकी (कोयल) की प्रेमकथा – पृष्ठ ५१ – ५३

८ – चन्दकुमार-रूपरेखा का प्रणयाख्यान – पृष्ठ ५६ – ५९
(१) मधु-मालती-संलाप।

९ – मधुकुमार का राजा चन्द्रसेन की सेना से युद्ध – पृष्ठ ६० – ७३
(१) भ्रमर-युद्ध, मधु-राजदूत-संलाप (२) राजा चन्द्रसेन द्वारा मधु पर चढ़ाई (३) जैतमाल द्वारा मालती को धैर्य-बन्धन (४) चन्द्रसेन की अपने मंत्रि-गण से मंत्रणा।

१० – मंत्री तारणसाह द्वारा कथित उरगाना तथा सर्पका आख्यान – पृष्ठ ७६ – ८३
(१) उरगाना की स्त्री द्वारा उरगाना एवं सर्पका राजा अमरसेन के सम्मुख रहस्योद्घाटन।

११ – राजा चन्द्रसेन-रानी कनकमाल का वार्तालाप – पृष्ठ ८५ – ८६
(१) हनुमान्-अञ्जनी का संवाद।

★

७. सचित्र मधु-मालती कथा । क्रमाङ्क—१०२५८

कर्त्ता—चतुर्भुजदास, लेखन समय-१८ वीं शताब्दी (वि०)

आकार—पत्राकार (जिल्दबंध गुटका) माप(साइज)-९½ + ८'३ पोइन्ट

पृष्ठसंख्या—६३, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति १६, प्रतिपङ्क्ति अक्षर २४-२६।

पुस्तकदशा—ठीक नहीं है, पृष्ठों के प्रांत्य तथा बीच में कई पन्ने भी फटे एवं त्रुटित हैं।

पुस्तक का प्रारम्भ

॥ ९० ॥ श्रीसारदाय नमः ॥ श्री गवरीनंदायनमः ॥ ९० ॥

॥ अथ श्रीमधुमालतीरी वारता लिष्यतिं ॥ बुद्धि अनुसारे तुं ॥

॥ दुहा ॥ सरसतीसुं प्रणमी करी, गनपति चरण पपाल ।
चोपइ ईह मधुमालती, सुंनतां टले जंजाल ॥ १ ॥

॥ चोपइ ॥ वर विरंचतनया वर पाउँ । संकरसुत गनपत सिर नाउँ ॥
चातुर हित ..... रिझाउँ । सरस मालती-मनोहर गाउँ ॥ २ ॥
लीलावती ललित इक देसा । चंद्रसेन तहां सुघड नरेसा ॥
सुभग धाम धुज्ज गगन प्रवेसा । मानुं मंडप रच्यो महिसा ॥ ३ ॥
वसहि नयर पुर जोजन च्यार । चोरासी चोहटां विस्तार ॥
अति विचत्र दीसे नर नार । मानु तिलक नर भुवन मझार ॥ ४ ॥
करेहि सेव नृपकुल छतीस । चढे सहस दश नांवे सीस ॥
अति मेमंत कुंजर कर चीसा । चंद्रसेन नृप हे सब इसा ॥ ५ ॥

॥ दूहरा सोरठा ॥ हेंदल अंत न पार, कुंजर कारे मेघ ज्यु ।
कुली छतीस हजार, चढे लार नृप चंदके ॥ ६ ॥

॥ चोपइ ॥ मन्त्री बुध प्राक्रम तांम । तारणसाह तासके नांम ॥
निसदन सांम धर्मसु कांम । नृपत न तजे घरी पल जाम ॥ ७ ॥
नृपके गेह अंतेउर च्यार । संतत एक मालती कुमार ॥
वरनु कहा हे रूप अपार । मांनुं उरवसी लीयो अवतार ॥ ८ ॥
उपमा कउन पटंतर लहुं । गुंन अनेक छिब पार न लहुं ॥
दिन दिन रूप अनोपम चढे । एसी नांहिं विधाता घडे ॥ ९ ॥
गज कपोत हरी बिंब प्रवाल । भृंगी मधुकर मीन मराल ॥
कदली कनक कीर पक सोय । ए सब सोभा तनकी होय ॥ १० ॥

ज्या देष्यां चित चले महिसा । देषत धरणी डारे सेसा ॥
सुर भुलै जीय धरे अंदेसा । वासी भूलो डोले महेसा ॥ ११ ॥
राजलोक वरनन का कहुं । थोरीसी मंत्रीकी लहुं ॥
थोरे मांझ वहोत रस होउं । अत लावन जन राचो कोउ ॥ १२ ॥
तारनसाह सुघर गुनसार । त्रीया पंच अरु एक कुंवार ॥
ताको नाम मनोहर धरचो । मांनु कांम तेज ले अवतरचो ॥ १३ ॥
मधु मधु कही षेलावे तात । वाढइ कला मनु निजगात ॥
घरी दिवस पष मासे उर । ज्यो वसंत किसले दलकोर ॥ १४ ॥
भयो वरस दश द्वै के संध । देषत त्रीया हुइ कामंध ॥
तन मन धन सुधि विसरी गेह । भृंगी भइ मनु गत तेह ॥ १५ ॥
जित तित कुंमर करे कहु सेल । ढोरी फिरे त्रीया भिहुं गेल ॥
कवहूक रामसरोवर जाय । भृंगी जूथ मनू चाह भुलाय ॥ १६ ॥

पुस्तक के अन्त में—

॥राजावचनं॥ प्राणंतर ढिग कांम वतायो । एतो भेद सवे सुन पायो ॥
जोति सरुप सवे जुग कहीए । लिपे न छिपे न न्यारो रहीए ॥ २५ ॥
जांने नही न कोउ दरसे । सहू संसार सरगही फरसे ॥
इह समझाय कहो मो आगे । तो मो मनको संसो भागे ॥ २६ ॥

॥ मधुवाच ॥ ससी उद्योत सरग ही जांने । इहां जलकुंभ सहस भर आंने ॥
सवहीमि प्रतिविंव प्रकासे । यो प्रभू जोत पिंडमि भ्यासे ॥ २७ ॥
उत देषीइ तो एक ही इंदा । घट देषे तो सहसक चंदा ॥
लिपे न छिपे न सब जुग जापइ । अलप निरंजन आप ही आपे ॥२८॥
हम ही कांम अंश अवतारी । एक हे नेकी कछु कछु न्यारी ॥
समझ होय सो समझे जांने । अणसमझे कछु अकथ कहांने ॥ २९ ॥

इति कांमनिवास जोतिसरूपचरित-संवाद संपूर्ण ॥

॥कविस्वरोवाच॥दूहरा॥ कायथ निंगम कुल इह, नाथा सुत अभीरांम ।
तनय भुजचत्र तासके, कथा प्रकासी तांम ॥ ३० ॥
अलपवुधी अनाद एह, कांम प्रबंध प्रकास ।
कवियन सुंन कर जोरके, कहत चतुरभुजदास ॥ ३१ ॥

वनसपती में अंबफल, रस माहि रससंत ।
कथा मध्य मधुमालती, ज्युं अमृत मझ वार ॥ ३२ ॥

॥ चोपइ ॥ राजनीतकी यामिं साषी । पंचाष्यान बूध इह भाषी ॥
चरनाई चातुरी बनाइ । थोरी थोरी सब ही ल्याइ ॥ ३३ ॥
फुनिं वसंतराज रस गायो । ज्यामिं इश्वर कांम दझायो ॥
....इह लीला विसतारी । रचिक नर सन श्रवन सुपकारी ॥ ३४ ॥
रचिक होय नव रसकु चाहे । अध्यातम आतम अवगाहे ॥
चातुर पूरुष होय हे जोउ । इह रस कला समझ हे सोउ ॥ ३५ ॥

॥ श्लोका ॥ कामार्थी लभ्यते कांमं निर्धनी लभ्यते धनं ॥
अपूत्रो लभ्यते पूत्रं व्याधि तस्य न पीडति ॥ ३६ ॥

॥ चोपइ ॥ कामारथी काम रस साधे । निरधनके बहु धन वाधे ॥
पूत्रहीन सो सूता पावे । व्याध तणी पीडा टल जावे ॥ ३७ ॥
कृष्णदेवको कुंअर कहावे । प्रदूमन कांम अंस मधु गावे ॥
पूत्र कलत्र सबे सूष पावे । दूष दालिद नेरो नही आवे ॥ ३८ ॥

॥ दूहरा ॥ राजा पढे तो राज गत, मंत्री पढे तो बूध ।
कांमी कांम विलासके, ग्यांनी ग्यांन स सुध ॥ ३९ ॥
संपूरन मधूमालती, सकल कथा संपूर ।
श्रोता वकता सबनकु, सुषदायक दूष दूर ॥ ४० ॥

इति मधुमालती कथा संपूरणं ॥ श्रीकल्यांणमस्तुं ॥

टिप्पणी—इस प्रति के प्रत्येक पत्र के दोनों ओर (दाँए, बाँए) हांसियों के मध्यभाग में तरह तरह के वेलबूंटे अङ्कित हैं। ग्रन्थगत लेखभूमि के दाईं बांई ओर लाल रंग की तीन २ रेखाएँ खिंची हुई हैं। प्रबन्ध (प्रकरण) काली स्याही से तथा सन्दर्भ (दोहा, चौपाई सोरठा आदि) एवं पद्याङ्क लाल स्याही से लिखित है। यत्र तत्र दोहा एवं श्लोक का प्रकरण भी लाल स्याही से लिखा हुआ है। अक्षर स्थूल एवं सुन्दर हैं। पुस्तक के प्रकरण को देखने से यह प्रतीत होता है कि प्रति के अनुमानतः ८, ९ पृष्ठ नष्ट हो चुके हैं और विद्यमान पृष्ठों को भी कहीं कहीं उलट-पुलट कर जिल्द में जोड़ दिया गया है, परिणाम स्वरूप पुस्तक त्रुटित तथा तद्गत प्रकरण असम्बद्ध हो गया है। पुस्तक के आजू बाजू के प्रांत्य एवं मध्य भाग के कट-फट जाने से उन पर



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–२; सूचीपत्राङ्क–१०६
मंत्री तारनसाह अपनी पांच पत्नियों के साथ बैठे हैं और कुमार मधु खड़ा है।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–३; सूत्रीपत्राङ्क–१०६

मधु गुरु से पढ़ता है। राजा मंत्री से बात कर रहे हैं।

अङ्कित वेलबूंटे आदि तो अर्द्धनाश को प्राप्त हुए ही हैं, पुस्तक की सुन्दरता को भी भारी क्षति पहुंची है तथा पत्राङ्क तो कहीं पर भी दृष्टि गत नहीं होते हैं।

इस पुस्तक में सचित्र पृष्ठों की संख्या ४२ है तथा चित्रों की संख्या ५५ है। १० चित्रों को छोड़ कर अवशिष्ट चित्र प्रायः बड़े तथा स्वल्पान्तर-परिमाण के हैं। चित्रण में साधारण रंगों तथा साधारण कलम का ही उपयोग किया गया है। चित्रों के चेहरे बनाने में किशनगढ-शैली और उनकी वेशभूषा के निर्माण में जोधपुर तथा जैसलमेर की शैली का आश्रय लिया गया है। चित्रों के बोर्डर चारों ओर से लाल रंग से रंजित हैं तथा चित्र भूमि काली रेखा से वेष्टित है।

सारांशतः चित्र साधारण सुन्दर हैं। किसी भी चित्र पर शीर्षलेख लिखा हुआ नहीं है। अतः यहाँ पर बोर्डर के साथ लिये गये परिमाग एवं प्रसङ्गोपात्त परिचय के साथ चित्रों की सूची निम्नाङ्कित रूप में प्रस्तुत की जा रही है।

चित्रसूची –

पृष्ठ १ – चित्र संख्या १ परिमाण – $६\frac{१}{२}$ + $६\frac{१}{२}$

परिचय – **प्रासाद एवं नगर पथ का दृश्य है। उस पथ से घोड़े पर चढ़ा हुआ राजा गुजर रहा है और उसके पीछे दो सिपाही जा रहे हैं। राजा के सामने दो मनुष्य खड़े होकर अपनी कुछ पुकार (अर्ज़) कर रहे हैं।**

पृष्ठ २ – चित्र सं० २ परिमाग – $२\frac{१}{२}$'२ + ६'३ पोइन्ट

परिचय – **मंत्री तारनसाह अपनी ५ पत्नियों के साथ बैठे हैं और कुमार मधु खड़ा है।**

पृष्ठ ३ – चित्र सं० ३ परिमाण – $२\frac{१}{२}$'२ + ६'३ पो.

परिचय – **मधु गुरु से पढ़ता है। राजा मंत्री से बात कर रहे हैं।**

पृष्ठ ३ – चित्र सं० ४ परिमाण – ३'२ + ३'२ पो.

परिचय – **राजा रानी बात कर रहा है।**

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ५ परिमाण – ३'३ + ६'२ पो.

परिचय – **मालती गुरु के पास पढ़ रही है।**

पृष्ठ ५ – चित्र सं० ६ परिमाण – २'२ + ४'२ पो.

परिचय – **मधु-मालती पढ़ रहे हैं, और परस्पर निहार रहे हैं।**

पृष्ठ ५ — चित्र संख्या ७ परिमाण — २½'१ + २
परिचय — आम्रवृक्ष पर सूवा बैठा है।

पृष्ठ ६ — चित्र सं० ८ परिमाण — २½ + ६'४ पो.
परिचय — सागर के तट पर टीटोड़ा-टीटोड़ी ने अंडे धरे हैं।

पृष्ठ ७ — चित्र सं० ९ परिमाण — २½ + २½ १ पो. (चित्रका मध्य भाग त्रुटित है)
परिचय — राजा सर्पों को मार रहा है।

पृष्ठ ७ — चित्र सं० १० परिमाण — २½ + ६'४ पो.
परिचय — टीटोड़ा को साथ लेकर गरुड़ सागर के पास गया है। वहाँ ब्राह्मण-रूपधारी सागर उसे टिट्टिभ के अंडो के साथ एक हार भी प्रदान कर रहा है।

पृष्ठ ८ — चित्र सं० ११ परिमाण — २'४ + ६'४ पो.
परिचय — घूघू-काक-युद्ध।

पृष्ठ ८ — चित्र सं० १२ परिमाण — १½ + ६'४ पो.
परिचय — कौए एकत्रित हो कर मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ ९ — चित्र सं० १३ परिमाण — ३ + ६'४ पो. (चित्र बीच से त्रुटित है)
परिचय — समुद्रतट पर स्थित वृक्षों पर बैठे हुए हंसों को वधिक (वहेलिया) पकड़ रहा है।

पृष्ठ ९ — चित्र सं० १४ परिमाण — २½ + ६'२ पो.
परिचय — मेघवरण एवं काक-पक्षी बैठे हैं।

पृष्ठ १० — चित्र सं० १५ परिमाण — २'४ + ३'४ पो.
परिचय — कौए उलूकों को गुफा में डाल कर जला रहे हैं।

पृष्ठ ११ — चित्रसं० १६ परिमाण — २'४ + ६'४ पो.
परिचय — सिंहिनी और मृग एक साथ बैठे हैं।

पृष्ठ १२ — चित्र सं० १७ परिमाण — २'४ + ६'३ पो.
परिचय — सिंह के चरणों में सिंहिनी अपना शिर रख रही है। मधु, मालती देख रहे हैं।

पृष्ठ १५ — चित्र सं० १८ परिमाण — ३ + ६½
परिचय — जेतमाल और मधु बैठे हैं।




प्रतिक्रमाङ्क-१०२५८; चित्रसंख्या-१६; सूचीपत्राङ्क-११०

सिंहिनी और मृग एक साथ बैठे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–१७; सूचीपत्राङ्क–११०

हरिण के रक्षणार्थ सिंहिनी सिंह के चरणों में अपना शिर रख रही है। मधु-मालती देख रहे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क-१०२५८; चित्रसंख्या १८; सूचीपत्राङ्क-११०

जैंतमाल और मधु बैठे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–१६; सूचीपत्राङ्क–१११

मधु, मालती और जैतमाल बैठे बात कर रहे हैं ।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–२५; सूचीपत्राङ्क–१११
पद्मावती-करण का प्रेमालिङ्गन।

पृष्ठ १६ – चित्र संख्या १९ परिमाण – ३½'२ + ६'३ पो.
परिचय – मधु, मालती और जेतमाल बैठे बात कर रहे हैं।

पृष्ठ १९ – चित्र सं० २० परिमाण – ५½ + ६'३ पो.
शीर्षक – रांमसरोवर के तीर पर मधु मालती को व्याह धांम हुवै छे।

पृष्ठ २० – चित्र सं० २१ परिमाण – ३'२ + ६'३ पो.
परिचय – सिंह ने मृग को मार डाला, सिंहिनी बैठी देख रही है।

पृष्ठ २१ – चित्र सं० २२ परिमाण – २'२ + ६'३ पो.
परिचय – पद्मावती अपनी दासी से कह रही है कि मैं करण के साथ व्याह करूंगी और दासी उसका यह संदेश उसके पिता राजा सूरसेन को कह रही है।

पृष्ठ २१ – चित्र सं० २३ परिमाण – ४½ + ४'१ पो.
परिचय – पद्मावती का पिता अपनी रानी एवं परिवार के साथ मंत्रणा कर रहा है।

पृष्ठ २२ – चित्र सं० २४ परिमाण – ४'२ + ३½ २ पो. (चित्र का बांई ओर का हिस्सा लम्बाई में करीब १ इंच कम है)
परिचय – राजा-रानी बात कर रहे हैं और नीचे दरवाजे पर दासी खड़ी है।

पृष्ठ २३ – चित्र सं० २५ परिमाण – ३½'२ + ६'४ पो.
परिचय – पद्मावती एवं करण के भोगविलास का अश्लील नग्न-चित्र तथा प्रेमालिङ्गन-चित्र है।

पृष्ठ २४ – चित्र सं० २६ परिमाण – ६½'२ + ६½ ३ पो.
परिचय – पनिहारियां रामसरोवर पर पानी भर रही हैं, और मधु गिलोल से पक्षियों का शिकार कर रहा है।

पृष्ठ २५ – चित्र सं० २७ परिमाण – ३½'२ + ६'३ पो.
परिचय – दूती मालती को यह खबर दे रही है कि मधु रामसरोवर पर आया हुआ है।

पृष्ठ ३१ – चित्र संख्या २८ परिमाण – ४'२ + ६'३ (चित्र का दाईं ओर का ऊपरी भाग करीब २ इंच अधिक है)

परिचय – मधु - मालती कुंज की वहार ले रहे हैं, एक तरफ से आती हुई फौज को देख कर मालती दौड़ कर मधु के कंठ से लिपट गई है।

पृष्ठ ३२ – चित्र सं० २९ परिमाण – ३'३ + ६'४ पो. (चित्र के बांई ओर का १ इंच का ऊपरी हिस्सा करीब ४ पोइन्ट कम है)

परिचय – युद्ध में बचे हुए दो तीन मनुष्य राजा को यह खबर दे रहे हैं कि सारी सेना भँवरों द्वारा खाई जा चुकी है। राजा यह सुन-कर मुख में अंगुली डाल रहा है।

पृष्ठ ३३ – चित्र सं० ३० परिमाण – ४ + ६'४ पो.

परिचय – राजा अपने चार दूतों को कुछ संकेत दे रहा है।

पृष्ठ ३३ – चित्र सं० ३१ परिमाण – ७ + ६'४ पो.

परिचय – फोज (कटक) का दृश्य।

पृष्ठ ३४ – चित्र सं० ३२ परिमाण – ८ + ६'४ पो.

परिचय – रामसरोवर बाग का सुन्दर दृश्य है। बाग के बाहर सड़क पर १ हाथीसवार १ ऊंटसवार, और दो घुड़सवार खड़े हैं। जेतमाल, मालती और मधु बाग में होली खेल रहे हैं।

पृष्ठ ३५ – चित्र सं० ३३ परिमाण – ३'४ + ६'४ पो.

परिचय – क्रुद्ध हुआ राजा दूतों को रामसरोवर को चारों ओर से घेर लेने की आज्ञा दे रहा है।

पृष्ठ ३६ – चित्र सं० ३४ परिमाण – ८ + ६'५ पो. (चित्र बीचमें से कट गया है)

परिचय – मधु फौज से रामसरोवर बाग में अकेला ही लड़ रहा है।

पृष्ठ ३७ – चित्र सं० ३५ परिमाण – २'१ + ५½ ३ पो.

परिचय – जैतमाल यदुवंश की कथा सुना कर मालती को धीरज बंधाती हुई उसे पूर्वभव का स्मरण दिला रही है।




प्रतिक्रमाङ्क-१०२५८; चित्रसंख्या-२८; सूचीपत्राङ्क-११२

एक तरफ से आती हुई फौज को देख मालती दौड़ कर मधु के गले लग रही है।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–३०; सूचीपत्राङ्क–११२
राजा अपने दूतों को कुछ संकेत दे रहा है।



प्रतिक्रमाङ्क-१०२५८; चित्रसंख्या-३२; सूचीपत्राङ्क-११२
रामसरोवर बाग का सुन्दर दृश्य ।

पृष्ठ ४० — चित्र संख्या ३६ परिमाण — ३'१ + ४'४ पो.
परिचय — राजा चंद्रसेन-मंत्री तारणसाह बैठे मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ ४२ — चित्र सं० ३७ परिमाण — २½'३ + ६'२ पो.
परिचय — राजा चंद्र-मंत्री तारण मंत्रणा कर रहे हैं। एक सेवक (सिपाही) राजा के पीछे खड़ा हैं।

पृष्ठ ४३ — चित्र सं० ३८ परिमाण — ३½'३ + ६'३ पो.
परिचय — मधु-मालती का गांधर्व-विवाह हो रहा है। यह खबर बाग का माली राजा को दे रहा है। ये दोनों भाव चित्र में दिखलाए गये हैं।

पृष्ठ ४३ — चित्र सं० ३९ परिमाण — ४'३ + ६'२ पों. (बांई ओर का २½ इंच का ऊपरी भाग ४ पो. कम लंबा है, चित्र का पन्ना कटा हुआ है)
परिचय — रानी कनकमाल दूती को कह रही है कि मधु-मालती को जाकर कहो — वे इस देश एवं स्थान को छोड़ दें, अन्यथा राजा से प्राणहानि होने का भय है। मधु-मालती बैठे हैं।

पृष्ठ ४४ — चित्र सं० ४० परिमाण — ४ + ६'४ पो. (चित्र कट फट रहा है)
परिचय — चंद कुमार चंपावती शहर के बाग की वृद्धा मालिन से यह कह रहा है कि इस बाग में ऐसी कोटरी बनाओ, जो कि जूही की लता-कुंज से आवेष्टित हो, इस का तुम्हें पुरस्कार दूंगा।

पृष्ठ ४४ — चित्र सं० ४१ परिमाण — ३'१ + ३½ १ पो.
परिचय — कोटड़ी (अथवा मंदिर) में चंदकुमार देख रहा है।

पृष्ठ ४५ — चित्र सं० ४२ परिमाण — ५ + ६'४ पो.
परिचय — रूपरेखा अपनी सेहेलियों के साथ उस बाग में कुंज की ओर जा रही है। उनके पीछे २ चंदकुमार आ रहा है, मालन उसे अपनी बनाई हुई कुंज को दिखलाने के लिए बुला रही है, किन्तु रूपरेखा भ्रमवश उस मालन की ओर आगे बढ़ रही है।

पृष्ठ ४५ – चित्र संख्या ४३ परिमाण – ३'४ + ६'४ पो.

परिचय – चंदकुमार एवं रूपरेखा का मिलन। दोनों बैठे हैं।

पृष्ठ ४६ – चित्र सं० ४४ परिमाण – ३'१ + ६'५ पो.

परिचय – मधु, मालती बैठे हुए बातें कर रहे हैं।

पृष्ठ ४६ – चित्र सं० ४५ परिमाण – १'२ + ६'४ पो.

परिचय – मधु, मालती बैठे बातें कर रहे हैं।

पृष्ठ ४७ – चित्र सं० ४६ परिमाण – ३ + ६'३ पो.

परिचय – मधु बाग के वृक्षों के पत्तों को गिलोल द्वारा कंकरों की मार से झाड़ रहा है, मालती उसके पीछे खड़ी है। बाग के दो पायक दूर से यह नजारा देख रहे हैं।

पृष्ठ ४७ – चित्र सं० ४७ परिमाण – ४'२ + ६'३ पो. (चित्र का बांई ओर का १½ का ऊपरी हिस्सा लंबाई में ४ पोइन्ट कम है)

परिचय – बाग में जेतमाल, मालती और मधु को फौज ने घेर लिया है। जेत, मालती बैठी हैं। मधु खड़ा अपनी गिलोल चला रहा है।

पृष्ठ ४८ – चित्र सं० ४८ परिमाण – ३½ + ६'२ पो. (चित्र का आधा· इञ्च का ऊपरी हिस्सा लम्बाई में ३ पोइन्ट कम है)

परिचय – मधु गिलोल चला रहा है। सामने की वृक्षावली की ओट में दो सिपाही अपने प्राण बचाए खड़े हैं।

पृष्ठ ४९ – चित्र सं० ४९ परिमाण – २½'२ + ६'३ पो. (चित्र का नीचे का किनारा कटा हुआ है तथा बांई ओरका ऊपरी कुछ हिस्सा लम्बाई में २ पोइन्ट कम है)

परिचय – जेतमाल, मालती के साथ मधु बैठा है।

पृष्ठ ४९ – चित्र सं० ५० परिमाण – ६'३ + ६'४ पो. (चित्र के बांई ओर के दोनों प्रांत्य नष्ट हो चुके हैं। उस पर अंकित दृश्य भी त्रुटित हो गया है)

परिचय – रामसरोवर बाग का दृश्य है । जेतमाल, मालती बैठी हैं, मधु खड़ा है। नीचे में बाई ओर दो सैनिक भागते हुए दिखलाई दे रहे हैं।




प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–५३; सूचीपत्राङ्क–११५

मधु मालती पालखी में बैठ कर बड़ी सज-धज के साथ महल की ओर जा रहे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–५५; सूचीपत्राङ्क–११५
ब्राह्मण मण्डप में जेतमाल तथा मालती के साथ मधु का विवाह करा रहा है।



प्रतिक्रमाङ्क–१०२५८; चित्रसंख्या–५२; सूचीपत्राङ्क–११५

उरगाना अपनी पत्नी को समझा रहा है। उसके पीछे उसका पुत्र बैठा है।

पृष्ठ ५३ – चित्र संख्या ५१ परिमाण – ३½'१ + ६'३ पो.
परिचय – उरगाना अपने लड़के के हाथ में दूध का कटोरा रख कर सर्प के पास पहुँचा है।

पृष्ठ ५४ – चित्र सं० ५२ परिमाण – ३ + ६'४ पो.
परिचय – उरगाना अपनी पत्नी को समझा रहा है। उस के पीछे उसका पुत्र बैठा है।

पृष्ठ ५५ – चित्र सं० ५३ परिमाण – ५'४ + ६'४ पो.
परिचय – मधु मालती पालखी में बैठ कर बड़ी सजधज के साथ महल की ओर जा रहे हैं।

पृष्ठ ५८ – चित्र सं० ५४ परिमाण – ३'४ + ६'२ पो.
परिचय – हनुमान्जी अंजनी माता से आज्ञा ले रहे हैं।

पृष्ठ ६१ – चित्र सं० ५५ परिमाण – ४½ + ६'४
परिचय – मण्डप में पण्डित ब्राह्मण जेतमाल तथा मालती के साथ मधु का विवाह करवा रहा है।

प्रसङ्गसूची –

१ – लीलावती-पुर-वर्णन-प्रसङ्ग – पृष्ठ १ – ५
(१) मधु-मालती की उत्पत्ति (२) रामसरोवर-शोभावर्णन (३) मधु-मालती का गुरु-गृह में विद्याध्ययन तथा उनके प्रणय का सूत्रपात (४) मधु-कथित शुकोदाहरण।

२ – टिट्टिभ-टिट्टिभी-संवाद – पृष्ठ ६ – ७
(१) काक द्वारा सर्प-मारण (२) सागर-गरुडसंवाद।

३ – काक-उलूक-वार्ता – पृष्ठ ७ – १०
(१) हंस-बधिक-निदर्शन।

४ – मृग-सिंहिनी का प्रणयालाप – पृष्ठ १० – १२

५ – मधु-मालती-जैतमाल संवाद – पृष्ठ १३ – २०
(१) जैतमाल द्वारा मधु का पूर्वभव-स्मरण (२) मालती का सौन्दर्य-वर्णन (३) मधु-मालती का गान्धर्व-विवाह।

६ – करण-पदमावती-प्रसङ्ग – पृष्ठ २१ – २३

७ – रामसरोवर - प्रसङ्ग – पृष्ठ २३ – ३०
(१) मधु - मालती - संवाद (२) मालती - चकवी - संवाद (३) जैतमालती - मालती - संवाद (४) जैतमाल - मधु - संलाप ।

८ – मधु का राजसेना से युद्धवर्णन – पृष्ठ ३१ – ४०
(१) भ्रमर - युद्ध (२) मधु का राजदूत से वार्तालाप (३) मधु को अपने पास न देखकर विकल हुई मालती को जैतमाल-कथित यदुवंश की कथा से आत्मबोध (४) मालतीकृत श्रीकृष्ण-स्तुति से मधु की सहायतार्थ प्राप्त भारण्ड, सिंह आदि का राजसेना से युद्ध (५) राजा चंद्रसेन का युद्धस्थल से पलायन एवं उसकी अपने मंत्रियों से मंत्रणा (६) मंत्रियों द्वारा तारणसाह को पुनः प्रधान पद पर प्रतिष्ठापन करने का राजा को सुझाव ।

९ – राजा चंद्रसेन तथा मंत्री तारणसाह का वार्तालाप – पृष्ठ ४० – ४२
(१) तारणसाह द्वारा अपनी मांत्रिक - शक्ति से सिंह, भारण्ड आदि का बन्धन (२) श्रीगौरी माता का राजा को उपदेश (३) युद्ध - विराम (४) चंद्रसेन - तारणसाह की मंत्रणा ।

१० – माली द्वारा मधु - मालती की प्रणयलीला का चंद्रसेन के सम्मुख रहस्योद्घाटन – पृष्ठ ४३ वाँ

११ – चंदकुमार - रूपरेखा का प्रेमाख्यान – पृष्ठ ४४ – ४६

१२ – मधु - युद्ध - वर्णन – पृष्ठ ४६ – ४९

१३ – तारणसाह - कथित पथिक उरगाना तथा सर्प का उपाख्यान– पृष्ठ ५० – ५५
(१) उरगाना का गृह - कलह (२) उरगाना के पुत्र का सर्पदंश से मरण (३) पत्नी द्वारा उरगाना - सर्प का राजा अमरसेन के आगे भण्डाफोड़ एवं राजा द्वारा सर्प को मारकर बंबी से धनापहरण ।

१४ – मधु - मालती के विवाह का वर्णन – पृष्ठ ५५ – ६२
(१) राजा चन्द्रसेन तथा रानी कनकमाल का वार्तालाप (२) अञ्जनी से श्रीराम, हनुमान् का संवाद (३) राजा-रानी का संलाप । (४] चन्द्रसेन - मधु संलाप ।

१५ – काम - निवास - प्रसङ्ग एवं कथोपसंहार – पृष्ठ ६२ – ६३

★

८. सचित्र मधु-मालती कथा । क्रमाङ्क – १०४७७

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, लिपि समय – १९ वीं शताब्दी (वि०)

आकार – पुस्तकाकार (खुले पत्र) माप (साइज) – ८½ + ५½

पृष्ठसंख्या – ९, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति २२, प्रतिपङ्क्ति अक्षर २२ ।

पुस्तकदशा – साधारणतया ठीक है, किन्तु प्रति त्रुटित एवं सर्वथा अपूर्ण है ।

पुस्तक का प्रारम्भ

ऐसी मनमै चिता करे । फुंनि वीचार क [छु वो] रै धरै ॥
पढवै कारण वीलंवी रहै । तोलु वर ढूंढुं [नृ] प कहै ॥ ६१ ॥

॥ दुहा ॥ प्रीतम पाणी आपणो, ज्युं [जाणे] त्यु रष ।
पेके पाणी ऊतरे, वोहर चढै नव लष ॥ ६२ ॥

॥ चोपाई ॥ पट परेच बंदो नृप कहै । भीतर [कंवर] मालती रहै ॥
पंडितके ढीग मंत्रीको बाल । रहै पढै पढ पट साल ॥ ६३ ॥
मंत्रीकुवर नांम [ज] व कहै । सुणत मालती हीरदे सुष लहै ॥
ज्याकै मन मीलवकी तीस । मनसाको दाता जगदीस ॥ ६४ ॥

॥ श्लोक ॥ गीरै कीलापी गगेन च मेघा, लष्यं च नांतुं जले च पद्मं ॥
दोय लष्य सोमो कमदस्य तोयं, जो जस्य प्रीती न कदापी दूरे ॥६५॥

॥ दूहा ॥ कमोदनी जलहर वसे, चंदो वसे आकास ।
जो जाही के मन वसे, त त्याहींकै पास ॥ ६६ ॥


पुस्तक के अन्त में –

मन मालण सोच अत करइ । सकै तो सीत भयौ दोउ मरइ ॥
पीपर वांटणकुं ग्रेह दोरी । भयो प्रसंग कछु ओर ही ओरी ॥ ५२ ॥
वपु संभार आप उठी बैठे । मांनुं मैंन-बांन तन पेठे ॥
कुंवरी चेत चबुक मुसकांनी । चंदकुंवर सब जीवकी जांनी ॥ ५३ ॥
गही भुज अंक उरही उर फरसी । मांनु छट गइ मत् करसी ॥
तन मन प्रांण भऐ इक होउं । कहीयै कौन भांतसुं सोउ ॥ ५४ ॥
रुपरेष मन प्रीत जनावै । चंदकुंवरकै बोल सुंनावै ॥
वीरह बांन लागत हैं मोहिं । सांचो नेह जणावत सोहि ॥ ५५ ॥

॥ दुहा ॥ वीरह बांन तन वेदही, कौन फीरे वसीठ ।
नेह बंधनै नां मिलै, आप ही आ .... ॥


टिप्पणी — उल्लेखनीय है कि ६ठे तथा ५३ वें पृष्ठ पर लिखित मधुमालतीकथा – प्रबन्ध के क्रमशः आद्यन्त अंश के ही कुछ पद्य नमूने के तौर पर ऊपर में (ग्रन्थारम्भ एवं ग्रन्थान्त के रूप में) उद्धृत किये गये हैं। क्यों कि उक्त कथा की इस प्रति के वे प्रकीर्ण ९ पत्र ही केवल प्राप्त हुए हैं जिन पर क्रमशः ६, १९, २४, २९ (?), ३१, ३२, ४१ (?) ५१ (?) तथा ५३ संख्याएं अङ्कित हैं। इन पत्रों को देखने से यह प्रतीत होता है कि जिस प्रति के ये प्रकीर्ण पत्र हैं वह प्रति निश्चय ही बड़े परिश्रम से सुन्दर रूप में तय्यार की गई होगी। जैसा कि इस प्रति के चमकीली काली स्याही से सुन्दर लिपि में लिखित सुवाच्य अक्षरों तथा बोर्डर आदि में उपयुक्त भड़कीले रंगो से प्रमाणित होता है। प्रति के प्रत्येक पत्र पर प्रबन्ध के आजू बाजू में लाल स्याही की दो दो रेखाएँ खींच कर उन (रेखाओं) के बीच में पीला रंग भरा हुआ है। प्रबन्ध का लेखन काली स्याही से तथा सन्दर्भ (चौपई, दूहा आदि) एवं प्रसङ्ग का लेखन लाल स्याही से किया गया है। पद्याङ्क एवं पद्यों के प्रत्येक पाद लाल स्याही की दो दो विराम-रेखाओं (खड़ी पाई) से आबद्ध है। जिन पत्रों पर प्रबन्ध एवं चित्र, दोनों ही अङ्कित हैं, उन में यह विशेषता रखी गई है कि प्रबन्ध - भूमि के चारों ओर करीब आधा इञ्च परिमाण - भाग पर लाल रंग को पोतकर पत्रों के प्रान्त्यों (किनारों) पर १ काली सूक्ष्म रेखा अङ्कित की गई है तथा उसी (प्रबन्ध) भूमि के सन्निकट में ही समानान्तर पर तीन वारीक रेखाएँ क्रमशः लाल, काली और सफेद रंग की बना कर लाल और काली रेखाओं के बीच में पीला, एवं काली और सफेद के बीच में लाल रंग भर दिया गया है। इस से पत्रों की शोभा और भी खिल उठी है।

इन प्राप्त ९ पृष्ठों पर १० चित्र अङ्कित हैं। इन के चित्रण में स्थानानुकूल सामयिक नानाविध उत्तम रंगों का उपयोग किया गया है। चित्रों की बनावट को देखने से यह प्रतीत होता है कि चित्रकार ने एक ओर जहाँ बीकानेर - जोधपुर की उत्कृष्ट शैली का आश्रय लेकर उन (चित्रों) की आकृतियों को वेष - भूषा आदि साज सज्जा से विभूषित कर सुन्दर एवं सुडौल बनाने का सफल प्रयास किया है। वहाँ दूसरी ओर उन (चित्रों) में प्रसङ्गानुकूल भावों का अभिव्यञ्जन करने में अपनी उत्कृष्ट कलाभिज्ञता का भी परिचय दिया है। यही कारण है कि सभी चित्र भावपूर्ण, नयनाभिराम एवं मनोहर बन पड़े हैं। शीर्षलेख के अनुसार चित्रों का विवरण निम्न प्रकार है।




प्रतिक्रमाङ्क-१०४७७; चित्रसंख्या-३; सूचीपत्राङ्क-११६

अथ मधु चलण नै घरां जावै मालती फेटी समायो सो भाव ।



प्रतिक्रमाङ्क–१०४७७; चित्रसंख्या–७; सूचीपत्राङ्क–११६

लालनसाहनै मैना समाचार कयै (कहे) दुतीनै गढ चढाई।



प्रतिक्रमाङ्क–१०४७७; चित्रसंख्या–१०; सूचीपत्राङ्क–११६

चंदकवर बैठो परधानरी बेटीनु मुरछागत आई पर गई ।

चित्रसूची –

पृष्ठ ६ – चित्र संख्या १ परिमाण – ३'२ + ४'४ पोइन्ट
शीर्षक – पंडित बेठो मुधु भणै। मालती भणवा आई परेचमे भणै छै।

पृष्ठ १९ – चित्र सं० २ परिमाण – ३'२ + ४'३ पो.
शीर्षक – अठे मालती बेठी भणै। मधु भणतो कथा कहै सो भाव।

पृष्ठ २४ – चित्र सं० ३ परिमाण – ३ + ४½
शीर्षक – अठै मधु भणने घरां जावै फैटो सभावौ सो भाव।

पृष्ठ २९(?)– चित्र सं० ४ परिमाण – २'२ + ४½
शीर्षक – मालती जेतमाल दोनु संवादो।

पृष्ठ ३१ – चित्र सं० ५ परिमाण – २'२ + ४½
शीर्षक – मालतीनु जेतमाल मधुरी वात कहै दुती समाचार कहै छै उभी।

पृष्ठ ३२ – चित्र सं० ६ परिमाण – २½ + ४½
शीर्षक – जेतमाल सनांन करे सीणगार करे छै।

पृष्ठ ४१(?)– चित्र सं० ७ परिमाण – २'२ + ४½
शीर्षक – लालनसाहने मेना समाचार कयै। दुतीनै गढ्ढे चढाई।

पृष्ठ ५१(?)– चित्र सं० ८ परिमाण – २'२ + ४½ (चित्र का रंग कुछ उड़ गया है)
शीर्षक – पारधी सरब पंछी जालमै पकडीया।

पृष्ठ ५१(?)– चित्र सं० ९ परिमाण – २२ + ४½ (चित्र का रंग कुछ उड व फैल जाने से चित्र खराब हो गया है)
शीर्षक – मधु मालती छांनै परनीया जेतमालती वेठी माली छांनै देषै छै।

पृष्ठ ५३ – चित्र सं० १० परिमाण – ३'३ + ४½
शीर्षक – चंदकवर वैठो परधांनरी बेटीनु मुरछागत आई परगई।

प्रसङ्गसूची

१ – मधु-मालती का गुरु के घर में विद्याभ्यास – पृष्ठ ६ ठा

२ – नृपतिकुमार करण तथा सूरसेनकुमारी पद्मावती का प्रसङ्ग – पृष्ठ १९ वाँ

३ – मधु-मालती का प्रणय-संवाद तथा उनका गुरु-गृह से स्वस्वगृहागमन। पृष्ठ २४ वाँ

४ – मालती-जैतमाल का संवाद – पृष्ठ २९(?) वाँ

५ – मालती-जैतमाल संवादानन्तर जैतमाल का शृङ्गारवर्णन तथा उसका मधु से वार्तालाप – पृष्ठ ३१ – ३२

६ – लालनसाह की पत्नी मैना के सतीत्व का प्रसङ्ग – पृष्ठ ४१(?) वाँ

७ – शुक-पिकीप्रसङ्गान्तर्गत पारधी का प्रसंग तथा मधु-मालती का गान्धर्व विवाह – पृष्ठ ५१(?) वाँ

८ – चन्दकुमार-रूपरेखा-मिलन-प्रसङ्ग – पृष्ठ ५३ वाँ

★

९. सचित्र मधु-मालती कथा । क्रमाङ्क—१०७००

कर्त्ता—चतुर्भुजदास, लिपि समय-१८३३ विक्रम संवत्

आकार—गुटकाकार (खुले पत्र) माप (साइज)-५'१ + ८

पृष्ठसंख्या—७६, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति ११-१२, प्रतिपङ्क्ति अक्षर ३२ ।

पुस्तकदशा—साधारण अच्छी है, किन्तु कतिपय पृष्ठ अर्द्धत्रुटित एवं खण्डित हैं ।

पुस्तक का प्रारम्भ

श्री गण.................लती लिष्यते ॥

॥ चौपई ॥ स्तुति ॥ .... तनया वर पाउ । .... सिर नांऊं ॥
चातुर हित चिंत सहित .... । सरस मालती-मनोहर गांऊं ॥१॥
लीलावती ललित एक देसा । चंद्रसे [न ति] हां सुगड नरेसा ॥
सुभग धाम धुज गगनि प्रवेसा । मांनहुं मंडप रच्यौ महेसा ॥ २ ॥
वसै नगर पुर जोजन च्यारि । चौंरासी चौहटै चौवारि ॥
अति विचित्र दीसैं नर नारि । मांनहुं तिलक भवन मैंझारि ॥ ३ ॥
करैं सेव नृप कुल छतीस । चढैं सहस दस नायें सीस ॥
झरैं मत्त कुंजर करैं चीस । चंद्रसेन ईसनको ईस ॥ ४ ॥

॥ दोहा ॥ चढत संग नृप चंदकैं, कुल छतीस हिसार ।
कुंजर कारे मेघ ज्यौं, ह [य दल अं] त न पार ॥ ५ ॥

॥ चौपई ॥ मंत्री देषि पराक्रम तांम । तारनसहा तासकौ नांम ।
निस दिन स्वांम धरमसौं कांम । नृप तैज न घरी पल जांम ॥ ६ ॥
नृप [की व्याहैतर त्रि] य च्यारि । संचित येक मालती कुमारि ।
वरलौं कहांलौं रूप अपार । मानहुं उरवसी लयौ वौतार ॥ ७ ॥
उ[प]मा कौंन पटंतर कहुं । गुन अनेक छवि पार न लहुं ॥
दिन दिन रूप अनोपम चढै । ऐसी नही वोर विधि गढै ॥ ८ ॥
गज कपोल(त) हरी प्रवाल । भ्रंगी मधुकर मीन मराल ॥
कदली कनक .... री पें सोइ । ऐसी सोभा फीकी होइ ॥ ९ ॥

जा देषैं चित चलै मुनेस । देषें धरनी डारैं सेस ।
मानहुं छांह परी ता देस । सुर भूले जीव धरे अंदेस ॥ १० ॥

॥ इति राजलोकवर्णन । अथ मंत्री भवन वर्णनं ॥

॥ चौपई ॥ राजलोक वरनु कितीक कहुं थोरी सी मंत्रीकी लहुं ॥
थोरे मांझ वोहोत रस होय । अति लावन्य जिनि राचौ कोय ॥११॥

तारनसाह सुघड गुनसार । त्रिया एककैं पुत्र कुंमार ॥
ताकौ नांम मनोहर धर्यौ । मांनौ कांमरूप अवतर्यौ ॥ १२ ॥

मधु मधु कहै पिलावै तात । वाढैं मानु कलानिधि गात ।
घरी दिवस पष मासन [वोर] ज्यां वसंतकीसलता कोर ॥ १३ ॥

पुस्तक के अन्त में—

॥ राजावाच ॥ चौपई ॥ प्रानेस्वर जब काम दझायौ । यो तो भेद सबै सुनि लीयौ ॥
तीजो सरूप सबै तन करइ । लीपे न छीपे न न्यारौ रहिइ ॥ ८८६ ॥

जानै नही जो को ऊदरसै । कहुं संसरगन कवहूं परसै ॥
यौं समझाय कहौ यौ आगै । तब मो मनको सांसौ भागै ॥ ८८७ ॥

॥ मधुवायक ॥ दोहा ॥ सस उद्योत सरगही जानै, इहां जलकुंभ सहस वरि ठानै ।
सवहीमै प्रतिविंव प्रकासे, ज्यौं प्रभुजोत पीडमै भासे ॥ ८८८ ॥

इत देषू तौ एकही अंदा । घ........................... चंदा ॥
लिपै न छिपै न सब जगमै व्यापै । अलष निरंजन........ ॥ ८८९ ॥

हम है कांम अंस अवतारी । ये कछु कहै सुनैं की न्यारी ॥
...............य तो समझै जानी । :अन समझेकूं कहत कहांनी ॥८९०॥

॥ ....निवाश जोती स्वरोवाच ॥

॥ दोहा ॥ कायथ नयगम कुल रहै, नाथ सुत [अभि] राम ।
तनया चत्रुर्भुज तासकौं, कथा प्रकासी ताम ॥ ८९१ ॥
अलप वुधि [कठोर] दई, कांमप्रवंध प्रकास ।
कवियनसूं कर जोरिकैं, कहै चतुर्भुजदास ॥ ८९२ ॥
कामप्रवंधप्रकास फुनि, मधु—मालती विलास ।
प्रद्युमन लीला यहै, कहत चत्रभुजदास ॥ ८९३ ॥

वनसपतिमैं अंत्र फल, रसमैं ऊप(ष) रसंत ।
कथा मध्य मधुमाल[ती] पट रितु मध्य वसंत ॥ ८९४ ॥
लता मध्य पनग लता, सौंधेमैं घनसार ।
कथा मध्य मधुमालती, आभूपनमैं हार ॥ ८९५ ॥

॥ चौपई ॥ राजनीतिकी यामी सापी । पंचाध्यानवंध यह भापी ॥
चरनाइक चातुरनि वता[इ] । ········ सवहुं आइ ॥ ८९६ ॥
कृष्णदेवको कुंवर कहावै । प्रद्युम्न का ·········· ॥
पुत्र कलत्र सवै सुप पावै । दुप दलद्र नेरौ नही आवै ॥ ८९७ ॥

॥ श्लोक ॥ कामार्थी लभ्यते कामं निर्धनो धन प्रापते ।
अपुत्रो लभते[पुत्रं वा]········ धा तस्यां न जायते ॥ ८९८ ॥

॥ दोहा ॥ राजा पढै तौ राजनीत, मंत्री पढै तो वुध्य ।
कांमी कांमविलास रस, ग्यानी ग्यानसुं बुध्य ॥ ८९९ ॥
[संपू]र्ण मधुमालती, कलसही भयौ संपूर ।
सुरता वकता सवनकूं, सुपदा[यक दु]प दूरि ॥ ९०० ॥
॥ इति श्रीमधुमालतीरसग्रंथ संपूर्ण शुभं मस्तु ॥ श्रीरस्तु ॥

संवत द्र(दि)ग देवी भुजा, अरु(अंक) तेतीस वपानि ।
कातिग वदि शिव वरत हो, मंद वार है जांनि ॥ १ ॥

॥ दोहा ॥ पोथी नंदकिसोरनैं, लिपी बुधि परवान ।
मोहनलाल सुजान तुम, दीजो बुधि प्रवान ॥ २ ॥
नगर करौलीमै लिपी, मानिकपालको राज ।
चित दैकै याकौं पढौ, यह प्रवीनकौ काज ॥ ३ ॥

टिप्पणी—इस प्रति में प्रस्तुत कथा का प्रारम्भ प्रथम पृष्ठ से तथा उस की समाप्ति ७६ वें पृष्ठ पर होती है। इन पृष्ठों में ७१ एवं ७२ संख्या के पृष्ठ अनुपलब्ध हैं। प्रतिगत प्रबन्धभूमि के चारों ओर समानान्तर पर लालस्याही की दो सूक्ष्म रेखाएं खींची हुई हैं तथा उस के बाद का भाग अर्थात् पृष्ठ का १ इञ्च परिमाण का प्रान्त्य भाग (बोर्डर) पीले, लाल एवं काले रङ्ग से रञ्जित किया हुआ है। यद्यपि उक्त भाग को रंगने में अधिकतर पीले रङ्ग का ही उपयोग किया गया है, किन्तु इस के अतिरिक्त जहां पर काले रङ्ग का उपयोग हुआ है, वहां यह अन्तर रखा गया है कि प्रबन्धभूमि को आवेष्टित करने वाली रेखाएं लाल रंग से न बना कर वे सफेद रंग से ही

बनाई गई हैं। प्रबन्ध का लेखन बढ़िया काली स्याही से सुन्दर एवं सुस्पष्ट अक्षरों में किया गया है तथा सन्दर्भ एवं प्रसङ्ग आदि के शिरोलेख लाल स्याही से ही लिखे गये हैं। पद्यार्द्ध (अर्द्धाली) एवं पद्य समाप्ति पर लाल स्याही की दो विराम रेखाएं अङ्कित की गई हैं।

प्रति में कुल चित्र ४४ उपलब्ध हैं। इन में पूरे चित्रों की संख्या २७ एवं अर्द्ध पत्राङ्कित चित्रों की संख्या १७ है। चित्रों की बनावट व्रज एवं कोटा-बून्दी की शैली के माध्यम पर आधारित है। इन के चित्रण में उत्तम विविध रङ्गों का ही उपयोग किया गया है। चित्रों की सुन्दरता एवं तद्गत प्रसङ्गानुकूल, अश्लीपता रहित हावभावादि की अभिव्यक्ति को तथा महल, पनघट तथा उपवन आदि के चित्रण को देखने पर हमें यह स्पष्ट आभास होता है कि चित्रकार केवल आकृतिनिर्माता ही नहीं, अपि तु वह एक अनुभवी आदर्श कलाकार था और उसकी अभिरुचि स्थापत्यकला की ओर भी विशेष रूप से थी। यही कारण है कि प्रतिगत चित्रों में मनोमोहकता एवं सजीवता स्पष्टतः परिलक्षित होती है। चित्रों का विवरण निम्न प्रकार प्रस्तुत है —

चित्रसूची —

पृष्ठ १ — चित्र संख्या १ परिमाण — ३½'३ + ६½ (चित्र ऊपर से अर्द्धत्रुटित है)

परिचय — **लीलावतीपुर के राजा चन्द्रसेन अपने अन्तःपुर में अपने परिवार के साथ विराजमान हैं।**

पृष्ठ २ — चित्र सं० २ परिमाण — ४ + ६'३ पो.

परिचय — **एक तरफ मसनद के सहारे बैठे मन्त्री तारणसाह अपने पुत्र मधु को बुला रहे हैं। मधु उनके सामने खड़ा है और उस के पीछे उस की माता उस के कन्धे पर हाथ रखी हुई बैठी है।**

पृष्ठ ३ — चित्र सं० ३ परिमाण — ३½'३ + ६'३ पो.

परिचय — **एक तरफ रामसरोवर की सीढियों में मधु गिलोल लिये खड़ा है। दूसरी ओर सीढियों में खड़ी तीन पनिहारियां तो उसे निहार कर अपनी सुधि भूल गई हैं तथा तालाब की बीच की सीढ़ी में एक अबला मूर्छित होकर गिर पड़ी है।**




प्रतिक्रमाङ्क–१०७००;   चित्रसंख्या–३;   सूचीपत्राङ्क–१२४

मधुकुमार रामसरोवर पर गिलोल साधे खड़ा है। पनिहारियाँ उसे देख अपनी सुधि भूल गई हैं।




प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–५; सूचीपत्राङ्क–१२६
राजा चंद्रसेन मालती के अध्ययनार्थ रानी कनकमाल से मंत्रणा कर रहे हैं ।



प्रतिक्रमाङ्क-१०७००; चित्रसंख्या-६; सूचीपत्राङ्क-१२५

नन्द पुरोहित मालती एवं मधु को पढ़ा रहे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–७; सूचीपत्राङ्क–१२५
मालती पट-परेव को फाड़ कर फूल का गेंद मधु के ऊपर फेंक रही है।

पृष्ठ ४ – चित्र संख्या ४ परिमाण – ३½'४ + ३½ ४ पोइन्ट

परिचय – मंत्री तारणसाह नंद पुरोहित से मधु को पढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं।

पृष्ठ ५ – चित्र सं० ५ परिमाण – ३½'४ + ४

परिचय – राजा चन्द्रसेन मालती को पढ़ाने के विषय में रानी कनकमाल से मंत्रणा कर रहे हैं, मालती कनकमाल की गोद में बैठी है।

पृष्ठ ६ – चित्र सं० ६ परिमाण – ३ + ६'१ पो.

परिचय – नंद पुरोहित अपने घर में मालती और मधु को पढ़ा रहे हैं। उन के एक तरफ पटान्तर में मालती बैठी है और दूसरी तरफ मधु बैठा है।

पृष्ठ ७ – चित्र सं० ७ परिमाण – ३½'४ + ६'२ पो.

परिचय – अरण्य की ओर गुरु नंद के चले जाने पर मालती पट परेच को फाड़ एवं फूल की गेंद बना कर मधु पर फेंक रही है।

पृष्ठ ८ – चित्र सं० ८ परिमाण – ३½'४ + ६'२ पो.

परिचय – इन्द्रायणवृक्ष पर बैठे हुए एक शुक का दृश्य।

पृष्ठ ९ – चित्र सं० ९ परिमाण – २½'४ + ६½ १ पो.

परिचय – सिंहिनी जाते हुए मृग-युग्म को रास्ते में ही रोक कर मृग से अपना प्रणय निवेदन कर रही है।

पृष्ठ १० – चित्र सं० १० परिमाण – ३'१ + ३½ ४ पो.

परिचय – सारे पक्षी घूघू को अपना राजा बनाने के लिये एक स्थान पर एकत्रित हुए हैं।

पृष्ठ ११ – चित्र सं० ११ परिमाण – २½ + ३½

परिचय – टिट्टिभ-टिट्टिभी समुद्र की पाल पर अंडे धर रहे हैं।

पृष्ठ १२ – चित्र सं० १२ परिमाण – ३½'३ + ६½

परिचय – ब्राह्मणवेषधारी सागर गरुड़ को टिट्टिभी के अंडों के साथ में एक हार भी प्रदान कर रहा है।

पृष्ठ १३ – चित्र संख्या १३ परिमाण – ३½'२ + ४'२ पोइन्ट
परिचय – वृक्षों पर बैठे हुए कौओं को घूघू मार रहे हैं।

पृष्ठ १४ – चित्र सं० १४ परिमाण – ३½'२ + ३½ २ पो.
परिचय – कौए उलूकों को स्वनिर्मित घास फूस के गढ़(आवास) में डाल कर जला रहे हैं।

पृष्ठ १५ – चित्र सं० १५ परिमाण – ३ + ६½ २ पो.
परिचय – सिंहिनी मृग को अनेक प्रकार से रिंझा रही है।


पृष्ठ १६ – चित्रसं० १६ परिमाण – ३'१ + ४'३ पो.
परिचय – सिंहिनी एवं मृग रसकेलि में निरत हैं।

पृष्ठ १७ – चित्र सं० १७ परिमाण – ३ + ६½ १ पो.
परिचय – सिंह मृग को मार रहा है और सिंहिनी मृग के सींगों पर पड़ कर अपने प्राणों का अन्त कर रही है।


पृष्ठ २० – चित्र सं० १८ परिमाण – ३½'२ + ६½ १ पोइन्ट
परिचय – चित्र के एक तरफ राजा सूरसेन अपनी पुत्री पद्मावती को समझा रहे हैं और दूसरी ओर भी पद्मावती को उस की माता यह कह रही है कि बेटी! तूं राजा करण के साथ में विवाह करने का अपना विचार छोड़ दे।

पृष्ठ २१ – चित्र सं० १९ परिमाण – २½'५ + ३
परिचय – राजपुरुष, राजा सूरसेन द्वारा भेजा गया वाग्दान-स्वरूप श्रीफल (नारियल) करण को दे रहा है।

पृष्ठ २२ – चित्र सं० २० परिमाण – ४ + ७
परिचय – मण्डप में परस्पर एक दूसरे का कर ग्रह किये हुए करण-पद्मावती का विवाह एक ब्राह्मण करवा रहा है। ब्राह्मण के पीछे रानी एवं राजा तथा सामने वर-वधू बैठे हैं एवं उन के पीछे एक सुहागिन नारी खड़ी है।




प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–१३; सूचीपत्राङ्क–१२६
वृक्षों पर बैठे हुए कौओं को घूघू (उलूक) मार रहे हैं।



प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–२०; सूचीपत्राङ्क–१२६

करण-पद्मावती का विवाह-संस्कार



प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–२१; सूचीपत्राङ्क–१२७

सखी चंनरेखा पद्मावतीकी पीठ पर अचानक पिचकारी छोड रही है; पद्मावती चौंक कर



प्रतिक्रमाङ्क–१०७००; चित्रसंख्या–२२; सूचीपत्राङ्क–१२७
रामसरोवर के तट पर अपनी तीन सहेलियों के साथ खड़ी मालती मधु के आने की बाट जो रही है।

पृष्ठ २३ – चित्र संख्या २१ परिमाण – ३ + ६½

परिचय – पद्मावती की सखी चैनरेखा पद्मावती की पीठ पर अचानक जल से भरी पिचकारी छोड़ रही है। इस से चमक कर पद्मावती अपने पार्श्व में उपविष्ट करण पर गिर रही है और करण उसे अपने दोनों बाहुओं में थांभ रहा है।

पृष्ठ २५ – चित्र सं० २२ परिमाण – ४ + ६½ ३ पो.

परिचय – रामसरोवर के तट पर मालती अपनी तीन सहेलियों के साथ खड़ी हो कर मधु की वाट जो रही है।

पृष्ठ २७ – चित्र सं० २३ परिमाण – ३ + ६½

परिचय – सद्योजात सिंहशावक हाथी के मस्तक पर जा चढ़ा है।

पृष्ठ २९ – चित्र सं० २४ परिमाण – ३ + ६½ ३ पो.

परिचय – मालती रामसरोवर बाग में बने हुए दो भवनों के बीच के लान (मैदान) में खड़ी जैतमाल के चरणों को छूकर उस से यह प्रार्थना कर रही है कि हे जैत! अब तो तुम ही मेरी इच्छा की पूर्त्ति कर सकती हो। जैत उसे आश्वासन दे रही है।

पृष्ठ ३३ – चित्र सं० २५ परिमाण – ४ + ६½ १ पो.

परिचय – एक वृक्ष के नीचे व्याघ्रचर्मासन पर बैठे हुए भगवान् शिव कामदेव को जला रहे हैं, उन के सामने बैठी हुई पार्वती काम के नखप्रमाण शरीर को बचा रही है। उन दोनों के आस-पास क्रमशः नन्दी एवं सिंह बैठे हैं। शिव की जटा से गङ्गा का स्रोत बह रहा है।

पृष्ठ ३४ – चित्र सं० २६ परिमाण – ४ + ४

परिचय – मालती के पास बैठी हुई जैतमाल अपने सामने बैठे हुए मधुकुमार को भ्रमर-मालती का संवाद सुना रही है।

पृष्ठ ४० — चित्र संख्या २७ परिमाण — ३½'३ + ६½
परिचय — रामसरोवर बाग में बने हुए एक चौपाल (तिवारी) की छत पर बैठे हुए मधु के समक्ष मालती एवं जैतमाल बैठी हैं।

पृष्ठ ४० — चित्र सं० २८ परिमाण — ३'२ + ३½ २ पो.
परिचय — बाग का माली राजा चन्द्रसेन को मधु-मालती के सुख-विलास की सूचना दे रहा है।

पृष्ठ ४३ — चित्र सं० २९ परिमाण — ३ + ६½
परिचय — रूपरेखा को अपने बाहुपाश में आवद्ध कर भोग-विलास में निरत चंदकुमार सम्मुखस्थ सिंह का बाण द्वारा हनन कर रहा है।

पृष्ठ ४५ — चित्र सं० ३० परिमाण — ३½'४ + ६½ ३ पो.
परिचय — मधुकुमार जैतमाल एवं मालती को अपने सधे हुए अस्त्र रूप गिलोल की चोट से वृक्षों के पत्ते झाड़ कर यह विश्वास दिला रहा है कि तुम डरो मत; मैं इसी तरह से विपक्षसेना का भी संहार कर डालूंगा।

पृष्ठ ४६ — चित्र सं० ३१ परिमाण — ३½'३ + ६½ १ पो.
परिचय — मधुकुमार राजा के पैदल सैनिकों पर अपनी गिलोल चलाकर उन्हें आहत कर रहा है। इस दृश्य को तिवारे की छत पर बैठी मालती एवं जैतमाल देख रही हैं।

पृष्ठ ४८ — चित्र सं० ३२ परिमाण — ३½'२ + ६½
परिचय — रामसरोवर बाग में निर्मित एक भवन की छत पर खड़े मालती, जैतमाल एवं मधु, भ्रमरदंशाहत भागते हुए सैनिकों को देख रहे हैं।

पृष्ठ ५४ — चित्र सं० ३३ परिमाण — ४ + ६½ ३ पो.
परिचय — मधु एवं उस की सहायतार्थ ईश्वर द्वारा प्रेषित भारण्ड, सिंहादि वन्य जन्तु गजारूढ राजा चन्द्रसेन तथा उस के सैनिकों से युद्ध कर रहे हैं। इस दृश्य को छत पर बैठी मालती एवं जैतमाल देख रही हैं।



प्रतिक्रमाङ्क-१०७००; चित्रसंख्या-२६; सूचीपत्राङ्क-१२८

विलासरत चंद्रकुमार बाण द्वारा सम्मुखस्थ सिंह का हनन कर रहा है ।

पृष्ठ ५८ – चित्र संख्या ३४ परिमाण – २’३ + ३’४ पो.

परिचय – राजा चन्द्रसेन अपने प्रधानमंत्री तारणसाह से मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ ५९ – चित्र सं० ३५ परिमाण – ३½’३ + ६½ ३ पो.

परिचय – अश्वारूढ उरगाना पथिक वन में से गुजर रहा है। घोड़े के कमरपट्टे में बंधे हुए सर्प को देख कर वन-वम्बीस्थ सर्प उसे कुछ कह रहा है।

पृष्ठ ६१ – चित्र सं० ३६ परिमाण – ३ + ४½

परिचय – उरगाना अपने हाथों में थंभाये हुए कटोरे से सर्प को दूध पिला रहा है।

पृष्ठ ६३ – चित्र सं० ३७ परिमाण – २½’३ + ३½ ३ पो.

शीर्षक – उरगानौं वैटाहै ल्यायौं।

पृष्ठ ६३ – चित्र सं० ३८ परिमाण – २½ + ४’१ पो.

शीर्षक – उरगानै कौ वेटौ पायौ।

पृष्ठ ६५ – चित्र सं० ३९ परिमाण – २½’३ + ३½

शीर्षक – मधुनै नारेल झिलावै।

पृष्ठ ६८ – चित्र सं० ४० परिमाण – ३½’४ + ६½ ३ पो.

शीर्षक – प्रसंग राम अंजनी को।

पृष्ठ ६९ – चित्र सं० ४१ परिमाण – २½’१ + ३½ २ पो.

परिचय – राजा चन्द्रसेन अपनी रानी कनकमाल से मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ ७० – चित्र सं० ४२ परिमाण – ४ + ६½ ३ पो.

परिचय – महलरूप मंडप में जैतमाल और मालती के सामने बैठे हुए मधु की ओर चार सुवासिनी स्त्रियां मधु के तिलक करने के लिए आगे बढ़ रही हैं।

पृष्ठ ७३ – चित्र सं० ४३ परिमाण – २½’३ + ३½ २ पो.

परिचय – राजा चन्द्रसेन अपने राज्य के भार को मधु के अधीन करने की इच्छा से मधु से प्रार्थना कर रहा है।

पृष्ठ ७५ – चित्र संख्या ४४ परिमाण – ३½'३ + ६½ २ पो.
परिचय – मधु एवं मालती पलङ्ग पर विलासमुद्रा में बैठे हैं।

प्रसङ्गसूची

१ – लीलावती - राजलोकवर्णन – पृष्ठ १ – ३
(१) मंत्री - भवन - वर्णन (२) रामसरोवरवर्णन ।

२ – मधु - मालती का गुरु - गृह में विद्याभ्यास – पृष्ठ ३ – ९
(१) मालती द्वारा मधु के प्रति प्रणयवार्ता का उपक्रम,
(२) मधु कथित इन्द्रायणवृक्ष पर लुब्ध एक शुक का निदर्शन ।

३ – मधुकथित मृग - सिंहिनी का प्रेमाख्यान – पृष्ठ ९ – १८
(१) मृगगदित काकोलूकप्रसङ्गवर्णन (२) काककथित टिट्टिभ - प्रसङ्ग (३) मृग - सिंहिनी - संलाप (४) मधु - मालती का वार्त्तालाप ।

४ – मालतीकथित नृपतिकुमार करण एवं पद्मावती का प्रसङ्ग – पृष्ठ १९ – २३
(१) मधु - मालती का गुरुगृह से स्वस्वावासगमन ।

५ – रामसरोवरप्रसङ्ग – पृष्ठ २४ – २८
(१) मधु का वनपरिभ्रमण (२) मालती का भृंगी एवं चकवी के साथ संलाप (३) चकवी द्वारा कथित जाति - स्वभाव पर सिंह तथा हस्ती का निदर्शन ।

६ – जैतमाल - प्रसङ्ग – पृष्ठ २८ – ४२
(१) मालती एवं जैतमाळ का वार्तालाप (२) जैतमाल के षोडश श्रृङ्गारों का वर्णन (३) जैतमाल एवं मधु के प्रश्नोत्तर, (४) जैतमालकथित कामदहन का प्रसङ्ग एवं भ्रमर - मालती की उत्पत्ति (५) मालती के रूपसौन्दर्य का वर्णन (६) मधु के साथ जैतमाल तथा मालती का वार्तालाप (७) मधु - मालती का गान्धर्व विवाह ।

७ – मधुकथित मलयन्दनृपति के कुमार चंद एवं मंत्रिसुता रूपरेखा की प्रणयवार्ता – पृष्ठ ४२ – ४४

८ – भावी युद्ध की विभीषिका से विकल मालती का मधु के समक्ष कारुण्य प्रदर्शन एवं मधु द्वारा उसे आश्वासन – पृष्ठ ४४ – ४५

९ – मधु का राजा चन्द्रसेन की सेना से युद्ध – पृष्ठ ४५ – ५५
(१) जैतमाल - मधु मंत्रणा (२) भ्रमरयुद्ध (३) मधु - दूत संवाद (४) मधु को अपने पास न देख कर उन्निद्र मालती को जैतमाल द्वारा कथित यदुवंश की कथा से आत्मबोध (५) मालतीकृत श्रीकृष्णस्तुति से मधु की रक्षार्थ समागत भारण्ड, सिंह आदि वन्य जन्तुओं द्वारा राजसेना का संहार (६) युद्धस्थल से पलायित राजा चन्द्रसेन की अपने मंत्रियों से मंत्रणा (७) मंत्रियों द्वारा तारणसाह मंत्री को पुनः बुलाने का राजा को सुझाव।

१० – तारणसाह एवं राजा की परस्पर मंत्रणा – पृष्ठ ५६ – ५८
(१) तारणसाह द्वारा श्रीदुर्गाम्बा की स्तुति तथा मंत्रशक्ति से भारण्ड, सिंह आदि का स्तंभन (२) श्रीगौरी माता का राजा को उपदेश एवं मधु - मालती के पूर्वभव का परिचय (३) युद्धविराम। मंत्री तारणसाह एवं राजा चन्द्रसेन का वार्तालाप।

११ – तारणकथित उरगाना एवं सर्प का प्रसङ्गवर्णन – पृष्ठ ५९ – ६५
(१) अश्वकटिबद्ध सर्प एवं बंबीस्थ सर्प का संवाद (२) बंबीस्थ सर्प एवं उरगाना का संवाद (३) उरगाना का गृहकलह (४) सर्पदंश से उरगाना के पुत्र की मृत्यु (५) राजा अमरसेन के समक्ष उरगाना की स्त्री द्वारा उरगाना - सर्परहस्योद्घाटन (६) राजा द्वारा बंबीस्थधनापहरण।

१२ – राजा चन्द्रसेन द्वारा सादर समाहूत मधु, मालती तथा जैतमाल का स्वस्वावासगमन तथा राजा एवं कनकमाल रानी की मंत्रणा – पृष्ठ ६५ – ६६

१३ – श्री रामचन्द्र - अञ्जनी संवाद – पृष्ठ ६६ – ६९
(१) रानी कलनकमाल से राजा का वार्तालाप।

१४ – मधु - मालती का विवाह – पृष्ठ ७० – ७४

१५ – मधुकथित कामनिवासप्रसङ्ग एवं कविकुलवर्णन के साथ कथोपसंहार। पृष्ठ ७४ – ७६

★

१०. सचित्र मधु-मालती कथा । क्रमाङ्क-१०८३५

कर्त्ता-चतुर्भुजदास, लिपि समय-१८४५ विक्रम संवत्

आकार-गुटकाकार (सजिल्द) माप (साइज)-६½ + ८½

पृष्ठसंख्या-७२, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति १३, प्रतिपङ्क्ति अक्षर २८।

पुस्तकदशा-जीर्ण है और कतिपय पत्र कटे फटे हैं।

पुस्तक का प्रारम्भ

..............................री लगी फीरै त्रीया गैल ॥

कबहु क रांमसरोवर जाय । भृगीजूथ मांनु चोक भुलाय ॥१५॥

॥ दुहा ॥ रांमसारोवर तलावकी, सोभा कहि न जाय ।

स्वेतवरन पंकज जीहा, भ्रुन जीन रहे लुभाय ॥ १६ ॥

॥ चोपइ ॥ सोभा कोण सरोवर कहै । कीतीएक तीहां विहंगम रहै ॥

प्रफुलत वास कवल महि महै । ओपमा मांनुसरोवर कहै ॥ १७ ॥

अवला कीतीएक पांणी भरै । चीतवत कलस सीसतै गिरै ॥

रीते कलस हाथतै परै । मांनु विना मोत द्दत मरै ॥ १८ ॥

मालती एहा वात सुण पाइ । मधुकु देषण मनसा ध्याइ ॥

मनमै काहु कहै न सुनावै । जैसे चात्रक स्वातकु ध्यावै ॥ १९ ॥

जब लग मधु अपनै ग्रह रहै । कीतीएक नार ठीकांणो ग्रहै ॥

उनके सजन पीवकु कहै । कीतीएक भली बुरी सब सहै ॥ २० ॥

ऐसी भए दिवस दस विस । सुणी तात तब कीधी रीस ॥

ऐसी वात सुणी नृप इस । तब मधुकुवरकु कीधो सीस ॥ २१ ॥

पुस्तक के अन्त में—

कवीसुर कहै— कायथ निगम जु कुलद है, नाथासुत भइयारांम ।

तनय चतुर्भुज तासके, कथा प्रकासी तांम ॥ ६७ ॥

अलपबुध धेठो दइ, कांमप्रबंध प्रकास ।

कंवीयणसु कर जोडकै, कहै चतुरभुजदास ॥ ६८ ॥

वनसपतीमै अंब फल, रसमै उतपत संत ।

कथा मांही मधुमालती, पट रुत माह वसंत ॥ ७० ॥

लता मांह पंनगलता, सुधामैं घनसार ।
कथां मांह मधुमालती, आभुषणमैं हार ॥७१॥

॥ चोपै ॥ राजनीतकी यामैं सापी । पंच्याष्यान बुध ए भापी ॥
चाणयक चातुरी वताई । थोरी थोरी सब ही आइ ॥७२॥

फुनि वसंतराजा रस गावै । जामैं इश्वर कांम दझावै ॥
ताकी एह लीला वीस्तारी । रसकन श्रवणकु सुषकारी ॥७३॥

रसक होय सोइ रस चाहैं । अध्यातम आगम आगाहैं ॥
चातुर पुरष होयहै कोउ । इह रसकला समझहै सोउ ॥७४॥

कृष्णदेवको पुत्र काहावै । प्रद्युम्न कांम अंस [म]धु गावै ॥
पुत्र कलत्र सवै सुष पावै । दुष दारद न नैडो आवै ॥७५॥

॥ वायव्य ॥ कांमार्थ लभते कांमा नीर्द्धनं लभते धन ।
अपुत्रं लभते पुत्रं व्यांध तस्या न पंडतं ॥७६॥

॥ दुहा ॥ राजा पढै तीही राजगत, मीत्री पढै तो बुध ।
कांमी कांम विलास रस, ध्यांनी ध्यांनं सुसीध ॥७७॥

ईती मधुमालतीकी कथा संपुरणः संवत् १८४५ मीती पोस सुद १। अरकवारेः लीषतं मथेन सीवरामः पालीमध्येः वास वीकानेररो छैः वाचै भाणनु राम राम छे ॥

टिप्पणी—इस सजिल्द गुटकाकार प्रति में १, ३ एवं ६६ संख्या वाले पृष्ठों के अप्राप्त होने के कारण विद्यमान पृष्ठों की संख्या ७२ ही रह गई है। दूसरे पृष्ठ के पूर्व भाग पर चित्र अङ्कित है तथा उसके उत्तर भाग पर प्रकरण लिखा हुआ है। उसी प्रकरण के कुछ पद्य ऊपर में 'पुस्तक का प्रारम्भ' के रूप में उद्धृत किये गये हैं। प्रति का प्रत्येक पृष्ठ अलग अलग रूप में विविध रंगों से बने १ इञ्च परिमाण के बोर्डर (परिधि) से सुशोभित है, अर्थात् किसी पृष्ठ पर काले, तो किसी पर पीले, तो किसी पर लाल रङ्ग का बोर्डर बना हुआ है। बोर्डर एवं लेखस्थल के बीच में चारों ओर समानान्तर पर लाल स्याही की दो सूक्ष्म रेखाएं अङ्कित की हुई हैं। कहीं कहीं पर उक्त रेखाएं सफेद एवं काली भी दृष्टि गोचर होती हैं। अधिकतर पृष्ठों पर लाल रङ्ग का ही बोर्डर है। काले एवं पीले बोर्डर पर साधारण बेल की भी रचना की हुई है। इस प्रकार जहां लिपिकार ने इस प्रति को यथासाध्य सुन्दर बनाने का प्रयास किया है, वहां जिल्द-

कार अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बोर्डर आदि पर कागज आदि चिपका कर उस प्रति को विकृत भी बना दिया गया है। इस से प्रति की शोभा तो नष्ट हुई ही है, साथ में प्रतिगत पृष्ठों पर अङ्कित पत्राङ्कों का दर्शन भी दुर्लभ हो गया है। प्रति के कतिपय पत्र जिल्द से उखड़ कर जर्जरित, कितने अर्द्धत्रुटित तथा कितने ही आदि-मध्यावसानभाग से खंडित भी हो चुके हैं। इस प्रति में प्रस्तुत कथा का प्रकरण काली स्याही से तथा प्रसङ्ग, सन्दर्भ, एवं पद्याङ्क लाल स्याही से लिखे गये हैं। पद्य के प्रत्येक पाद को लाल स्याही की १ विरामरेखा से तथा पद्याङ्कों को दो दो विराम-रेखाओं से आबद्ध किया हुआ है। प्रति की लिपि साधारण होने पर भी इसके अक्षर स्थूल, अपेक्षाकृत शुद्ध एवं सुवाच्य हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में प्रत्येक चित्र के ऊपर काली स्याही से लिखित शीर्षलेख भी अङ्कित किये हुए हैं। जिन में कतिपय शिरोलेख ऐसे भी हैं जो प्रसङ्ग के प्रतिकूल प्रतीत होते हैं। इन शिरोलेखों के अनुसार प्रति में ७० चित्र उपलब्ध हैं। इन में पूरे अर्थात् पूर्ण पत्र पर अङ्कित २६ एवं अर्द्धपत्राङ्कित ४४ चित्र हैं, चित्रों की आधारभूमि विविध रंगों से रञ्जित है तथा उन के चित्रण में भी विभिन्न प्रकार के उत्तम रंगों को ही काम में लिया गया है। यद्यपि चित्रों के आकार-प्रकार एवं उनकी वेष-भूषा आदि के निर्माण में विशेषतया जैसलमेरी पद्धति का ही प्रभाव परिलक्षित होता है; किन्तु कहीं कहीं पर बीकानेरी शैली भी सामान्यतया दृष्टिगोचर होती है। यों तो प्रतिगत सभी चित्र भावानुकूल एवं सुन्दर हैं, किन्तु घोड़े, हाथी आदि वन्यजन्तुओं का चित्रण इस प्रति में विशेष रूप से अवलोकनीय है। चित्रों का शीर्षकात्मक विवरण निम्नाङ्कित है—

चित्रसूची –

पृष्ठ २ – चित्र संख्या १ परिमाण – ५ + ७ (बीच से फटा हुआ)

शीर्षक – **मधु सरवर उपरा पाणीहारीरा घडानु गीलोला वावै छै।**

पृष्ठ ४ – चित्र सं० २ परिमाण – ४½'२ + ३'२ पोइन्ट

शीर्षक – **राजासु राणीसु मालती पढण की बात कहै छै।**

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ३ परिमाण – ४½'२ + ३'२ पो.

शीर्षक – **मधु भणै छै गुरां कनै।**

पृष्ठ ५ – चित्र संख्या ४ परिमाण – ३'२ + ७
शीर्षक – मालती भीतर [परेचमें] भणै। मधु गुरां कनै भणै छै।

पृष्ठ ६ – चित्र सं० ५ परिमाण – ३ + ७
शीर्षक – मालती मधुरै दड़ी (गेंद) वाई।

पृष्ठ ६ – चित्र सं० ६ परिमाण – ३ + ३½
शीर्षक – मालती मधुरै दड़ीकी पाछी दई।

पृष्ठ ७ – चित्र सं० ७ परिमाण – ५ + ३
शीर्षक – मालती मधुनु वातां कहै छै।

पृष्ठ ८ – चित्र सं० ८ परिमाण – ४½'३ + ३½
शीर्षक – मृग संघनी वातां करै छै सनेह बाधो।

पृष्ठ ८ – चित्र सं० ९ परिमाण – ४½'४ + ३½
शीर्षक – जीनावर सरव भेला हुआ।

पृष्ठ ९ – चित्र सं० १० परिमाण – ४½'३ + ३½
शीर्षक– मधु मालती जैतमाल सुष विलास करै सु भाव।

पृष्ठ ८६ – चित्र सं० १३२ परिमाण – ५+५
शीर्षक– राजा चंद्रसेण मधुसुं वात कहै सुं भाव।


पृष्ठ ८६ – चित्र सं० १३३ परिमाण – ४½+५
शीर्षक– राजा चंद्रसेण मधुनें बुलाय नें कामरी परिष्या पुछै सु भाव।

पृष्ठ ८७ – चित्र सं० १३४ परिमाण – ४½+५
शीर्षक– राजा चन्द्रसेणनें मधु कलसमें चंद्रमा देषे सुं भाव।

पृष्ठ ८८ – चित्र सं० १३५ परिमाण – ४½+५
शीर्षक– माता सरसती वैठी कवि चतुर्भुज उभो हाथ जोडयां।




प्रतिक्रमाङ्क-१२२३०; चित्रसंख्या-१२९; सूचीपत्राङ्क-२०८
मधु राजा चंद्रसेणरी बेटी परण्यो सो भाव।



प्रतिक्रमाङ्क–१२२३०;   चित्रसंख्या–१३०;   सूचीपत्राङ्क–२०८

मधु मालतीने परणीजनें डेरे आवै सु भाव ।



प्रतिक्रमाङ्क–१२२३०; चित्रसंख्या–१३५; सूचीपत्राङ्क–२०८

माता सरसती बेठी कवि चतुर्भुज उभो हाथ जोडयां।

प्रसङ्गसूची—

१ — राजलोकवर्णनप्रसङ्ग— पृष्ठ १ - ३
(१) मधु-मालती का परिचय (२) रामसरोवरशोभावर्णन।

२ — मधु-मालती का गुरुगृह में विद्याभ्यसन— पृष्ठ ४ - ७
(१) मालती का मधु के प्रति स्वप्रेमनिदर्शन (२) मधूक्त-शुकोदाहरण।

३ — मधुकथित मृग-सिंहिनी का प्रेमाख्यान— पृष्ठ ८ - १९
(१) काकोलूक-वार्ता (२) टिट्टिभ-टिट्टिभीसंवाद।

४ — मालतीकथित करण-पद्मावतीप्रसङ्ग— पृष्ठ २० - २६
(१) पद्मावती तथा उस की सखी चैनरेखा का संवाद, (२) मधु-मालती का गुरुगृह से स्वस्वगृहागमन।

५ — रामसरोवरप्रसङ्ग— पृष्ठ २७ - ३१
(१) मधु का वनोपवनभ्रमण (२) मालती का भृंगी-चकवी के साथ संवाद (३) चकवीकथित सिंहसुतहतगजोदाहरण।

६ — जैतमालप्रसङ्ग— पृष्ठ ३२ - ४८
(१) मालती-जैतमालती का संवाद (२) जैतमालती के सोलह श्रृंगारो का वर्णन (३) मधु-जैतमाल का संलाप (४) जैतकथित कामदहनप्रसङ्ग (भ्रमरमालव्युत्पत्ति) (५) मालती के वपुसौन्दर्य का वर्णन (६) मधु-मालती तथा जैतमालती का संवाद (७) मधु-मालती का गान्धर्व विवाह।

७ — मधुगदित चंद्रकुमार एवं रूपरेखा का प्रणयाख्यान— पृष्ठ ४८ - ५०
(१) भावी युद्ध से त्रस्त मालती को मधुप्रदत्त आश्वासन।

८ — युद्धप्रसङ्ग— पृष्ठ ५१ - ६३
(१) मधु का राजसेना से युद्ध (२) मधु-जैतकृत मालती वनविस्तार एवं भ्रमरोत्पादन (३) भ्रमर-सैनिकयुद्ध (४) युद्धोद्यत-सेनावर्णन (५) मधु-राजदूत का संवाद (६) मधु का सदलबल समागत राजा चन्द्रसेन से युद्ध (७) उन्निद्र मालती को जैतकथित यदुवंशकथा से आत्मबोध।

(८) मालतीकृत श्रीकृष्णस्तुति (९) प्रभुप्रेरित भारण्ड तथा सिंहादि द्वारा राजसेना का संहार ।

९ – युद्ध से पलायित राजा की स्वमंत्रियों से मंत्रणा– पृष्ठ ६४ – ६७

(१) राजा द्वारा मंत्रिप्रस्तावित मंत्री तारणसाह का आह्वान (२) तारण एवं राजा का संवाद (३) तारणकृत सिंहादि-स्तंभन (४) राजा चन्द्रसेन को श्रीगौरी माता द्वारा मधु-मालती के प्रकृतरूप का परिचयदान एवं सदुपदेश ।

१० – तारणकथित उरगाना - सर्प का आख्यान– पृष्ठ ६८ – ७६

(१) अश्वबद्ध सर्प एवं वनवम्बीस्थ सर्प का संवाद (२) बम्बीस्थसर्प - उरगानासंवाद (३) उरगाना का गृहकलह (४) सर्पदंश से उरगाना के पुत्र का मरण (५) राजा अमरसेन के सम्मुख उरगाना की स्त्री द्वारा अपने पति तथा सर्प का रहस्योद्घाटन (६) राजा द्वारा सर्पमारण तथा तद्‌वंबीस्थ-धनापहरण (७) मधु - मालती का ससम्मान स्वस्वगृहागमन।

११ – राजा चन्द्रसेन तथा रानी कनकमाल का संवाद– पृष्ठ ७७ – ७८

१२ – चन्द्रसेनकथित श्रीराम - अञ्जनी का आख्यान– पृष्ठ ७९ – ८२

(१) राजा एवं रानी का संवाद ।

१३ – मधु-मालती का विवाहप्रसङ्ग– पृष्ठ ८२ – ८६

मधुकुमार एवं राजा चन्द्रसेन का संवाद ।

१४ – मधुकथित कामनिवासप्रसङ्ग– पृष्ठ ८६ – ८७

१५ – कविकुलवर्णन एवं कथोपसंहार – पृष्ठ ८७ – ८८

★

१४. सचित्र मधु-मालती कथा । क्रमाङ्क–१२३०१

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, लिपिसमय – १९ वीं शताब्दी (वि०)

आकार – गुटकाकार, माप (साइज) – ९" × ६½" २ पोइन्ट

पृष्ठसंख्या – ११६, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति – १५, प्रतिपङ्क्ति अक्षर – ३४ – ३६ ।

पुस्तकदशा – साधारणतः ठीक है किन्तु प्रान्त्य भाग त्रुटित हैं ।

पुस्तक का प्रारम्भ –

........म सरोवर जाइ । भ्रंगीजूंथ जनौं चोक भूलाइ ॥ १४ ॥

॥ दोहरा ॥ रामसरोवर तालकी, सौभा वरणी न जाइ ।
स्वेत अरून पंकज तीहां, मुंनिवर रहै लोभाइ ॥ १५ ॥

॥ चौपइ ॥ सौभा कौंन रांमसरौवर कहै । वहौतक तहां विहंगम रहे ॥
तरु फूलै कैवल महमहै । वहौतक तीहां विहंगम रुत करै ॥ १६ ॥

अवला कैतीयक पांनी भरइ । रीते कुंभ हाथतैं परइ ॥
चितवत वदन सीसतै गिरइ । भूली त्रिया विना मृत्यु मरइ ॥ १७ ॥

मालती एह वात सूंन पाइ । मधु देषनकूं मनछां धाइ ॥
जौ लो मधु अपने ग्रह रहै । किंतियक नारि ठिकांनौ ग्रहै ॥ १८ ॥

उनकै सजन बंधु कछू कहै । वहौतक भली बुरी सब सहै ॥
मनकी कछू कहि न सूंनावे । जैसैं चांत्रिक स्वांतिकुं धावै ॥ १९ ॥

भए वरस द्वादसके अंत । देषत त्रिया होय महमंत ॥
ऐसै भए दिवस दस बीस । सूनी तात जब कीनी रीस ॥ २० ॥

एह वात सूंनीहे नृप इसा तौं कहां कुंवर सरवरकी तीसा ॥
अव तुंम अंतकहुं जन जाऔ । मैवा लै लरकन संग षाऔ ॥ २१ ॥

कै बैठे पंडित ढिग पढौ । जौ बल हौय तौ घौडन चढौ ।
नहिं तौ तुम कछ्यू करौ विवहार । राज अंस तुम्ह नही लिगार ॥२२॥

॥ श्लोक ॥ किं कुलैन विसालैन विद्याहिनेन देहनां ।
हिने कुंलैपि विद्वांसौ देवता सहि पूंज्यतै ॥ २३ ॥

पुस्तक के अन्त में —

॥ दौहरा ॥ जैंतमाल मधु मालती, बंधि तिहुंकि आस ।
जौ रस सुंप संजौग एह, दिन दिन भौग विलास ॥ ६१ ॥

सुंष समाध दिन दिन वढै, मनवंछित जिहां भौग ।
मौटा मंदिर विलसियै, सुंप मांहि संजौग ॥ ६२ ॥

॥ चौ० ॥ दिन दिन प्रति अधिक तिहां दौइ । भौगे पुरुंस नारि तिहां दौइ ॥
कनकमाल रानि सुंप पावै । हरप हैत मधुकौ रस गावै ॥ ६३ ॥

षीर षांड घृत भोजन करहि । मनवंछित सवहि फल फलहि ॥
कुंवर मधु विलसै सुप घरहि । जैत माल तिअ रस भरहि ॥ ६४ ॥

॥ कविसर वा० दौ० ॥ कायथ निगमकुंल एह, नाथा सुंत अभीराम ।
तिन यैह चतुंरभूजदासकै, कथा प्रगासी तांम ॥ ६५ ॥

अलप बुंद्धि दिठौ सहि, कांम प्रवुद्धि प्रकास ।
कवियनसुं कर जौरकै, सौ हर्ष चतुरभूंजदास ॥ ६६ ॥

काम प्रवुद्धि प्रकास फुनि, मधुमालति-विलास ।
पदमनीकी लीला यहै, कहै चतुरभूंजदास ॥ ६७ ॥

वनासपतीमां अंव फल, रसमां इषु-रस ।
कथामध्य मधुमालती पट रितु मांझ वसंत ॥ ६८ ॥

लता मांहे पन्नगलता, सौंधानमैं घनसार ।
कथामध्य मधुमांलती, ज्युं आभूंपनमां हार ॥ ६९ ॥

कांम विलासकी ऐ कथा, चतुर सूंनै चित लाय ।
सुंगनां हौय गह गह कहै, निगुनांपै कहि न जाय ॥ ७० ॥

॥ चौ० ॥ राजा मंत्री कहै मै साषी । पंच ध्यान बुध यामैं भाषी ॥
चरनायक चातुरी वताइ । थौरी थोरी सव हि आइ ॥ ७१ ॥

पुनि वसंतराज रस गावै । ज्यामै इश्वर काम दजावैं ॥
ताकि ऐह लीला विसतारि । सुंनैं रसि[क]लागे बहु प्यारी ॥ ७२ ॥

रसक हौय अरुं रसकुं चाहै अध्यातम आतम हि गावै ॥
चातुर पुरुंस हौय जै कौइ । यैह रसकला विचारी हौइ ॥ ७३ ॥

कृष्णदेवको कुंअर कहावैं । प्रदुमन काम अंस मधु गावै ॥
पुत्र कलत्र सबै सुंप पावै । दुष दालिंद्र नैंरौ नां आवै ॥ ७४ ॥

॥ सिलौक ॥ कामार्थि लभतै कामं निर्धनो धन प्रापतै ।
अपुत्री लभतै पुत्र व्याधी पीडा नीवारतैं ॥ ७५ ॥

॥ दौ० ॥ राजा पढै तौ राजगत, मंत्री पढै तौ बुद्धि ।
कामी काम विलास रस, जौगिं पढै तौ सिद्ध ॥ ७६ ॥

संपूर्न मधु-मालती, कल[स] भयौं संपूर ।
सुंर्ता कविता सवनकौं, सुंषदायक दुर (ख) दूर ॥ १८७७ ॥

इति श्रीमधु-मालती-जैतप्रसंग संपूर्ण ॥ श्री ॥ ग्रंथ लिपतं पुजक्रिष श्री ५ श्री श्री दैवीचंदजी ततसिंष लिष क्रिष भागचंद लिष्यतं क्रिष मांणकचंद ॥

टिप्पणी — इस पुस्तक को देखने पर सहजतया यह अनुमान किया जा सकता है कि उक्त प्रति अवश्य ही जिल्द बंधने से पूर्व संरक्षक के पास अच्छी दशा में रही होगी। हो सकता है कि संरक्षकने इसकी कुछ जीर्णतापन्न दशा को देखकर सुरक्षा की दृष्टि से प्रति के प्रत्येक पत्र पर बटर पेपर लगाकर जिल्द बांधने के लिये किसी ऐसे जिल्द साज को दी हो जिसे मात्र कागज चपेकने के अतिरिक्त कुछ भी ज्ञान नहीं था। परिणामतः इस प्रति की दशा सुधरने के वजाय विगड गई है। क्यों कि जिल्दसाज द्वारा बिलकुल अवैज्ञानिक ढंग से बटर पेपर्स चपेके गये हैं। जिसके कारण पत्र मुड़ गये हैं, प्रान्त्यभाग पर लिखित प्रबन्धांश विलुप्त हो गया है, एवं जिल्द में पत्रों को उलट पुलट रूप में जोड़ दिये जानेके कारण इसका प्रबन्ध–पाठ भी असंगत हो गया है। अस्तु। अब हमने जिल्द उखाड़कर यथासाध्य पाठानुसन्धानपूर्वक इस प्रति के पत्रों को अनुक्रम से लगा दिया है और उन पर क्रमबद्ध संख्या भी नये रूप से अंकित कर दी है जिससे कि पाठक को असुविधा न हो।

क्रमाङ्क के आधार पर उक्त कथा की समाप्ति ११६ वें पृष्ठ पर होती है; किन्तु इस प्रति में १, २२, ३२, ५०, ५१, ५४, ५७, ६०, ६४, ६५, ६८, ७०, ७२, ७३, ७४, ७६, ८४, ८५, ८६, ९०, ९८ एवं १०९ संख्या वाले कुल पत्र २२ अप्राप्त होने से ९४ पत्र ही प्राप्त हैं। अतः ऊपर में द्वितीय पत्र पर उल्लिखित अंश ही उद्धृत किया गया है। पुस्तकगत प्रबन्ध के लेखन में काली स्याही एवं पद्याङ्क तथा शिरोलेख (दोहा, चौपई, श्लोक, प्रसङ्ग आदि) लिखने में लाल

स्याही का प्रयोग हुआ है। प्रबन्ध के चारों ओर वर्त्तनी रखी गई है और उसके दाईं-बांई ओर लाल स्याही की दो दो ऊर्द्ध रेखाएं खींची हुई हैं। पद्यों की प्रत्येक पादपूर्त्ति पर लालस्याही की एक खड़ी पाई तथा प्रत्येक पद्य की पूर्त्ति पर दो खड़ी पाइयाँ अङ्कित हैं। यह प्रति सुन्दर, सुवाच्य एवं स्थूलाक्षरों में लिखित है।

इस प्रति में प्राप्त ९४ पत्रों में ७८ सचित्र पत्र विद्यमान हैं। इन में १०४ चित्र अङ्कित हैं। जिन में ४० पूरे एवं ६४ अर्द्ध चित्र हैं। चित्रों के चित्रण में विविध देशी रंगों का उपयोग किया गया है। इन की वेषभूषा से ज्ञात होता है कि चित्रों की बनावट मध्यभारतीय शैली पर आधारित है। चित्रस्थली प्रायः किसी भी रंग से रंजित नहीं है; किन्तु उस के चारों ओर बोर्डर परिमाणतः पाव इञ्च के करीब कहीं काले तो कहीं पीले तो कहीं लाल आदि रंगों से अवश्य ही रंजित किया गया है। यद्यपि कला की दृष्टि से तो चित्र सुन्दर नहीं है फिर भी शैली के प्रभावसे चेहरों की बनावट कुछ सुन्दर अवश्य बन गई है। चित्रों को देखने से ऐसा भान होता है कि चित्रकार कुशल कलाकार न था और उसे मात्र चित्र बनाने के शोक के अतिरिक्त कलाभिज्ञता की ओर भी कुछ लगाव नहीं था। यही कारण है कि अङ्गमान एवं सामयिक वेषभूषा-सज्जा आदि का आकलन इन चित्रों में असंगत रूप से ही हुआ है। पृष्ठों के प्रान्त्य भाग पर अङ्कित चित्रों के शीर्षकों पर दूसरे कागजों के चपेकने के कारण उनके लुप्त होजाने के फलस्वरूप चित्रों का निम्नाङ्कित सपरिमाण परिचय ही दिया जा रहा है—

चित्रसूची –

पृष्ठ २ – चित्र संख्या १ परिमाण – ५"२ + ८

परिचय – **रामसरोवर ताल का एक दृश्य। पनिहारियां पानी भर रही हैं और तट के एक किनारे एक मुनि तपस्या रत हैं। पानीमें कमल खिल रहे हैं एवं मछलियाँ तैर रही हैं।**

पृष्ठ ३ – चित्र सं० २ परिमाण – ४½" + ७½' २ पोइन्ट

परिचय – **राजा चंद्रसेन अपने सामने मधु के साथ बैठे हुए मंत्री तारणसाह से मधु की शिक्षा के विषय में पूछ रहे हैं। मधु के पीछे राजकीय ३ व्यक्ति खड़े हैं।**

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ३ परिमाण – ५' + ५' ४ पोइन्ट
परिचय – राजा चंद्रसेन अपनी कुंवरी मालती को पढ़ने के विषय में कह रहे हैं। राजा बैठे हैं और मालती अपनी दासी के साथ हाथ जोड़े उनके सामने खड़ी है।

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ४ परिमाण – ४½' + ७½"
परिचय – गुरुजी के आजू-बाजू में बैठे मधु और मालती पढ़ रहे हैं।

पृष्ठ ५ – चित्र सं० ५ परिमाण – ४'४ + ७½
परिचय – गुरुजी के चले जाने पर मालती मधु पर फूल-गेंद फेंक रही है।

पृष्ठ ६ – चित्र सं० ६ परिमाण – ४'२ + ४'२ पो.
परिचय – तीन तोते सैंमल के वृक्ष पर मंडरा रहे हैं।

पृष्ठ ७ – चित्र सं० ७ परिमाण – ४½' + ७½
परिचय – सिंहिनी अपने यूथ के साथ विचरते हुए मृग को रोक रही है।

पृष्ठ ७ – चित्र सं० ८ परिमाण – ५'२ + ५½' ४ पो.
परिचय – वनचर वानर को वृद्ध सिंह अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फांस कर अपना आहार बनाना चाहता है।

पृष्ठ ८ – चित्र सं० ९ परिमाण – ४½" + ५½"
परिचय – पक्षिसमाज उलूक को अपना राजा बनाने के लिए एकत्रित हुआ है।

पृष्ठ ९ – चित्र सं० १० परिमाण – ४"२ + ६"
परिचय – काक उलूक का प्रतिवाद कर पक्षियों को टिट्टिभ-टिट्टिभी की वार्त्ता सुना कर यह सिद्ध कर रहा है कि पक्षियों का राजा गरुड़ है।

पृष्ठ ९ – चित्र सं० ११ परिमाण – ४½' + ६"
परिचय – सागर की पाल पर टिट्टिभयुग्म बैठा है।

पृष्ठ १० – चित्र सं० १२ परिमाण – ४½"३ + ४½" ३ पोइन्ट

परिचय – ब्राह्मणवेषधारी समुद्र टिट्टिभ के अंडो को उठा रहा है और टिट्टिभ-टिट्टिभी वृक्ष पर बैठे हुए इस दृश्य को देख कर सन्तप्त हो रहे हैं।

पृष्ठ १० – चित्र सं० १३ परिमाण – ५" + ७½"

परिचय – पक्षिसमाज को नारदमुनि काकहत सर्प का आख्यान सुना रहे हैं और उन्हें संगठित होने का उपदेश दे रहे हैं।

पृष्ठ ११ – चित्र सं० १४ परिमाण – ४½" + ६"

परिचय – रानी नग्नमुद्रा में स्नानोद्यत खड़ी है और उसके गले के हार को एक कौवा अपनी चोंच में दबा कर उड़ता जा रहा है, जिसे देख कर वह अपनी दासी से कुछ कह रही है।

पृष्ठ ११ – चित्र सं० १५ परिमाण – ४½" + ८"

परिचय – कौवे ने हार को सर्प के निवासस्थान एक वृक्ष के कोटर में डाल दिया है। राजा के घुड़सवार एवं पैदल सिपाही कोटरस्थ सर्प को मार रहे हैं।

पृष्ठ १२ – चित्र सं० १६ परिमाण – ४½" + ७½"

परिचय – गरुड़ सारे पक्षिसमाज को ले कर सागर के पास आया है। ब्राह्मणवेषधारी सागर उन्हें टिट्टिभ के अण्डों को वापस दे रहा है।

पृष्ठ १२ – चित्र सं० १७ परिमाण – ४" + ५½"

परिचय – तीन उलूकपक्षी वृक्षों पर सन्तप्त एवं उदासीन मुद्रा में बैठे हैं।

पृष्ठ १३ – चित्र सं० १८ परिमाण – ४" + ५"

परिचय – शशक (सूसा) ने अपने बुद्धिबल से सिंह को कूप में गिरा दिया है।

पृष्ठ १३ – चित्र संख्या १९ परिमाण – ५" + ५½' २ पोइन्ट

परिचय – उलूक रात्रि में वृक्षों पर बसेरा किये हुये कौओं को मार रहे हैं।

पृष्ठ १४ – चित्र सं० २० परिमाण – ३½"२ + ५" २ पो.

परिचय – दो काक परस्पर मंत्रणा कर रहे हैं।

पृष्ठ १४ – चित्र सं० २१ परिमाण – ४"२ + ६" २ पो.

परिचय – पारधी ने जाल फेंक कर वृक्षस्थ हंसों को फंसा लिया है, किन्तु वह मृतकल्प नाटच करते हुए हंसों को देख कर दुःखी हो रहा है। इतने में जाल लेकर हंस उड़ जाते हैं। वधिक हाथ मलता रह जाता है।

पृष्ठ १५ – चित्र सं० २२ परिमाण – ३"३ + ३½" ३ पो.

परिचय – काकराज मेघवरन उलूकराज अरिमर्दन के पास उसे अपने जालमें फांसने के लिए सेवक के रूप में आया है।

पृष्ठ १५ – चित्र सं० २३ परिमाण – ३½'१ + ४½"

परिचय – कौवे उलूक को जला रहे हैं।

पृष्ठ १६ – चित्र सं० २४ परिमाण – ४"३ + ७½"

परिचय – मृग को सिंहिनी यह विश्वास दिला रही है कि मैं यदि तुझसे घात करूंगी तो मेरा कुल लजेगा।

पृष्ठ १७ – चित्र सं० २५ परिमाण – ३½"२ + ५"

परिचय – हरिण-सिंहनी का संभोगकालीन एक अश्लील चित्र है।

पृष्ठ १७ – चित्र सं० २६ परिमाण – ४" + ७½" २ पो.

परिचय – सिंहिनी सैल से समागत सिंहका स्वागत कर रही है और हरिण सिंहिनी के पीछे छुपा बैठा है।

पृष्ठ १८ – चित्र संख्या २७ परिमाण – ४" + ४½" ३ पोइन्ट

परिचय – मालती मधु को मृग के पीछे सिंहिनी के मरने का वृत्त सुना रही है। दोनों एक दूसरे के सामने बैठे हैं।

पृष्ठ १८ – चित्र सं० २८ परिमाण – ४½"३ + ७½

परिचय – सिंह मृग पर झपट पड़ा है और सिंहिनी मृग को बचाने के लिये उसके आडी आई है किन्तु मृग के सींगों में पड़ जाने के कारण उसका पेट चिर जाता है। इस प्रकार मृग एवं सिंहिनी की जीवनलीला-समाप्ति का भाव इस चित्र में बतलाया गया है।

पृष्ठ २० – चित्र सं० २९ परिमाण – ३½" + ४½" २ पोइन्ट

परिचय – मधुकुमार मालती को कृष्ण-चन्द्रावली का प्रसङ्ग सुना रहा है। दोनों एक दूसरे के सामने बैठे हैं।

पृष्ठ २० - चित्र सं० ३० परिमाण – ४½" + ७½"

परिचय – कृष्ण चतुर्भुजरूप धारणकर आसन पर विराजमान हैं उनके पीछे दो गौएं खड़ी हैं और सामने एक गोपी नमन मुद्रा में बैठी है और उसके पीछे दो गोपिकाएं हाथ जोड़े खड़ीं कृष्ण की ओर ताक रही हैं।

पृष्ठ २१ – चित्र सं० ३१ परिमाण – ४"३ + ७½"

परिचय – बैठे हुए दुर्वासा ऋषि के पास पांच गोपिकाएं प्रसाद लेकर आई हैं। उनमें से एक गोपिका ऋषि के पास बैठ कर उन से कुछ बातें कर रही है और ४ गोपिकाएं उस के पीछे खड़ीं यह सब देख-सुन रही हैं। ऋषि उन से कह रहे है कि जो तुम्हारे पास प्रसाद है, उसे तुम मेरे मुख में रख दो।

पृष्ठ २३ – चित्र सं० ३२ परिमाण – ६½" + ७½" ३ पोइन्ट

परिचय – नृपति के कुमार राजा करण के सामने ४ रानियां

बैठी हैं और राजा के पीछे खड़ा एक दास उस पर चंवर कर रहा है।

पृष्ठ २४ – चित्र संख्या ३३ परिमाण – ४½"२ + ७½" २ पोइन्ट

परिचय – सोरठ के राजा सूरसेन को दूतियां हाथ जोड़कर राजकुमारी पद्मावती का यह सन्देश सुना रही हैं कि वह अपना विवाह राजा करण के साथ करेगी। राजा इस बात को सुनकर चकित हो रहा है।

पृष्ठ २४ – चित्र सं० ३४ परिमाण – ४" + ७½" २ पो.

परिचय – राजा सूरसेन अपनी राजकुमारी को करण के साथ विवाह करने के निश्चय को बदलने के लिए समझा रहा है।

पृष्ठ २५ – चित्र सं० ३५ परिमाण – ५"२ + ७½" २ पो.

परिचय – मण्डप में करण-पद्मावती का विवाह हो रहा है, नारियां मंगल-गीत गा रही हैं एवं बाजे बज रहे हैं।

पृष्ठ २६ – चित्र सं० ३६ परिमाण – ४"२ + ६"२ पो.

परिचय – चित्र के एक तरफ सलज्जा पद्मावती घूंघट निकालकर बैठी है और दूसरे तरफ बैठे हुए राजा करण को दासी पद्मावती का यह सन्देश सुना रही है कि सोने के लिये आप पधारें।

पृष्ठ २७ – चित्र सं० ३७ परिमाण – ३½"२ + ६"२ पो.

परिचय – संयुक्त चित्र है—चित्र के ऊपरी भाग में छुछुंदरी को मुह में लिये हुए एक सर्प का दृश्य है और चित्र के नीचे भाग में जल में डूबते हुए आदमी के पास ही काष्ठ का टुकड़ा तैर रहा है किन्तु उस पर सर्प बैठा है। इस चित्र में मनुष्य के किंकर्त्तव्य विमूढता का भाव प्रदर्शित किया गया है।

पृष्ठ २७ – चित्र संख्या ३८ परिमाण – ५" + ७½"

परिचय – चैनरेषा द्वारा पीठ पर अचानक मारी हुई पिचकारी की धार से चौंकी हुई पद्मावती का उछल कर करण की गोद में जा बैठने का भाव तथा करण-पद्मावती के संभोग का अश्लील भाव इस चित्र में अलग २ दर्शाया गया हैं।

पृष्ठ २८ – चित्र सं० ३९ परिमाण – ३½" + ४"

परिचय – मधु जैतमाल के साथ बैठी हुई मालती को यह समझा रहा है कि मुझ से प्रीति करना अच्छा नहीं है; क्यों कि एक तो हम दोनों एक गुरु के शिष्य हैं और दूसरा कारण यह है कि तूं राजा की कन्या है।

पृष्ठ २९ – चित्र सं० ४० परिमाण – ४½" + ७½" २ पोइन्ट

परिचय – रामसरोवर बाग में स्थित ताल के ऊपर खड़ा हुआ मधु कुमार वृक्षों पर गिलोल चला कर अपना दिल बहला रहा है।

पृष्ठ ३० – चित्र सं० ४१ परिमाण – ४" + ४"

परिचय – मालती जैतमाल के साथ बैठी है और एक दूती आकर उन्हें यह समाचार सुना रही है कि मधु कुमार रामसरोवर बाग में अपना मन बहला रहा है।

पृष्ठ ३० – चित्र सं० ४२ परिमाण – ४½" + ६" ३ पो.

परिचय – दूती का समाचार सुन कर मधु से मिलने के लिए मालती दौड़ कर रामसरोवर पर आई है, जैतमाल उस का पीछे से हाथ खींच रही है किन्तु वह मधु की तलाश में आगे बढ़ रही है।

पृष्ठ ३३ – चित्र सं० ४३ परिमाण – ४" + ४½"

परिचय – मालती जैतमाल से अनुनय-विनय कर रही है कि हे सखी! मुझे अब मधु से चाहे जिस रूप

में हो, मिला देने का प्रयत्न कर, अन्यथा मैं मर जाऊंगी।

पृष्ठ ३४ – चित्र संख्या ४४ परिमाण – ४½"२ + ७½" २ पोइन्ट

परिचय – जैतमाल नग्न हो अपने बाएं हाथ पर रखे हुए जलपात्र से सिर पर जल डाल रही है और एक स्त्री उसके दाहिने हाथ को मसल रही है। खड़ी हुई एक स्त्री जैतमाल को दर्पण दिखला रही है और उसके पीछे मालती हाथ जोड़े खड़ी है।

पृष्ठ ३६ – चित्र सं० ४५ परिमाण – ५" + ७½"

परिचय – शिव और पार्वती के पीछे सिंह और बैल बैठे हैं तथा शिव के पीछे खड़ा उनका एक गण तूर्यत्र बजा रहा है।

पृष्ठ ४० – चित्र सं० ४६ परिमाण – ४½" + ७½"

परिचय – चतुर्भुजाधारी पवन देव के सामने हाथ जोड़ कर जैतमाल और मालती बैठी हैं। पवन उन्हें समझा रहा है।

पृष्ठ ४२ – चित्र सं० ४७ परिमाण – ४"२ + ५"३ पो.

परिचय – दयावान् एक ब्राह्मण दावानल से जलते हुए वृक्ष कोटर से हाथ डाल कर सर्प को निकाल रहा है।

पृष्ठ ४३ – चित्र सं० ४८ परिमाण – ४"२ + ६"

परिचय – करस्थित सर्प ब्राह्मण को कह रहा है कि मैं तुझे डसूंगा। ब्राह्मण चिंतित अवस्था में बैठा है।

पृष्ठ ४४ – चित्र सं० ४९ परिमाण – ४½" + ७½"

परिचय – निर्णयार्थ ब्राह्मण सर्प को गले में डाल कर गौ के पास गया है। गौ ने भी यह निर्णय दे दिया है कि सर्प तुझे डसेगा।

पृष्ठ ४४ – चित्र संख्या ५० परिमाण – ४"३ + ६"४ पोइन्ट

परिचय – चिन्तित ब्राह्मण सर्प को गले में डाल कर वनचर (वानर) के पास निर्णय के लिये गया है।

पृष्ठ ४५ – चित्र सं० ५१ परिमाग – ४½"४ + ७½"

परिचय – वनचर की बुद्धि के प्रभाव से ब्राह्मण पूर्ववत् वृक्ष-कोटर में जलते हुए सर्प को देख कर सन्तुष्ट हो रहा है। वानर उसे यह कह रहा है कि जो जैसा करता है वैसा ही उसे फल मिलता है।

पृष्ठ ४६ – चित्र सं० ५२ परिमाण – ४" + ५"

परिचय – मधु के पास सट कर मालती बैठी है। मधु उसके रूप-सौन्दर्य को देख रहा है।

पृष्ठ ४८ – चित्र सं० ५३ परिमाण – ४"२ + ७½"

परिचय – जैतमाल, मालती और उसकी एक दासी मधु के सामने बैठी हैं। मधु उन्हें मैना के सतीत्व का आख्यान सुना रहा है।

पृष्ठ ४९ – चित्र सं० ५४ परिमाण – ४"३ + ४½"

परिचय – लौंकर साह अपनी पत्नी मैना के पास बैठा है और उससे अपनी परदेश यात्रा के लिये विदा लेना चाह रहा है। यह सुन कर मैना भावी विरह की शङ्का से खिन्न हो रही है।

पृष्ठ ५२ – चित्र सं० ५५ परिमाण – ४" + ५"

परिचय – वरणापुरी का राजकुमार मैना को अपने वश में करने के लिए रतना मालिन नाम की दूती को आज्ञा दे रहा है।

पृष्ठ ५३ – चित्र सं० ५६ परिमाण – ४½" + ५"३ पो.

परिचय – अटारी में अकेली बैठी हुई विरहिणी मैना के सामने हाथ जोड़े खड़ी हुई रतना मालिन मैना को अपने जाल में फंसाने का उपक्रम कर रही है।

पृष्ठ ५५ – चित्र संख्या ५७ परिमाण – ४" + ५"

परिचय– रतना मालिन मैना को अपने सतीत्वधर्म से विचलित करने के लिए अनेक प्रकार की शृंगारिक बातें कर रही हैं।

पृष्ठ ५८ – चित्र सं० ५८ परिमाण – ४" + ६"२ पोइन्ट

परिचय– उज्जैनी नगरी का सौदागर अपनी पत्नी को यह कह रहा है कि प्रिये ! मुझे परदेश गमन की आज्ञा दो। महल के दरवाजे की फर्श पर दोनों परस्पर गले में बाहें डाले खड़े हैं।

पृष्ठ ५९ – चित्र सं० ५९ परिमाण – ४"४ + ५½"

परिचय– जाने के लिए उद्यत सौदागर अपनी पत्नी के सामने बैठा है और उससे यह कह रहा है कि मुझे शीघ्र जाने की आज्ञा दो। पत्नी पति के सामने हाथ जोड़े खिन्न खड़ी है। सुंदर चित्र है।

पृष्ठ ६१ – चित्र सं० ६० परिमाण – ४"४ + ५½"

परिचय– विदेश से समागत लौंरक (लालन) साह अपनी पत्नी के पास गले में हाथ डाले हुए बैठे हैं। पत्नी मैना रतना दूती के जाल का रहस्योद्घाटन कर रही है।

पृष्ठ ६१ – चित्र सं० ६१ परिमाण – ३½"२ + ७½"२ पो.

परिचय– देशवासी जन रतना मालिन को गधे पर चढा उसके शरीर को काला-पीला रंग लगा, एवं शिर के बाल मुंडा कर देश निकाला दे रहे हैं।

पृष्ठ ६२ – चित्र सं० ६२ परिमाण – ४" + ५½"३ पो.

परिचय– मधुकुमार जैतमाल एवं मालती को यह शिक्षा दे रहे हैं कि मैना के सतीत्व की तरह स्त्री को अपने मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए।

पृष्ठ ६३ – चित्र सं० ६३ परिमाण – ५"२ + ६"

परिचय– मालती एवं जैतमाल अपने सामने बैठे हुए

मधु को शुक-पिकी के प्रेम का निदर्शन दे कर यह समझा रही है कि शरणापन्न व्यक्ति की रक्षा करना ही मनुष्य का कर्त्तव्य है।

पृष्ठ ६३ – चित्र संख्या ६४ परिमाण – ३"३ + ४½"
परिचय – शुक के पास आकर कोयल प्रेम की याचना कर रही है।

पृष्ठ ६६ – चित्र सं० ६५ परिमाण – ३"१ + ४'३ पोइन्ट
परिचय – राजा के दो सैनिक दूत राजा चन्द्रसेन को मधु-मालती की प्रेमलीला का रहस्य बतला रहे हैं।

पृष्ठ ६६ – चित्र सं० ६६ परिमाण – ४" + ४"३ पो.
परिचय – कुपित राजा चन्द्रसेन रानी कनकमाल के पास बैठ कर उसे अपनी लाडली कुमारी मालती के चरित्र बतला रहे हैं और यह कह रहे हैं कि अभी सेना भेजकर मधु को मरवा डालूंगा।

पृष्ठ ६७ – चित्र सं० ६७ परिमाण – ३"३ + ५½"२ पो.
परिचय – मधुकुमार बाग में जैतमाल एवं मालती के साथ बैठे हैं और रानी कनकमाल द्वारा भेजी हुई एक दासी उन्हें यह सन्देश सुना रही है कि तुम अब यहाँ से शीघ्र ही कहीं अन्यत्र चले जावो, अन्यथा राजा द्वारा मारे जाओगे।

पृष्ठ ६९ – चित्र सं० ६८ परिमाण – ४½"३ + ७½"२ पो.
परिचय – मधु राजा चन्द्रसेन द्वारा प्रेषित घुड़सवार सैनिकों पर अपने गिलोलास्त्र के वार कर रहा है और जैतमालकृत मालतीवनविस्तार से प्रकट हुए भ्रमरसमूह के दंशों से आहत राजसैनिक भाग रहे हैं।

पृष्ठ ७१ – चित्र सं० ६९ परिमाण – ४" + ४½"२ पो.
परिचय – भ्रमरदंशाहत दो सैनिक मधु के पराक्रम एवं भ्रमरों द्वारा डसी गई सेना का वृत्तान्त राजा

चन्द्रसेन को सुना रहे हैं। राजा यह सुन आश्चर्य-चकित हो रहा है।

पृष्ठ ७५ – चित्र संख्या ७० परिमाण – ४"३ + ७३⁄४"

परिचय – जैतमाल और मालती के साथ बैठे हुए मधु को एक राजदूत खोटी-खरी सुना कर यह कह रहा है कि यदि जीवन प्यारा है तो तुरन्त यहां से चले जाएं। मधुकुमार यह सुनकर क्रुद्ध हो उसे डांट रहा है।

पृष्ठ ७७ – चित्र सं० ७१ परिमाण – ६३⁄४"३ + ७१⁄४" २ पोइन्ट

परिचय – राजसेना का एक दृश्य–अश्वारूढ़, गजारूढ तथा पैदल सैनिक भेरीनिनाद करते हुए मधु की ओर बढ़ रहे हैं। मधु उन के सामने गिलोल साधे खड़ा है। बाग के वृक्ष की टहनी में खड़ी जैतमाल इस दृश्य को देख रही है।

पृष्ठ ७९ – चित्र सं० ७२ परिमाण – ६१⁄२"२ + ७१⁄२"

परिचय – मालती की स्तुति से सन्तुष्ट श्रीकृष्ण भगवान् द्वारा मधु की सहायतार्थ प्रेषित भारण्ड आदि वन्य जन्तुओं का राजसेना से युद्ध हो रहा है। मधु अपने गिलोल के वार से सैनिकों का संहार करने में व्यस्त है और जैतमाल इस दृश्य को मालती को दिखला रही है।

पृष्ठ ८० – चित्र सं० ७३ परिमाण – ६१⁄२"२ + ७१⁄२"२ पो.

परिचय – युद्धक्षेत्र से हार कर पलायमान सेना का दृश्य है।

पृष्ठ ८० – चित्र सं० ७४ परिमाण – ४१⁄४"२ + ६"२ पो.

परिचय – राजा चन्द्रसेन अपने एक मंत्री से मंत्रणा कर रहे हैं। मंत्री उन्हें भीम–हिडिम्बा का आख्यान सुना रहा है।

पृष्ठ ८१ – चित्र सं० ७५ परिमाण – ४" + ६"४ पो.

परिचय – कौरव भीम को छल से मारने का उपाय सोच रहे हैं।

पृष्ठ ८२ – चित्र संख्या ७६ परिमाण – ५"३ + ५½"३ पो.
शीर्षक – पांडव लापका मैहलमैं सूता छै ऐ०

पृष्ठ ८३ – चित्र सं० ७७ परिमाण – ४" + ७½"
परिचय – भीमसेन दोनों हाथों से गदा को शिर से ऊपर साधे हुए देवमन्दिर के आगे खड़ा है और उस के आगे राक्षस द्वारा बल्युपहारार्थ पकड़ कर लाए गये ४ वीर आभारप्रदर्शनकी मुद्रा में जा रहे हैं। देवमन्दिर में एक स्त्री बैठी है।

पृष्ठ ८७ – चित्र सं० ७८ परिमाण – ४½" + ५"
शीर्षक – कौर्व भीम वात करै ऐ वा०

पृष्ठ ८८ – चित्र सं० ७९ परिमाण – ४"४ + ४½" २ पोइन्ट
परिचय – भीमसेन कौरवों द्वारा खिलाए गये विषान्न से मूर्च्छित हो गङ्गाजी के जल-प्रवाह में बहे जा रहे हैं।

पृष्ठ ८८ – चित्र सं० ८० परिमाण – ४" + ६½"
परिचय – गङ्गाजी में स्नानार्थ आगत दो नागकन्याओं द्वारा अमृत पिला कर जीवित किया हुआ भीमसेन सर्पराज वासुकि की कन्या के पीठपार्श्व अपने दोनों हाथों से पकड़ उसके पीछे खड़ा है और उससे यह पूछ रहा है कि जिस अमृत से तुमने मुझे बचाया वह अमृतकुण्ड कहाँ है, मुझे दिखलाओ।

पृष्ठ ८९ – चित्र सं० ८१ परिमाण – ४"३ + ५"४ पो.
परिचय – वासुकि की कन्या अपने सम्मुख बैठे हुए भीमसेन को अमृतकुण्ड का भेद बतला रही है।

पृष्ठ ९१ – चित्र सं० ८२ परिमाण – ४"४ + ५"४ पो.
परिचय – राजा चंद्रसेन द्वारा समाहूत मंत्री तारण साह राजा के सम्मुख हाथ जोड़े खड़ा है। राजा उसे अपना पिछला वृत्त सुना कर यह पूछ रहा है कि युद्धशान्ति का अब कौन सा उपाय है?

पृष्ठ ९२ – चित्र संख्या ८३ परिमाण – ४"४ + ४½"४ पो.

परिचय – राजा चंद्रसेन श्रीदुर्गा माता के सामने हाथ जोड़े खड़े हैं। श्रीदुर्गाम्बा उसे मधु-मालती-जैतमाल के प्रकृत रूप का यह रहस्य समझा रही है कि ये तीनों नररूप में देव हैं। अतः तुम अपने साथ उन्हें मना कर ससम्मान घर ले जाओ।

पृष्ठ ९३ – चित्र सं० ८४ परिमाण – ३½" + ४"४ पोइन्ट

परिचय – मोची खाट पर सो रहा है और खाट के नीचे स्थित चमड़ा भिगोने के जलपात्र में शीत से पीड़ित एक सर्प बैठा है।

पृष्ठ ९४ – चित्र सं० ८५ परिमाण – ५"३ + ४½"३

परिचय – उरगाना पथिक घोड़े का नया कमरपट्टा बनाने के लिये मोची से कह रहा है। मोची पात्रस्थित सर्प को चमड़ा समझ कर उसे कमरपट्टे में जोड़ रहा है।

पृष्ठ ९४ – चित्र सं० ८६ परिमाण – ५"१ + ५½" २ पो.

परिचय – उरगाना घोड़े पर सवार हो जंगल की ओर जा रहा है। घोड़े की कमर में पट्टे के रूप में बंधे हुए सर्प को देख कर वनवृक्षस्थ सर्प कुछ कह रहा है।

पृष्ठ ९६ – चित्र सं० ८७ परिमाण – ४"४ + ४"४ पो.

परिचय – राजा चंद्रसेन को मंत्री तारण साह उरगाना-संवादगत मलयपुराधीश हरिदत्तराय के उदरस्थित सर्प एवं वनबंबीस्थ सर्प का संवाद सुना रहा है।

पृष्ठ ९७ – चित्र सं० ८८ परिमाण – ५"१ + ७"४ पो.

परिचय – राजा हरिदत्तराय जंगल में वृक्ष के नीचे पलङ्ग पर सोये हुए हैं। उन के सिरहाने की तरफ स्थित वृक्ष की बंबी से निकले हुए सर्प की फूत्कार सुन कर राजा के मुख से निकला हुआ सर्प बातें कर रहा है और उसे राजा के लिए आरोग्यप्रद औषधि भी बतला रहा है। राजा का मंत्री उनके

पैतानें की तरफ एक कोने में छिपा बैठा हुआ उन दोनों की बातें सुन रहा है। पैताने के पास ही एक काठी किया हुआ घोड़ा भी खड़ा है।

पृष्ठ ९९ – चित्र संख्या ८९ परिमाण – ४" + ५"

परिचय – उरगाना और उसकी लौड़ी पत्नी एक दूसरे के सम्मुख बैठी हैं। पत्नी उसे यह कह रही है कि आप जहाँ जिस सर्प को दूध पिलाने जाते हैं वहाँ साथ में अपने लड़के को भी ले जाएँ।

पृष्ठ १०० – चित्र सं० ९० परिमाण – ४"१ + ५"

परिचय – उरगाना का लड़का सर्प को लाठी से मार रहा है और सर्प उस के पाँव में डँस रहा है।

पृष्ठ १०१ – चित्र सं० ९१ परिमाण – ४" + ४½" २ पो.

परिचय – उरगाना अपनी पत्नी को उसके शिर के बाल खींच कर पीट रहा है और उसे अपने पास में मूर्च्छित पड़े हुए लड़के को दिखला कर यह कह रहा है कि हम गृह-कलह से अपने पुत्र को खो बैठे।

पृष्ठ १०१ – चित्र सं० ९२ परिमाण – ४½"२ + ५½"

परिचय – राजा अमरसेन के सम्मुख बैठी हुई उरगाना की पत्नी अपने पति एवं सर्प का रहस्योद्घाटन कर रही है और उरगाना अपनी पत्नी के पीछे खड़ा है।

पृष्ठ १०२ – चित्र सं० ९३ परिमाण – ३½"२ + ४"२ पो.

परिचय – राजा अमरसेन का एक घुड़सवार सिपाही मरे हुए सर्प को अपने कंधे पर रखे जा रहा है और उस के पीछे एक सिपाही सर्प को बंबी से खींच कर बाहर निकाल रहा है।

पृष्ठ १०२ – चित्र सं० ९४ परिमाण – ५"१ + ६" २ पो.

परिचय – बंबी के सर्प के सम्मुख एक ब्राह्मणवेषधारी

उरगाना सर्प को गंगा ले जाने के लिये खड़ा है और उसके पीछे एक घुड़सवार मनुष्य भी खड़ा है।

पृष्ठ १०३ – चित्र संख्या ९५ परिमाण – ४" + ६"

परिचय – राजा चन्द्रसेन रानी कनकमाल के साथ बैठे हुए हैं। राजा रानी को युद्ध का सारा वृत्तान्त एवं श्रीदुर्गाम्बा का उपदेश सुना रहा है।

पृष्ठ १०६ – चित्र सं० ९६ परिमाण – ४"३ + ४½"४ पोइन्ट

परिचय – रानी कनकमाल राजा चंद्रसेन को कर्मरेखा की अमिटता पर गौ और सिंह का उदाहरण दे कर यह समझा रही है कि मधु-मालती का सम्बन्ध विधि को मञ्जूर है, अतः इस में बाधा डालना स्वयं के लिये अहितकर है।

पृष्ठ १०८ – चित्र सं० ९७ परिमाण – ४½" + ७½"

परिचय – बैठे हुए सिंह के सामने गौ बैठी है और उन दोनों के बीच में बछड़ा बैठा हुआ है।

पृष्ठ १११ – चित्र सं० ९८ परिमाण – ४½"४ + ७½" २ पो.

परिचय – राजा चंद्रसेन अपनी रानी कनकमाल के साथ बैठे हैं। दोनों एक दूसरे के सम्मुख मुख किये हुए विवाह की तय्यारी की योजना बना रहे हैं। कनकमाल के पीछे एक दासी अपने हाथ में चंवर थामे खड़ी है।

पृष्ठ १११ – चित्र सं० ९९ परिमाण – ४½" + ७½" २ पो.

परिचय – मधु का बरनोला (छींकी) निकल रहा है। ढोल-वाद्य बज रहे हैं। नारियाँ मधु के रूप को देख कर उसके पीछे एवं सामने मंत्रमुग्ध सी खड़ी हैं।

पृष्ठ ११२ – चित्र सं० १०० परिमाण – ५"२ + ७½" २ पो.

परिचय – मधु-मालती की छींकी का एक दृश्य है। इन

दोनों के रूप-लावण्य को देख कर नर एवं नारियाँ अपनी सुधि भूल रही हैं।

पृष्ठ ११३ – चित्र संख्या १०१ परिमाण – ६"१ + ७½"

परिचय – अश्वारूढ़ मधुकुमार राजप्रासाद के द्वार पर तोरण मार रहे हैं। उस के पीछे स्त्रियां मंगल-गीत गा रही हैं।

पृष्ठ ११४ – चित्र सं० १०२ परिमाण – ७½" + ६½ २" पो.

परिचय – मंडप में मधु-मालती का विवाह हो रहा है। वादित्र वज रहे हैं और सुहागिन नारियाँ खड़ी मांगलिक गीत गा रही हैं।

पृष्ठ ११४ – चित्र सं० १०३ परिमाण – ७½" + ४½ ३" पो.

परिचय – मधु एवं राजा चन्द्रसेन बैठे हैं। उनके आसपास दो कर्मचारी खड़े हैं। राजा चंद्रसेन मधु से यह प्रार्थना कर रहे हैं कि मेरे राज्य का भार आप संभाल लें।

पृष्ठ ११६ – चित्र सं० १०४ परिमाण – ६½" + ७½" ३ पो.

परिचय – विलास का एक दृश्य है। मधुकुमार पलङ्ग पर मालती तथा जैतमाल के बीच में बैठे हैं। उनका वाम कर मालती के कुच पर स्थित है और उनके दक्षिण कर को जैतमाल ने पकड़ रखा है। मालती मधु का प्याला मधु के मुख की ओर आगे बढ़ा रही है। मालती एवं जैतमाल के करों में क्रमशः पंखा और चामर है। इन तीनों के अगल-बगल में दो दासियां मधु–घट लिये हुए पलङ्ग के नीचे खड़ी हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मालती एवं जैतमाल मधु को मधु पीने के लिए बाध्य कर रही हों।

प्रसङ्गसूचि –

१ – रामसरोवरवर्णन एवं मधु-मालती का गुरुगृह में विद्याभ्यसन – पृष्ठ २ – ४

२ – मधु के प्रति मालती की प्रणयासक्ति एवं संलाप – पृष्ठ ५ – ६

(१) मधुनिगदित इन्द्रायणफललुब्ध-शुकोदाहरण

३ – मृग एवं सिंहिनी की प्रणयकथा – पृष्ठ ६ – १९

(१) वानर-सिंहसंवाद (२) काकोलूकवार्त्ता (३) टिट्टिभ-टिट्टिभीसंवाद (४) काकद्वारा सर्पमारण (५) शशकद्वारा सिंह का कूपनिपातन (६) जालग्रस्त हंसों द्वारा वधिक-व्यामोहन।

४ – श्रीकृष्ण-चन्द्रावलीप्रसङ्ग – पृष्ठ २० – २१

५ – मधुजल्पित करण-पद्मावतीकथा – पृष्ठ २३ – २९

(१) मधु-मालती के प्रश्नोत्तर एवं उनका विद्याविसर्जन।

६ – रामसरोवरप्रसङ्ग – पृष्ठ ३० – ३५

(१) मधु का वनोपवनभ्रमण (२) मधु की खोज में मालती-जैतमाल का रामसरोवर-आगमन एवं उनका वार्त्तालाप (३) जैतमाल के सोलह श्रृंगारों के वर्णन।

७ – मधुकुमार तथा जैतमाल का वार्त्तालाप – पृष्ठ ३५ – ४७

(१) जैतमालवर्णित मधु-मालत्युद्भववृत्त (२) विप्रसर्पसंवाद (३) मालती का सौन्दर्यवर्णन।

८ – लोरकसाह की पत्नी मैना के सतीत्व का आख्यान – पृष्ठ ४८ – ६२

(१) वरणापुरी के राजकुमार द्वारा समायोजित दूती रतना मालिन एवं मैना का संवाद (२) दूती द्वारा उपक्रान्त बारह महीनों के श्रृङ्गाररसात्मक प्रश्नों का मैना द्वारा सयुक्तिक वैराग्यात्मक प्रतिवाद (३) मैनाकथित उज्जैन के सौदागर की पत्नी के सतीत्व का निदर्शन (४) परदेशागत लालनसाह द्वारा दूती रतना का देशनिर्वासन।

९ – जैतमालप्रस्तावित मधु-मालती का गान्धर्व विवाह – पृष्ठ ६२ – ६७

(१) दूत द्वारा राजा चन्द्रसेन के समक्ष गान्धर्व विवाह का रहस्योद्घाटन (२) क्रुद्ध राजा का मधु के मारणार्थ अपनी

सेना को आदेश (३) भावियुद्ध से त्रस्त मालती के धैर्यार्थ मधुनिगदित रूपरेखा एवं चन्दकुमार का आख्यान।

१० – राजा चन्द्रसेन की सेना के साथ मधुकुमार का युद्धप्रसंग – पृष्ठ ६९ – ८०
(१) भ्रमर-युद्ध (२) मधु-राजसैनिकसंवाद (३) जैतमाल-संप्रेरित मालतीकृत श्रीकृष्णस्मरण (४) मधुसंरक्षार्थ भगवत्प्रेषित भारण्डसिंहादि द्वारा राजसेना का संहार।

११ – युद्धपलायित राजा चंद्रसेन की अपने मंत्रियों से मंत्रणा– पृष्ठ ८० – ९१
(१) मन्त्रिश्रावित भीम-हिडिम्बाख्यान (२) भीम-वासुकि-सर्पयुद्ध (३) मंत्रियों का मंत्री तारणसाह को ससम्मान पुनः बुलाने का राजा को सुझाव।

१२ – राजा चंद्रसेन एवं मंत्री तारणसाह का मंत्रणालाप– पृष्ठ ९१ – ९३
(१) तारण द्वारा मान्त्रिकवल से सिंहादिस्तम्भन (२) सद्यः-प्रकट श्रीगौरी माता का राजा को उपदेश एवं मधु-मालती के प्रकृतरूप का संज्ञापन।

१३ – तारणकथित उरगाना एवं सर्प का आख्यान– पृष्ठ ९३ – १०३
(१) मलयपुरीश हरिदत्तराय के उदरस्थ सर्प एवं वनवंबीस्थ सर्प का संवाद (२) गृहकलहवश उरगाना की पुत्र की मृत्यु (३) राजा अमरसेन के समक्ष उरगाना की पत्नी द्वारा अपने पति एवं सर्प का रहस्योद्घाटन (४) राजा द्वारा सर्पमारण एवं तद्वम्बीस्थधनापहरण (५) युद्धविरामानन्तर मधु-मालती का ससम्मान स्वस्व-गृहावर्त्तन।

१४ – राजा चन्द्रसेन एवं रानी कनकमाल का मंत्रणालाप– पृष्ठ १०३ – ११०
(१) चन्द्रसेनवर्णित श्रीराम-अञ्जनीसंवाद (२) कनकमाल-कथित गौ-सिंहसंवाद (३) मालती तथा जैतमालका मधु के साथ विवाह करने की राजा से रानी की अभ्यर्थना।

१५ – मधु-मालती-जैतमाल विवाहप्रसंग – पृष्ठ ११० – ११६
(१) मधु-चन्द्रसेनसंलाप (२) मधुकथित कामनिवासवर्णन (३) कविकुलवर्णन एवं कथोपसंहार।

★

१५. सचित्र मधु-मालती कथा। **क्रमाङ्क – १७४६१**

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, **लिपिसमय – १९१० विक्रम संवत्**

आकार – गुटकाकार **माप (साइज) – ११" × ७½**

पृष्ठसंख्या – १९२, प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति – ११, प्रतिपङ्क्ति अक्षर – २४।

पुस्तकदशा – साधारणतया अच्छी है किन्तु त्रुटक है।

पुस्तक का प्रारम्भ –

....जोजन पुर च्यार। चोंरासी चोहोटा चहुं दस बाजार ॥
अत ही वीचीत्र दीस नर नारी। मानु सकल भवन मैझारी ॥
करही सेवन कुल छतीसा। चढही सहस दल मावत सीसा ॥
सभा देव दुजे गंग प्रवेसा। दल तीड़ी सम भुमी प्रवेसा ॥

॥ सोरठा ॥ हय्येदल अंत न पार, कुंजर काली मेघ जुं।
कुल छतीस हजार, चढ दुवार त्रप चंदक ॥

॥ चोपई ॥ मंत्री बुध पराक्राम तांम। तारण साहा तासको नांम ॥
नीस दीन स्यांम धरमसुं काज। चोसट कला वोहोत मुख लाज ॥
गुंण अनेक छवे पार न अहूं। दीन दीन अनुंरुप गुण भे हूं ॥
असो वोर वीधनां नही घड़्यो। सत्रु देखे अंद्रजु पड़्यो ॥
गज कपोतै हर चंव प्रवाल। जांन मधुकर मीन मुराल ॥
जांही देखे चीत चल महेसा। देखत धरनीं डारत सेसा ॥
सुर सवल सव करत अंदेसा। मानुं छाहां सीस पर देसा ॥
राजलोकवरन कीत लेहूं। थोरी सी मंत्रीकी कहूं ॥
थोरी मांहे वोहोत रस होई। अती लालच झींण राचो कोई ॥
तारण साहा सुघड़ गुणसार। त्रीय्या एक मधु राजकुंवार ॥
ताको नांव मनोहर धार्यो। मानुं कांमदेव औंतार्यो ॥
कह मधु कवर खीलाव तात। वाढत कला चंद जुं जात ॥
वधं पुल कला होई कछ वोर। जुंव सललीताकी कोर ॥
वरस दवादस भीयो कीसोर। नैंन वैंन दीवस-नीस तोरे ॥
देखे त्रीय्या अती होई लुभांनी। तंन मंन धंन सव सुधे वीसरांनी॥

जहैं जहैं कव्रर करतहै सैलां । दोरे फीर त्रीग्या चहूं गेलां ॥
कव्रहूक रांमसरोवर पाल । अंगी भई मानुं मीन मुराल ॥

॥ दोहा ॥ रांमसरोवर तालकी, सोभा वरनी न जाई ।
सवेत्त वरण पंछी त्याहां, मुनीजंन..........॥

पुस्तक के अन्त में —

...............लती, खट रते रतां वसंत ॥ ४ ॥
लंता मांही पुनंग लता, सोधुम घंनसार ।
कथा मधु अर मालती, जुं आभूखंन हार ॥ ५ ॥
कांमवीलास कही कथा, चीतसुं चीत लगाइ ।
सुन सठ न एही गहै, नुगूणै कही न जाइ ॥ ६ ॥

॥ चोपई ॥ राजा मंत्री कहन साखी । पंचमकी बुधे ग्यामै भाखी ॥
चरनाईक चात्रुग वीसतार । थोरी थोरी सव्रही पार ॥ १ ॥
फुंनी वसंतराज रस गावै । मांतो सेव्र र कांम दझावै ॥
ताकी ए लीला वीसतारी । रसकं नर सु ए सुखकारी ॥
रसकुं होइ एह रस चावै । आख्यातुंम आतमां गावै ॥
चात्रुग पुरस होइ है कोई । ए रस कला स्हंसर मधे होई ॥
क्रासन देवको कवैर कुहावै । परदुमन ए नांम धरात्र ॥
पुत्र कलीत्र सव सुख पावै । दुख दालीद्र सव दुरे गुमावै ॥

॥ स्लोक ॥ कांमते लभते कांम नरधंनो धंन प्रापती ।
अपुत्री लभते पुत्र व्याध ते न स पीड़ते ॥

॥ दोहा ॥ राजा पढते राजगते, मंत्री पढते बुध ।
कांमी कांमवीलासरस, जोगी पढते सधे ॥
समीय्यो मधु अर मालती, संपुरण सव्र सुर ।
सुरता वीकता सवनकुं, होइ ईन दुख दुरे ॥
स्हंस्र (स्र) च्यार दुहे चोपई, अछर भतीसी जाणे ।
सुण सुगण जीवै राचही, नुगण सुणी न माणे ॥
कांमवीलास कही कथा, लीज्यो चतुर वीच्यार ।
पढ गुण चीत घर, लेव्र अंम्रत पार ॥

जतमाल मधु मालती, स्मीयो सुजस वखाणे ।
रस मदन म्हमंतकी, संपुरन सत्र जाणे ॥

इति श्रीमधु-मालती-जैतकी रसवीलासकथा संमसत दोहा चोपई सोरठा संपुरण सुभं रसतु ॥ लखी स्हा मंगलरांम चीरंजी संकर लछमण नंगर मड़ावरा म्धे वसाख वु. १३ सीं. १९१० ॥

टिप्पणी – यद्यपि इस प्रति में प्रस्तुत कथा का समापन १९२ वें पृष्ठ पर होता है, किन्तु इस में १, ३, ५, ८, १२, १३, १६, १७, १८, १९, २०, २१, २२, २३, २४, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१, ३६, ३८, ३९, ४१, ४२, ४४, ४५, ४६, ४९, ५१, ५२, ५४, ५५, ५६, ५८, ५९, ६०, ६१, ६४, ६५, ७१, ७२, ७३, ७८, ८०, ८२, ८३, ८४, ९१, ९२, ९३, ९४, १०१, १०२, १०३, १०४, ११२, ११४, ११५, ११६, ११७, ११८, ११९, १२१, १२२, १२३, १२४, १२५, १३०, १३३, १३५, १३७, १३८, १४०, १४१, १४२, १४४, १५१, १५६, १५७, १५९, १६०, १६२, १६३, १७१, १७५, १८८. तथा १९१ वें की संख्या वाले पत्र अप्राप्त होने के कारण १०२ पत्र ही प्राप्त हैं । प्रति का लेखन महाजनी (चारणी) लिपि के स्थूल किन्तु दुर्वाच्य एवं अशुद्ध अक्षरों द्वारा किया गया है । कथावस्तु के लिखने में काली स्याही एवं सन्दर्भ (चौपई, दूहा, प्रसङ्गादि) के लिखने में लाल स्याही उपयोग में लाई गई है । प्रतिगत सभी पृष्ठों के बांई ओर पृष्ठाङ्क लगे हुए हैं किन्तु पद्याङ्क कहीं पर भी दृष्टिगोचर नहीं होते हैं, और यत्र तत्र कथाके पद्यांश भी नहीं लिखे गये हैं । सारांशतः यह पुस्तक अशुद्ध एवं त्रुटित है ।

इस पुस्तक में उक्तकथा से सम्बन्धित ५ चित्र विद्यमान हैं जो कि ६७, १७९, १८४, १८५ एवं १८९ संख्या वाले पत्रों में अङ्कित हैं। चित्रों के निर्माण में चित्रकार ने हाडौती शैली को अपनाया है और सुन्दर हावभावादि की अभिव्यंजना के साथ वेष–भूषादि के आकलन में प्रसङ्गानुकूल यथावसर विविध देशी रंगों का उपयोग किया है । चित्रस्थली को कहीं सफेद, तो कहीं नीले, तो कहीं पीले रंग से अभिलिप्त कर उसे एक काली सूक्ष्मरेखा एवं तदुपरि लाल रंग की स्थूलरेखा से वेष्टित किया गया है। प्रत्येक चित्र के नीचे लाल स्याही से शीर्षक (विवरण) लिखे हैं । तदनुसार यहाँ पर चित्रों के परिमाण के साथ चित्रों का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है—

चित्रसूची –

पृष्ठ ६७ – चित्र संख्या १ परिमाण – ३½' + ९'

शीर्षक – सेठ सेठांणी बधाई वांट, वाजा वज सत्र त्रीया मंगल गाव ।

पृष्ठ १७९ – चित्र सं० २ परिमाण – २'४ + ६½' १ पोइन्ट

शीर्षक – बांमम पनंग मुख काढ्या, लरको मुवो, पीता आयो ।

पृष्ठ १८४ – चित्र सं० ३ परिमाण – २½'३ + ९"

शीर्षक – श्रीरामचंद्र लछमण ज्यानकी हनुंमान अंजनी तप त्याहां आये ।

पृष्ठ १८५ – चित्र सं० ४ परिमाण – २½'३ + ५'१

शीर्षक – राजा रांणी म्हलमै वीयावकी वात कर ।

पृष्ठ १८९ – चित्र सं० ५ परिमाण – ३½' + ९'

शीर्षक – समीयो वीयावको । मधु मालती जैत फेरा लेव, राजा राणी वैठा, मंगल गव, वाजा वज ।

प्रसङ्गसूची –

१ – राजलोकवर्णनानन्तर मधु - मालती का गुरुगृह में विद्याभ्यसन एवं प्रणयासक्ति – पृष्ठ २ – ७

२ – मृग - सिंहिनी का प्रेमाख्यान – पृष्ठ ९ – ४०

(१) मधु - मालती संवाद (२) इन्द्रायणलुब्ध शुकदृष्टांत (३) मृग - सिंहनीसंवाद (४) वनचर - सिंहसंवाद – (५) काकोलूककथा (६) टिट्टिभ - टिट्टिभीसंवाद (७) मृग - सिंहिनो का अन्त (८) मधु - मालती का वार्तालाप ।

३ – करण - पद्मावती का आख्यान – पृष्ठ ४३ – ५०


४ – सुदर्शनश्रेष्ठी के शीलव्रत का उपाख्यान – पृष्ठ ५० – ७०

(१) मधु-मालती के प्रश्नोत्तर एवं उनका स्वगृहावर्तन




प्रतिक्रमाङ्क–१७४६१; चित्रसंख्या–१; सूचीपत्राङ्क–२३६

सेठ सेठांणी बधाई वांट (बांटे), बाजा वज (वजे), सब त्रीयां मंगल गाव (गावे)



प्रतिक्रमाङ्क-१७४६१; चित्रसंख्या-२; सूचीपत्राङ्क-२३६



प्रतिक्रमाङ्क–१७४६१; चित्रसंख्या–३; सूचीपत्राङ्क–२३६

श्रीरामचंद्र लछमरण ज्यानकी हनुंमान अंजनी तप (तपे) त्याहां आये।

५ – रामसरोवरप्रसङ्ग – पृष्ठ ७० – ७९

(१) मधु का वनभ्रमण (२) मालती - चकवीसंवाद (३) मालती - जैतमाल का वार्तालाप (४) जैतमाल के सोलह शृङ्गारों का वर्णन ।

६ – जैतमाल - मधु का वार्तालाप – पृष्ठ ८१ – ९९

(१) जैतमालनिगदित मधु - मालत्युद्भववृत्त (२) मालती के शरीर - सौन्दर्य का वर्णन (३) मधु - मालती - जैतमालसंवाद ।

७ – लोरकसाह की पत्नी मैना के सतीत्व का आख्यान – पृष्ठ ९९ – १२७

(१) दूती रतना एवं मैना के षड्ऋतुवर्णन पर शृङ्गार-वैराग्यात्मक प्रश्नोत्तर (२) मधु - मालती का गान्धर्व-विवाह एवं उसका राजा चन्द्रसेन के समक्ष दूती द्वारा रहस्योद्घाटन (३) मधु - मालती के मारणार्थ राजा चन्द्रसेन का अपने सैनिकों को आदेश ।

८ – मधुकथित चन्द्रकुमार - रूपरेखा का प्रणयाख्यान – पृष्ठ १२७ – १३१

९ – मधुकुमार एवं राजा चन्द्रसेन का युद्धप्रसङ्ग – पृष्ठ १३१ – १४७

(१) मधुद्वारा मालती को धैर्यबन्धन (२) राजसेना के साथ मधु का युद्ध (३) जैतमाल द्वारा मालती - वन-विस्तार (४) भ्रमर - सैनिकयुद्ध (५) भ्रमरदंशाहत सेना का पलायन (६) चन्द्रसेन की मधु पर चढ़ाई (७) उन्निद्र मालती को जैतमाल द्वारा धैर्यबन्धन ।

१० – जैतमालकथित वनस्थित मृग—कपोतकथा – पृष्ठ १४८ – १५५

(१) जैतमालप्रेरित मालती द्वारा हरिस्मरण (२) हरि-प्रेषित भारण्डादि पशु - पक्षियों द्वारा राजसेना का संहार ।

११ – भीमहिडिम्बोपाख्यान – पृष्ठ १५८ – १६६

(१) राजा चन्द्रसेन के समक्ष मन्त्रियों की ओर से तारणसाह मंत्री को पुनः पदारूढ करने का प्रस्ताव ।

१२ – राजा चन्द्रसेन - तारणमंत्रणा – पृष्ठ १६७ – १६९

तारणसाह की प्रार्थना से सद्यःप्रकट श्रीगौरी का राजा को उपदेश

१३ – उरगाना - सर्पकथा – पृष्ठ १७० – १८१

(१) मलयाधीश्वर के उदरस्थ एवं वनबंबीस्थ सर्प का संवाद (२) गृहकलह से उरगाना के पुत्र की मृत्यु (३) पत्नी द्वारा नृपति के समक्ष उरगाना - सर्प का रहस्यप्रकाश (४) राजा द्वारा सर्पमारण एवं तद्व-म्बीस्थ धनापहरण (५) मधु - मालती - जैतमाल का ससम्मान स्वस्वगृहप्रत्यावर्त्तन।


१४ – प्रसङ्ग श्रीरामचन्द्रको – पृष्ठ १८२ – १८४

१५ – मधु - मालती - जैतमाल - विवाहप्रसङ्ग – पृष्ठ १८५ – १९२

(१) राजा चन्द्रसेन एवं कनकमाल रानी का संवाद

(२) मधु–चन्द्रसेनसंवाद एवं कथोपसंहार ।

★


संग्रभोपानीलगायो ॥ आप
नोसवभूमगमायो ॥ नीपावरित्र
सबहीकीया ॥ चरणउवावके खोर
होया ॥ ५४५ बहोतप्रपंचग्रोपा
नीकीयो ॥ वोतीरेनसुरजउदहोय
गायो ॥ बहोतपरपंचकरीचानीहा
र सेठमहलसुंदीयोउतार ॥ ५४६
उपोमांणसेवधर आयो ॥ जैजे
कारजने
पुरकी
योहोयो
धरमधर
मतनीवा
र ॥ सुवाह
नीजोसागर उतारेपार ॥ दोहा ॥
करजोडां कामणकहहकहारतुम
रान ॥ आपमहरतुमकहारहे अब

प्रतिक्रमाङ्क–११५६४; चित्रसंख्या–२; सूचीपत्राङ्क–२३६

प्रोहित-पत्नी कपिला सुदर्शन सेठ को अपने जाल में फांसने का उपक्रम कर रही है।

१६. सचित्र मधु-मालती कथा। क्रमाङ्क – ११५९४

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, लिपिसमय – १९ वीं शताब्दी (वि०)

आकार – पुस्तकाकार, माप (साइज) – ८′ × ५″

पृष्ठसंख्या – ४ (प्रकीर्ण) प्रतिपृष्ठ पङ्क्ति – १६–१७, प्रतिपङ्क्ति अक्षर – १२–१५

पुस्तकदशा – साधारणतः ठीक है किन्तु पत्रप्रान्त्य त्रुटित हैं।

टिप्पणी – उक्त कथा की प्रति के उक्त ४ पत्र प्रकीर्ण रूप में ही यहाँ उपलब्ध हैं। ये पत्र उक्तकथाङ्गभूत श्रेष्ठिसुदर्शनशीलोपाख्यान से सम्बन्ध रखते हैं। इन पर यद्यपि पृष्ठाङ्क तो अङ्कित नहीं हैं किन्तु पद्याङ्क अवश्य लगे हुए हैं। प्रथम पत्र में ५०७ वें पद्य से ५१५, द्वितीय पत्र में ५४५ से ५५१, तृतीय एवं चतुर्थ पत्रों में ५६२ से ५७७ (अपूर्ण) तक संख्यावाले पद्य उल्लिखित हैं। पत्रों पर लिखित कथांश के चारों ओर बोर्डर के रूप में तीन काली स्याही की रेखाएं खींची हुई हैं तथा कथांश के समीपवाली दो रेखाओं के बीच में पीला रंग भरा हुआ है। प्रकरण एवं पद्यांक चमकीली काली स्याही से स्थूल एवं सुन्दर अक्षरों में लिखे हुए हैं।

उक्त पत्रों पर पांच ५ चित्र आलेखित हैं। इन के स्थल धुंधले हरे रंग से रंजित हैं तथा उनके चारों ओर एक सफेद रेखा खींच कर दो इञ्च परिमाण वाले लालरंग के बोर्डर बनाये गये हैं। चित्रों के निर्माण करने में अनेक प्रकार के अच्छे रंग उपयोग में लाए गये हैं तथा चित्राकृतियों एवं वेषभूषादि की बनावट में संभवतः जयपुर-ब्रजशैली अपनाई गई है। चित्र सुन्दर एवं भावानुकूल बने हैं। इन का परिचयात्मक सपरिमाण विवरण निम्नाङ्कित है—

चित्रसूची –

पृष्ठ १ – चित्र संख्या १ परिमाण – २½″३ + ३″

परिचय – **मसनद के सहारे गद्दे पर बैठा हुआ मधुकुमार अपने सामने उपविष्ट मालतीको सुदर्शन सेठ के शीलव्रत का उपाख्यान सुना रहा है।**

पृष्ठ २ – चित्र सं० २ परिमाण – २½″३ + ३″

परिचय – **प्रोथानी (प्रोहितपत्नी कपिला) सेठ सुदर्शन को अपने जाल में फांसने का उपक्रम कर रही है। दोनों एक दूसरे के सामने खड़े हैं।**

पृष्ठ २ – चित्र सं० ३ परिमाण – २ १/३’३ + २ १/२’ ४ पोइन्ट

परिचय – सुदर्शन सेठ से उस की पत्नी रात में घर पर न आने का कारण पूछ रही है। पत्नी के शिर पर जल-घट रखा हुआ है।


पृष्ठ ३ – चित्र सं० ४ परिमाण – ३ १/२”१ + ४

परिचय – पनघट का दृश्य है – शिर पर जलकुम्भ उठाई हुई एक स्त्री अपने सामने स्थित साधुवेषधारी मनुष्य से बातें कर आश्चर्यचकित हो मुंहमें अंगुली दबाये खड़ी है और उस के पीछे एक स्त्री मुख मोड़े लजीली मुद्रा में खड़ी है।

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ५ परिमाण – २ १/२”४ + ४”


परिचय – रानी अपने दाहिनी ओर हाथ जोड़े बैठे हुए सुदर्शन सेठ से बातें कर रही है और रानी के पीछे एक राजकीय पुरुष बैठा है एवं उसके पीछे एक दासी गमनमुद्रा में खड़ी है।

★




प्रतिक्रमाङ्क–११५६४; चित्रसंख्या–४; सूचीपत्राङ्क–२४०

दो स्त्रियाँ पनघट पर अपूर्ववेषधारी मनुष्य से बात कर आश्चर्यान्वित हो रही हैं।


पो॥ वहोतबोधकीपोजरावाय
थाररसनकसनहीकोवकहा
नवाय॥५७४॥चोपई॥ बोरोस
वरानीसुनसो॥ सुसहानसुंस
कयन्यो॥ तवहीबाततरानीनक
हीतोमदनखननारकोनहो॥ ५
रानीबायका॥ तुहनारीगननको
थ॥ तोपपुरुसवस्यनहीहोय॥ ५
हवचनराणीकहया॥ कामनासु

प्रतिक्रमाङ्क–११५९४;   चित्रसंख्या–५;   सूचीपत्राङ्क–२४०

रानी अपने सम्मुख उपविष्ट सुदर्शन सेठ के शीलभङ्गार्थं प्रयास कर रही है।



प्रतिक्रमाङ्क–११५६५; चित्रसंख्या–१; सूचीपत्राङ्क–२४१

मालती गुरुगृह से जाते हुए मधु को रोक रही है।

१७. सचित्र मधु-मालती कथा। क्रमाङ्क – ११५९५

कर्त्ता – चतुर्भुजदास, लिपिसमय – १९ वीं शताब्दी (वि०)

आकार – पुस्तकाकार, माप (साइज) – (१) ७'४ + ११"

पृष्ठसंख्या – ४ (प्रकीर्ण) (२) ८"३ + ९'१ पो. (३) ६" + ९"

पुस्तकदशा – त्रुटित एवं जीर्ण है। (४) ७½, + १०½ २ पो.

टिप्पणी – उल्लेखनीय है कि जिस प्रति के ये प्रकीर्ण पत्र उपलब्ध हुए हैं, वह प्रति लिपिकार द्वारा महाजनी (चारणी) लिपि में लिखी गई थी और तद्गत प्रत्येक चित्र पर उसका परिचयात्मक शीर्षक भी अंकित किया गया था। जैसा कि दूसरे पत्र पर लिखित मधु-मालती-कथांश के ८२८ एवं ८२९ संख्या वाले पद्यों से तथा पद्यों के नीचे अङ्कित चित्र के ऊपरी भाग में लिखित 'प्रधान, राजा, खवास, दूत' शब्द से स्पष्ट ज्ञात होता है। इस दूसरे पत्र को छोड़कर सभी सचित्र पत्र दूसरे सफेद बड़े कागज में चिपके हुए हैं। संभव है इन पत्रों के पिछले हिस्से में भी कथांश विलिखित होगा। अस्तु।

इन ४ पत्रों पर अंकित ५ चित्र उपलब्ध हैं। इनका निर्माण विविध देशी रंगों से किया गया है। चित्रों के आकार एवं वेषभूषादि से ऐसा जान पड़ता है कि उक्त चित्र किसी ग्रामीण कलाकार की कृति हैं और इनके निर्माण में कलाकारने संभवतः सिरोही अथवा उसके आसपास की शैली अपनाई है। चित्रों की भूमि लाल अथवा मलिन काले रंग के बोर्डर से आबद्ध की गई है। चित्र स्थूलाकार, भावानुकूल एवं सुन्दर बने हुए हैं। इनका परिचयात्मक विवरण निम्नरूप में प्रस्तुत है–

चित्रसूची –

पृष्ठ १ – चित्र संख्या १ परिमाण – ४½"२ + ९"२ पोइन्ट

परिचय – **मालती गुरुगृह से जाते हुए मधु को उसके गले में हाथ डाल कर रोक रही है। चित्र के बांई ओर एक पृथक् गृह बना हुआ है। उस के द्वार की पैड़ी में अपने दो पैर रखे हुए एक काला कुत्ता खड़ा है।**

पृष्ठ २ – चित्र संख्या २ परिमाण – ५½"३ + ९

शीर्षक – प्रधान, राजा, खवास, दूत ।

पृष्ठ २ – चित्र सं० ३ परिमाण – ८"३ + ९"१ पो.

परिचय – मधुकुमार, मालती एवं जैतमालती के साथ खड़ा है और सामने आती हुई राज सेना को देख रहा है।

पृष्ठ ३ – चित्र सं० ४ परिमाण – ५"२ + ६½"४ पो.

परिचय – गद्दे पर आसीन मधु एवं मालती प्रणयलीला में निमग्न हैं और जैतमाल उन पर पंखा झल रही है।

पृष्ठ ४ – चित्र सं० ५ परिमाण – ५½" + ९"३ पो.

परिचय – राजा चंद्रसेन राज्य भार संभालने का आग्रह मधु से कर रहे हैं। मधु उनके सामने हाथ जोड़े बैठा है।

★



प्रतिक्रमाङ्क–११५६५; चित्रसंख्या–२; सूचीपत्राङ्क–२४२

प्रधान, राजा, खवास, दूत ।